कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
18 अगस्त, 2022

गुरुवार, वर्ष 07, अंक 298, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत 2079

पृष्ठ : 24, मूल्य : ₹3.00


**श्रद्धांजलि :** अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## पंचतत्व में विलीन हुए अमिताभ

- राजकीय सम्मान के साथ अमिताभ चौधरी का अंतिम संस्कार, पुत्र अभिषेक ने दी मुखाग्नि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व आइपीएस अधिकारी एवं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी का पार्थिव शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। अमिताभ चौधरी को हरमू रोड स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र अभिषेक चौधरी ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उपस्थित हुए। दिवंगत अभिताभ चौधरी को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गयी।



### कई हस्तियां हुईं शामिल

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) स्टेडियम में बुधवार को दिवंगत पूर्व आइपीएस अधिकारी सह पूर्व जेएससीए अध्यक्ष अमिताभ चौधरी को श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर भारतीय क्रिकेट से जुड़े शाहबाज नदीम, सौरभ तिवारी, ईशान जग्गी, विकास सिंह सहित कई क्रिकेटर शामिल थे। राजनीतिक, ब्यूरोक्रेट्स समेत तमाम क्षेत्रों की हस्तियों ने कहा कि अमिताभ चौधरी एक ऐसी असाधारण प्रतिभा का नाम था, जिन्होंने कई क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी को साबित किया। इसमें मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह, कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, रामटहल चौधरी, संजीव विजयवर्गीय, अजयनाथ शाहदेव, कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल, सचिव विनय चौबे शामिल थे।

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को हरमू रोड रांची स्थित मुक्तिधाम में पूर्व आइपीएस और झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। दिवंगत चौधरी को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गयी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोक संतप्त परिजनों को यह वियोग सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री दिवंगत चौधरी की पत्नी, पुत्र और पुत्री सहित अन्य परिजनों से मिले। मुख्यमंत्री ने उन्हें ढांढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत चौधरी के परिजनों और शुभचिंतकों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक विरंची नारायण सहित अन्य गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में अमिताभ चौधरी के शुभचिंतक उपस्थित थे।

विधायक कैश कांड

## कांग्रेस के तीन विधायकों को सशर्त जमानत मिली

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के तीन विधायकों इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को बीते 30 जुलाई को पश्चिम बंगाल की हावड़ा जिला की पुलिस ने कैश के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में जेल में बंद तीनों विधायक समेत पांच लोगों को कलकत्ता हाइकोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। अदालत ने यह शर्त रखी है कि तीनों विधायकों को पासपोर्ट जमा करना होगा। साथ ही तीन महीने तक कोलकाता में ही रहना होगा। बता दें कि गुप्त सूचना के आधार पर हावड़ा ग्रामीण पुलिस ने तीनों विधायकों को पांचला थाना क्षेत्र के रानीहाटी मोड़ के पास बीते 30 जुलाई को वाहन जांच के दौरान नकदी के साथ हिरासत में लिया था। नकदी इरफान की गाड़ी से मिली थी, जिसमें तीनों विधायक थे। इरफान अंसारी ने दावा किया था कि साड़ी खरीदने बड़ाबाजार आते हैं और उसी से जुड़ा यह पैसा है। भारी मात्रा में नकदी के साथ धरे गये कांग्रेस के तीनों विधायकों डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को 31 जुलाई को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उनके साथ रहे दो अन्य को भी गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। इधर, पार्टी ने तीनों विधायकों को निलंबित कर दिया था। इन तीनों के खिलाफ कांग्रेस के विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि इन्होंने हेमंत सोरेन सरकार को अस्थिर करने के लिए षडयंत्र रचा था।


SURJABASHA


## सीएम ने नहीं दिया नेतरहाट फायरिंग रेंज को अवधि विस्तार

### विरोध में 30 साल से आंदोलन कर रहे थे आदिवासी

- 1964 में शुरू हुआ था नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज



फाइल फोटो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के अवधि विस्तार के प्रस्ताव को विचाराधीन प्रतीत नहीं होने के बिंदु पर अनुमोदन दे दिया है। 1964 में शुरू हुए नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज का तत्कालीन बिहार सरकार द्वारा 1999 में अवधि विस्तार किया गया था। मुख्यमंत्री ने जनहित को ध्यान में रखते हुए नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को पुनः अधिसूचित नहीं करने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की है।

### राजस्व ग्रामों ने सौंपा था ज्ञापन

नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में लातेहार जिला के करीब 39 राजस्व ग्रामों द्वारा आम सभा के माध्यम से राज्यपाल, झारखंड सरकार को भी ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज से प्रभावित जनता द्वारा बताया गया था कि लातेहार व गुमला जिला पांचवी अनुसूची के अंतर्गत आता है। यहां पेसा एक्ट 1996 लागू है, जिसके तहत ग्राम सभा को संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। इसी के तहत नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के प्रभावित इलाके के ग्राम प्रधानों ने प्रभावित जनता की मांग पर ग्राम सभा का आयोजन कर नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के लिए गांव की सीमा के अंदर की जमीन सेना के फायरिंग अभ्यास के लिए उपलब्ध नहीं कराने का निर्णय लिया था। साथ ही नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना को आगे और विस्तार न कर विधिवत अधिसूचना प्रकाशित कर परियोजना को रद्द करने का अनुरोध किया था।

### ग्रामीण 30 वर्ष से कर रहे थे विरोध

नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज से प्रभावित जनता द्वारा पिछले लगभग 30 वर्षों से लगातार नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना को रद्द करने हेतु विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। वर्तमान में भी प्रत्येक वर्ष की भांति नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में 22-23 मार्च को विरोध प्रदर्शन किया गया था।


## मुख्यमंत्री से जुड़े खनन लीज और शेल मामले में हाइकोर्ट की कार्रवाई पर रोक

- सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी पर फैसला सुरक्षित रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े खनन लीज पट्टा और शेल कंपनी से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट की कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने एसएलपी पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। पिछली सुनवाई के दौरान पीआइएल के प्रार्थी ने डिस्चार्ज याचिका दाखिल कर अदालत को बताया गया कि उनके वकील पुलिस हिरासत में हैं। इसके बाद अदालत ने मौखिक रूप से इस मामले से जुड़े सभी पक्षों को




स्टेटस को (यथास्थिति) बनाये रखने का निर्देश दिया था। इससे झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली थी। बता दें कि पूर्व में 12 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए सरकार को इससे संबंधित जनहित याचिका से जुड़े सभी दस्तावेज और इडी और सीबीआइ को भी इस मामले से जुड़े दस्तावेजों को पेश करने का निर्देश दिया है। झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सरकार की ओर से दायर एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही है। बता दें कि झारखंड हाइकोर्ट ने इस मामले में जुड़ी दोनों याचिकाओं को वैध करार दिया था और सुनवाई के लिए इसे स्वीकार किया था। इसे राज्य सरकार और हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी है।










# महंगाई को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल आंदोलन की रूपरेखा तैयार

**17 से 23 अगस्त तक प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में चलेगा महंगाई के विरोध में आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस लगातार आंदोलन कर रही है। इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने फिर से आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली है। प्रदेश कांग्रेस 17 से 23 अगस्त तक प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में महंगाई के विरोध में आंदोलन चलायेगी। उक्त बातें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। श्री ठाकुर ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी उज्ज्वला योजना को लेकर भी जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आपने तो उज्ज्वला योजना ला दी और गैस चूल्हा भी दे दिया, लेकिन इतनी महंगाई में सिलेंडर कैसे भरायें। देश की माताएं आपसे पूछ रही हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा की विफल आर्थिक नीतियों के कारण देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी आगामी 28 अगस्त को नयी दिल्ली के रामलीला मैदान में एक महंगाई विरोधी कार्यक्रम करने जा रही है, इसमें झारखंड कांग्रेस के नेता भी सक्रियता से भाग लेंगे। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि 2021-22 में देश का कुल कर संग्रह भी 34 फीसदी बढ़ कर 27.07 लाख करोड़ हो गया, जो बजट में लगाये गये 22.17 लाख करोड़ के अनुमान से 5 लाख करोड़ ज्यादा है। श्री आलम ने कहा कि एक तरफ जनता से भरपूर टैक्स वसूला जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ लोगों को मिलने वाली सुविधाएं खत्म की जा रही हैं। राजेश ठाकुर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि इस माह के अंत तक प्रदेश कांग्रेस की नयी कमेटी का गठन कर लिया जायेगा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, रविन्द्र सिंह, शमशेर आलम, अमुल्य नीरज खलखो मौजूद थे।

# अधिवक्ता राजीव कुमार के परिजन की याचिका खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के वकील राजीव कुमार के परिजनों को झारखंड हाइकोर्ट से राहत नहीं मिली है। बुधवार को चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने अधिवक्ता को अदालत में पेश करने के लिए दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी ह।यह याचिका राजीव कुमार के पिता सत्यदेव राय ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि उनके बेटे राजीव कुमार को कोलकाता से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह एक मॉल में शॉपिंग कर रहे थे। पुलिसय परिजनों को भी उनसे मिलने नहीं दे रही है और किस स्थान पर उन्हें रखा गया है, इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि अब अधिवक्ता न्यायिक हिरासत में हैं और इडी ने भी नया केस दर्ज कर लिया है। ऐसे में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए उक्त याचिका खारिज की जाती है।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
माँ छिन्नमस्तिका सीमेंट व इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, हेहल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार
सहायक अध्यापक,मध्य विद्यालय हेहल, सह युवा समाजसेवी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामबिलास पासवान अमर रहे
पशुपति कु. पारस जिंदाबाद प्रिंस राज पासवान जिंदाबाद
रंजीत राम
प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ , राष्ट्रीय लोजपा झारखंड प्रदेश

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज महतो — उपाध्यक्ष, नगर परिषद रामगढ़
युगेश बेदिया — अध्यक्ष, नगर परिषद रामगढ़


# 21 अगस्त को रांची आयेंगे सुधांशु त्रिवेदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी 21 अगस्त को रांची आयेंगे। वह यहां अलकापुरी स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल में भारत यथार्थ कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी शिशिर ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कश्मीर विस्थापित न्याय एवं विस्थापित अभियान का संपन्न समारोह होगा। कार्यक्रम के पहले चरण में झारखंड के प्रबुद्धजनों के बीच हस्ताक्षर अभियान गणेश मिश्रा के नेतृत्व चलाया गया है। अभियान के समर्थन में झारखंड से पांच लाख हस्ताक्षर एकत्रित किये गये हैं। अब यह प्रतिवेदन राष्ट्रपति को दिया जायेगा ।कार्यक्रम में दूसरे वक्ता रविराज सिंह हैं, जो वेदांत दर्शन के ज्ञाता भी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अयोध्या नाथ मिश्रा करेंगे। स्वागत समिति के अध्यक्ष रांची के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सीताराम पाठक, अरुण कुमार झा, प्रमोद पांडेय, हृदयानंद उपाध्याय, अजित दुबे, अरुण पांडेय, ललित ओझा, विकास कुमार सिंह और मुकेश सिंह एक टीम बनाकर काम कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भाजपाइयों के साथ पी चाय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में खराब चिकित्सा व्यवस्था को रातोंरात सुधारा नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार लोगों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने चक्रधरपुर में ये बातें कहीं। वह चाईबासा में एक मामले में कोर्ट की सुनवाई में गये थे, जहां उन्हें एक पुराने मामले में कोर्ट ने बरी कर दिया। कोर्ट की सुनवाई के बाद वह चक्रधरपुर होते हुए रांची जा रहे थे। इसी क्रम में चक्रधरपुर में पवन चौक पर भाजपा नेताओं के साथ चाय पी।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनिया,राहुल जिंदाबाद योगेंद्र, निर्मला जिंदाबाद
अम्बा प्रसाद
विधायक, बड़कागांव
निवेदक-कृष्णा सिंह, मो हसीब,राजेश बेदिया, उषा देवी, बाबू,सफाकत, जगत महतो सहित बरकाकाना क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामेश्वर सिंह फौजी
केन्द्रीय महामंत्री, कोलियरी मजदूर कांग्रेस
निवेदक : छोटेलाल करमाली, रणजीत सिंह, संजोग कुमार

महुआडांड़ और लातेहार वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — डा. संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य, आवासीय विद्यालय नेतरहाट।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — मो. इफ्तेखार अहमद, कांग्रेस नेता, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — मो. शैफ, कलस्टर मैनेजर झारक्राफ्ट, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — नीत निखिल सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — अमरेन डांग, बीडीओ, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — प्रवीण नगेशिया, प्राचार्य, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — बिहारी लाल जायसवाल, समाजसेवी, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — भुवनेश्वर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता, महुआडांड़, लातेहार।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — आशुतोष यादव, थाना प्रभारी, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — राजेश कुजूर, एसडीपीओ, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — मो. इमरान खान, प्रो. महुआ भारत गैस महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — मो. मजहर खान, प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष, महुआडांड़ लातेहार।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — सेवा सदन हॉस्पीटल, महुआडांड़ लातेहार।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — संजय कुमार, जेई, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — दिलीप कुमार पाल, सहायक अभियंता, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — डा. एम के. जोस, प्राचार्य, संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — आमीर सुहैल, युवा कांग्रेस नेता,महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — मो. असीम जफर, समाजसेवी महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — कंचन कुजूर, प्रखंड प्रमुख, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — अभय मिंज, 20 सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख, प्रखंड महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — डा. अमित खलखो, प्रभारी, चिकित्सा पदाधिकारी महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — दीपेंद्र नाथ शाह, प्रखंड भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — इको विकास समिति, लोध महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — अमरदीप कुमार साहू, निदेशक, आस्था नर्सिंग होम, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — डा. असगर हुसैन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, गेटवेल हॉस्पीटल, ब्लॉक रोड, डीपाटोली, महुआडांड़।
देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई — मोरल ग्रुप ऑफ कंपनी, महुआडांड़ लातेहार। (मोरल जगाना है, भारत बनाना है।)

## तैयारी : कृष्ण उत्सव के लिए किया गया भूमि पूजन

# अल्बर्ट एक्का चौक में 19 और 20 को कृष्ण उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति रांची के सानिध्य में अल्बर्ट एक्का चौक मेन रोड में 19 व 20 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। बुधवार को मेन रोड स्थित उत्सव स्थल पर कृष्ण जन्माष्टमी के लिए बन रहे नाट्य व झांकी प्रतियोगिता मंच को बनाने के पूर्व भूमि पूजन का कार्य समिति के संरक्षक संजय सेठ, अजय मारू, मुकेश काबरा, जवाहर तनेजा सहित कई पदाधिकारियों ने संपन्न कराया। इस अवसर पर रांची की जनता को 19 और 20 तारीख के जन्माष्टमी महोत्सव के आमंत्रण के लिए प्रचार वाहन को भी सांसद संजय सेठ ने रवाना किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक संजय सेठ, अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा, महासचिव जवाहर तनेजा, सचिव रमेंद्र कुमार, कुणाल आजमानी, संजय जयसवाल, रवींद्र मोदी, राम बांगड़, मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, राज वर्मा, सतीश सिन्हा, ललन श्रीवास्तव,



**संरक्षक संजय सेठ, अजय मारू और मुकेश काबरा ने प्रचार वाहन को किया रवाना**

भीष्म सिंह, मनोज तिवारी, नीरज चौधरी, प्रवीण कुमार, कवलजीत सिंह संटी, राजीव वर्मा, अजय वर्मा, सतीश सिंह, पूनम आनंद, राजेंद्र केडिया, विजय ओझा, संतोष सेठ, रामा शंकर बगड़िया, रवि मुंडा, बिपिन वर्मा, नीरज कुमार, राजीव सहाय, रवि सिंह, आनद श्रीवास्तव, अशोक पुरोहित, संदीप मुखर्जी, जुगल दरगढ़, मुंकेश मुक्ता, आनद श्रीवास्तव, नंद किशोर चंदेल सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूदर रहे।

# हाइकोर्ट के फैसले से लोहरा जनजाति प्रभावित न हो यह सुनिश्चित करे सरकार : देवकुमार धान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में लोहार जाति को पिछड़ी जाति माना है। इसका हम स्वागत करते हैं, परंतु झारखंड में निवास करने वाली लोहरा जाति आदिवासी है तथा वे अन्य राज्य में निवास करने वाले लोहरा जाति से बिल्कुल अलग है। झारखंड में अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड की लोहरा जाति



आदिवासी समुदाय का अभिन्न अंग है। 1932-35 के सर्वे खतियान में लिपिकीय त्रुटि के कारण उनकी जाति लोहरा की जगह लोहार दर्ज हो गयी है। डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान मोरहाबादी रांची के द्वारा पिछड़ी जाति के लोहार और अनुसूचित जनजाति के लोहरा समुदाय का तुलनात्मक अध्ययन के उपरांत 2002 को जांच प्रतिवेदन झारखंड सरकार को सौंपा गया है, जिसके आलोक में कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा पत्रांक संख्या 07/जाति 019-08/04, 355 दिनांक 19-01-2006 को आदेश जारी किया गया है। इसमें लोहार पिछड़ी जाति और लोहरा अनुसूचित जनजाति के अंतर को दर्शाया गया है।







# सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच सीआइडी को

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र स्थित गुदामडीपा में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) करेगी। इस मामले की जांच के लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सीआइडी को पत्र लिखा है। साथ ही पुलिस मुख्यालय ने जांच रिपोर्ट भी मांगी है। हालांकि, पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मुख्यालय ने जिला स्तर से जांच करायी थी। जिले से मिली जांच रिपोर्ट में थाना प्रभारी को क्लीन चिट दे दी गयी है। इसके बाद मामले की जांच के लिए सीआइडी को कहा गया है। बता दें कि 21 दिसंबर, 2021 को पांच आरोपितों ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। चक्रधरपुर थाना में पॉक्सो एक्ट सहित आइपीसी की अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मामले में लक्ष्मण महली, राकेश महली, हरिश महली, विदेन महली और दीपक हांसदा को आरोपित बनाया गया था।

## जज उत्तम आनंद हत्याकांड : हाइकोर्ट ने कहा-

# सीबीआइ ने जिस स्टेज पर केस टेकअप किया था, उससे आगे नहीं बढ़ पायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामले में सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने इस केस की जांच कर रही सीबीआइ के जांच अधिकारी पर कड़ी नाराजगी जतायी है। अदालत ने कहा कि इस मामले में अभियुक्तों को सजा हो चुकी है। ट्रायल खत्म हो गया है, तो फिर सीबीआइ कैसे आगे की जांच जारी रख सकती है। क्या सीबीआइ की ओर से निचली अदालत से जांच जारी रखने के लिए छूट ली गयी है। अदालत ने इस मामले में सीबीआइ से पूछा है कि वह अब आगे किस प्रावधान के तहत जांच करेगी। अदालत ने कहा कि इस केस को जिस स्टेज पर सीबीआइ ने अपने हाथों में लिया था, अभी भी उसी स्टेज पर है। सीबीआइ अभी तक षड्यंत्र का खुलासा नहीं कर पायी है। मामले में अगली सुनवाई अब 31 अगस्त को होगी।









## महत्वपूर्ण न्यूज

### केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान में मना स्वतंत्रता दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान रांची ने धूम धाम से 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूवात ध्वजारोहण और कर्मचारी , मरीज और प्रशिक्षु के सांस्कृतिक प्रस्तुति के द्वारा की गयी। संस्थान के निदेशक डॉ बासुदेव दास ने आजादी के गौरवमय इतिहास के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया की इस स्वतंत्रता दिवस के साथ ही भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। जिसके बाद डॉ बासुदेव दास ने संस्थान की प्रगति, विशेषता, नया ओपीडी, प्रशिक्षुक सीटों में बढ़ोतरी, समुदायिक क्लिनिक, टेली-परामर्श , आधुनिक मशीनों का चिकित्सा में उपयोग के बारे में बताया। डॉक्टर दास ने बताया कि मैन पावर की कमी है लेकिन कुछ की भर्ती कर ली गयी है और कुछ की भर्ती प्रक्रिया में है जो संस्थान के प्रगति में सहायक होगी। इस कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभाग के प्राचार्य, अधिकारी, कर्मचारी, प्रशिक्षु और मरीज शामिल हुए।

### सीएमपीडीआइ की ऊर्जा क्षेत्र और कोयला क्षेत्र में प्रमुख दावेदारी : मनोज कुमार



रांची (आजाद सिपाही)। देश में कोयला उद्योग की ऊर्जा क्षेत्र में और कोल इंडिया की कोयला क्षेत्र में प्रमुख दावेदारी है। कोल इंडिया ने वर्ष 2021-22 में 670 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य की तुलना में 622 मिलियन टन उत्पादन किया है। जो कोरोना महामारी द्वारा उत्पन्न चुनौतियां के मद्देनजर एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 2022-23 में कोयला उत्पादन लक्ष्य 700 मिलयन टन है जिसको हासिल करने के लिए सभी सहायक कम्पनियां प्रयासरत है। उक्त बातें सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कहीं। 15 अगस्त को वे रांची मुख्यालय में झंडा फहराने के बाद बोल रहे थे। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक तकनीकी,आरडीएंडटी आर एन झा, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी/ईएस) एस के गोमास्ता, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार ए के राणा समेत मुख्यालय तथा क्षेत्रीय संस्थान-3 के क्षेत्रीय निदेशक, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, जेसीसी सदस्य/श्रमिक प्रतिनिधिगण, अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### अंजुमन चुनाव : नामांकन की आखिरी तारीख आज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के कडरू स्थित कार्यालय में गुरुवार को अंजुमन इस्लामिया चुनाव में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। शुक्रवार को दाखिल किये गये पर्चे की स्क्रूटनी की जायेगी। सीईओ जियाउल अंसारी ने बताया कि बुधवार को कुल 27 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इसमें अध्यक्ष पद पर इबरार अहमद ने नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा नायब सदर पद पर तीन, महासचिव के पद पर दो और मजलिस ए आमला पद के लिए 21 प्रत्याशियों ने पर्चा जमा किया है। इस हिसाब से मजलिस-ए-आमला में अब तक 40, सदर में एक, नायब सदर में तीन, महासचिव में तीन और ज्वाइंट सेक्रेटरी पद पर कुल एक प्रत्याशी ने नामांकन भरा है। बता दें कि अंजुमन इस्लामिया का चुनाव 29 अगस्त को होगा।

# क्यों नहीं नगर निगम की कार्यशैली की स्वतंत्र एजेंसी से जांच करायी जाये : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने नक्शा स्वीकृत करने के लिए बनाये गये नियम और रांची नगर निगम की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए मौखिक रूप से कहा कि क्यों नहीं नगर निगम की कार्यशैली की किसी स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच करायी जाये।

गिफ्ट डीड की जमीन का अधिग्रहण किया जाना चाहिए, गिफ्ट की जमीन किसी से जबरदस्ती नहीं ली जा सकती। इसके लिए नियम बनाना चाहिए। बुधवार को जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की अदालत ने नक्शा स्वीकृति से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश भी दिया।

राधिका शाहदेव एवं लाल चिंतामणि शाहदेव की हस्तक्षेप याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने रांची नगर निगम के आयुक्त शशि रंजन से पूछा कि क्या उन्होंने इस मामले में कोर्ट के आदेश का अध्ययन किया है। अगर किया है तो अब तक कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया। नगर आयुक्त ने कोर्ट को बताया कि गिफ्ट डीड की जमीन नगर निगम के नाम पर म्यूटेशन करने के बाद ही भवन निर्माण शुरू करने से संबंधित उन्होंने कोई आदेश पारित नहीं किया है। इसे लेकर उनकी अध्यक्षता में कोई बैठक भी नहीं हुई है। नगर विकास विभाग के माध्यम से निर्णय लिया जा रहा है। नगर आयुक्त ने कोर्ट को बताया कि वह जल्द से जल्द लंबित नक्शे को स्वीकृत कर देंगे, जिससे आमजनों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बता दें कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से यह जानना चाहा था कि गिफ्ट डीड बिल्डर या आम व्यक्ति से कैसे सरकार के पक्ष में लिया जाता है।

## दैनिक जीवन में तनाव प्रबंधन पर परिचर्चा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दैनिक जीवन में तनाव प्रबंधन पर परिचर्चा का आयोजन मंगलवार को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकर् में किया गया। इस परिचर्चा मुख्य वक्ता ज्ञान वत्सल स्वामी थे। उन्होंने कहा कि आज के जीवन में ज्यादातर इंसान तनाव भरी जिंदगी जी रहे हैं। इसके बहुत कारण हो सकते हैं। इससे बचने के लिए हमें कार्यों में सकारात्मकता लानी होगी। हमें अपने मन को स्थिर से रखना होगा। हम जो भी कार्य करें, उसके प्रति आशावादी व सकारात्मक रहे। जब भी हम इससे दूर होंगे, तनाव में स्वतः आ जाएंगे। कोई भी मनुष्य सर्वश्रेष्ठ नहीं हो सकता। सभी में कोई ना कोई कमी अवश्य है। हमें इसे स्वीकारना होगा और आत्ममंथन कर इसे ढूंढना है और सुधारना है। उन्होंने कहा कि अगर हमें अपने कार्य करने में दूसरों की मदद या सहायता नहीं भी मिलती है, तो चिंतित होने के बजाय ईश्वर का नाम लेकर अपना काम करना है। आपकी राह में कितनी भी मुश्किलें आए, घबराए नहीं। हर गहरी अंधेरी रात के बाद चमकता सूर्य सुबह लेकर ही आता है। स्वामी जी ने नेलसन मंडेला और प्रमुख स्वामी की जीवन शैली के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए तनाव मुक्ति के सरल उपाय बताएं। उन्होंने प्रमुख स्वामी जन्मशताब्दी समारोह की भी चर्चा की। यह अहमदाबाद में आगामी 13 दिसंबर, 2022 से 13 जनवरी, 2023 तक होगा। उन्होंने विस्तार से इसकी जानकारी दी और रांचीवासियों के इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम में स्वागत आनंद मानेक और धन्यवाद विनायक मेहता ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में चंद्रकांत रायपत, प्रकाश कमलिया, आलोक रावल एवं अन्य का योगदान रहा। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता के साथ अन्य संतों में पूर्ण वत्सल दास, नित्य प्रकाश दास, निर्मल सेवादास, अक्षर नंदन दास और अमर निलय दास थे।

### कुलपति ने फहराया तिरंगा

रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के 75वें वर्षगाठ के शुभ अवसर पर विष्वविद्यालय के कुलपति- प्रो (डॉ) एस पी अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। सर्वप्रथम विष्वविद्यालय के कुलपति, प्रो.(डा.) एसपी. अग्रवाल को विष्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट, सुरक्षा गार्ड एवं साईं नाथ विश्वविद्यालय के पुलिस पिकेट- झारखण्ड सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा परेड की सलामी ली।

### सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। स्नातकोत्तर कुंड़ुख विभाग रांची विश्वविद्यालय रांची में सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति की बैठक संघ के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति के तत्वधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 सितंबर 2022 को दीक्षांत मंडप परिसर में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में एकल गीत और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत की जायेगी। साथ ही संघ द्वारा प्रकाशित सरना फूल पत्रिका का लोकार्पण किया जायेगा। रचनाकार सरना फूल पत्रिका में प्रकाशनार्थ रचना 25 सितंबर 2022 तक भेजने या 7667344420 ,91621 04950 मोबाइल नंबर पर भी संपर्क करेंगे। बैठक में प्रो. बिरेंद्र उरांव, जोहे भगत, धीरज उरांव, डॉ. बंदे खलखो, कृष्णा उरांव , सुखराम उरांव , फेकूवा उरांव,असरिता कच्छप, पुष्पा किस्पोट्टा मुख्य रूप से उपस्थित थे।













# आजादी के अमृत महोत्सव पर एसबीयू में फहरा तिरंगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजादी के अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने ध्वजारोहण किया। विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मियों द्वारा मार्च पास करते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।ध्वजारोहण के पश्चात विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर नीलिमा पाठक, कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डॉ सुबानी बाड़ा, श्री हरी बाबू शुक्ला, श्री नरहरी दास, श्री अजय कुमार, श्री प्रवीण कुमार, श्री आशुतोष द्विवेदी सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने राष्ट्रगान गाते हुए झंडे को सलामी दी। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने आजादी का अमृत महोत्सव तथा स्वतंत्रता दिवस की प्रासंगिकता पर अपना विचार रखते हुए कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हर नागरिक को अपने पूर्वजों और अमर बलिदानियों के कार्यो को याद करते हुए उसे अक्षुण्ण बनाएं रखना होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का मतलब स्वच्छंदता कदापि नहीं हो सकता। स्वतंत्रता सदैव अनुशासन से बंधा होता है। हमारे दैनिक व्यवहार व दिनचर्या में आत्मानुशासन का होना नितांत आवश्यक है। भारतीय शिक्षा में भारतीयता के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किए जाना सराहनीय है। उन्होंने शिक्षकों को परंपरागत शिक्षण से हटकर नए तरीके से रिसर्च मानसिकता को विकसित करने की सलाह देते हुए कक्षा शिक्षण में प्रायोगिक तरीके से शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में अमृत एवं अमरत्व का विशेष महत्व है। पूरा देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर अमृत महोत्सव का जश्न मना रहा है। हजारों वर्षों के गुलामी के बाद मिली भारत की आजादी हजारों लोगों के त्याग एवं बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अमर क्रांतिकारियों का जीवन चरित्र अमृत बन हमारी अमर संस्कृति का वाहक बनी रहेंगी। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि रांची विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग एंड फैशन आर्ट की डायरेक्टर डॉ नीलिमा पाठक ने स्वतंत्रता और स्वच्छंदता के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि आजादी का मतलब स्वच्छंदता कदापि नहीं हो सकता। समाज राष्ट्र को गति देते हुए आगे ले जाने के लिए हमें आपसी मतभेदों को भूलकर परस्पर समरस होना होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि भारत प्राचीन काल से वैभव संपन्न रहा है। हम वाणिज्य, ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में विश्व में सबसे आगे थे। हमारी अर्थव्यवस्था समृद्ध थी।

# मरीजों की बेहतर सेवा के संकल्प के साथ क्यूरेस्टा हॉस्पिटलस में किया गया झंडोत्तोलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के संकल्प के साथ क्युरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटलस ने आजादी के अमृतमहोत्सव, स्वतंत्रता के 75वी वर्षगांठ पर अपने तिरंगे को सम्मान देते हुऐ क्यूरेस्टा ग्लोबल एसीएमएस इरबा में 105 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फराया। इससे पहले दी क्यूरेस्टा हॉस्पिटल दीपाटोली में भी झंडोतोलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन अविनाश कुमार, वाइस चेयरमैन और मेडिकल डायरेक्टर डॉ घनश्याम सिंह, डायरेक्टर सावन सिवेश सहित उपस्थित डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ सलाहकार मंसूर अहमद अंसारी ने अस्पताल के डॉक्टर्स और मेडिकल स्टॉफ को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर मरीजों की सेवा के लिए अस्पताल द्वारा एक महीने का निःशुल्क परामर्श शिविर चलाया जा रहा है जिसका अब तक 100 से ज्यादा मरीज लाभ उठा चुके हैं यह निःशुल्क शिविर 31 अगस्त तक चलेगा।

## टेंडर हार्ट विद्यालय रांची में 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट विद्यालय रांची में 76वा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी ने विद्यालय परिसर में झंडोतोलन किया और इसके बाद विद्यालय के एनसीसी यूनिट के द्वारा मार्च पास्ट कर तिरंगे को सलामी दी गयी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आजादी के अमृत महोत्सव थीम पर अनेक प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी अतिथियो, अभिवावकों और शिक्षको को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। विद्यालय के एनसीसी यूनिट के द्वारा सभी शहीद सेनानियों को अपने प्रस्तुतियों से अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी ने अपने संबोधन में सभी स्वतंत्रता सेनानियों के शहादत को याद किया तथा उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को निदेशक के द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के उपनिदेशक वेदान्त तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित सभी अभिवावकों शिक्षको और अन्य सभी लोगो का धन्यवाद दिया।

## वीएमआइटी पॉलिटेक्निक में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)।तुपुदाना स्थित वी एम आई टी पॉलिटेक्निक में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य ने तिरंगा झंडा फहराया तथा विद्याथीर्यों और उपस्थित सभी शिक्षकगण को संबोधित कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकायें, विद्यार्थी, कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## जेएसएससी रूल्स संशोधन पर अगली सुनवाई 23 अगस्त को

**रांची।** जेएसएससी रूल्स और नियोजन नीति में संशोधन को चुनौती देनेवाली याचिका पर बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट से यह आग्रह किया कि इस मामले की सुनवाई अगले माह तय की जाये, जबकि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट से गुहार लगाते हुए यह आग्रह किया कि इस याचिका पर जल्द सुनवाई की जाये। क्योंकि झारखंड में निकलने वाली कई नियुक्तियों के विज्ञापन पर इस नियमावली का असर पड़ रहा है। इसके बाद अदालत ने रमेश हांसदा की याचिका पर सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने अदालत में पक्ष रखा। रमेश हांसदा एवं अन्य ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें राज्य सरकार द्वारा जेएसएससी नियमावली में किये गये संशोधन को गलत बताया गया है, साथ ही इसे निरस्त करने की मांग अदालत से की गयी है।

## पारस एचइसी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। पारस एचइसी अस्पताल रांची में सोमवार को देश का 76वां स्वतंत्रता दिवस धूम-धाम से मनाया गया। मौके पर मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार ने झंडा फहराया, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया और भारत के जयघोष के नारे लगे। इस मौके पर डॉ संजय कुमार ने समस्त पारस एचईसी परिवार के साथ देशभर के लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश आज अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे कर चुका है। ऐसे में हमें उन कुर्बानियों को याद करना चाहिए। जिनकी बदौलत यह आजदी हमें मिली है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने नेशन फर्स्ट का नारा दिया है, ऐसे ही हम अपने अस्पताल में पेशेंट फर्स्ट का नारा देते हैं। पेशेंट को अपनी प्राथमिकता पर रखकर ही हम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर कर सकते हैं। डॉ संजय कुमार ने सेल्फ डिस्प्लीन और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर डॉ संजय कुमार और डॉ नितेश कुमार ने अस्पताल के वैसे कर्मियों को सम्मानित भी किया, जो अपनी जिम्मेवारी की निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करते हैं। मैके पर डॉ मेजर रमेश दास, दिवाकर सहित अस्पताल के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।वहीं झंडोत्तोलन के बाद मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार और फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार ने वार्डो में जाकर मरीजों के बीच फलों की टोकरी बांटी। इस दौरान दोनों ने मरीजों से उनका हाल पूछा और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मरीजों ने हर्ष के साथ डॉक्टरों का धन्यवाद दिया।

## झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड में झंडोत्तोलन



रांची (आजाद सिपाही)।आजादी का अमृत महोत्सव ( 75वीं वर्षगांठ) पर 15 अगस्त 2022 के अवसर पर अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक और अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के द्वारा झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड में झंडोत्तोलन समारोह संपन्न किया गया।

## कार्यपालक अभियंता -सह- सदस्य सचिव का कार्यालय

**Annexure-1**

(All page to be stamped and initial last page to be signed in FULL with stamp)

Payment Advice No.: C062241803752

| Sr. No | Name of Beneficiary | PFMS Txn ID | Account Number: | IFSC/IIN/MICR | Aadhaar | Amount (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVIC CONSULTANT PRIVATE LIMITED | C062241803719 | xxxxxxxxxxxx0598 | ICIC0001152 | | 5000.00 |
| 2 | DAINIK BHASKAR UNIT OF DB CROP LTD ADVERTISEMENT ACCOUNT | C062241803724 | xxxxxxxxxxxxx0028 | IBKL0001101 | | 7994.00 |
| 3 | JNANAMANDAL LTD | C062241803723 | xxxxxxxxxxxx0163 | UBIN0553051 | | 4000.00 |
| 4 | LANDSCAPE MEDIA P LTD | C062241803725 | xxxxxxxxxxxx0514 | BKID0004993 | | 9000.00 |
| 5 | MS SANMARG JHARKHAND MEDIA PRIVATE LIMITED | C062241803718 | Xxxxxxxxxxxx5718 | SBIN0016001 | | 4000.00 |
| 6 | RASHTRIYA NAVIN MAIL R RASHTRIYA NAVIN MAIL | C062241803722 | xxxxxxxxxxxx2411 | PUNB0010700 | | 4000.00 |
| 7 | SAHARA INDIA MASS COMMUNICATION | C062241803721 | xxxxxxxxxxxx0422 | HDFC0000186 | | 7994.00 |
| 8 | VRINDA MEDIA PUBLICATION P LTD | C062241803720 | xxxxxxxxxxxx0141 | BKID0004994 | | 4000.00 |
| | | | | | Total Amount (Rs) | 45988.00 |

case acknowledge and do the reedful as prescribed by bank to complete transactions.












## पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन ने किये भोजन के पैकेट और उपहार वितरित किये



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की ओर से स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में ईस्ट कोस्ट रेलवे सेंट्रल अस्पताल में मरीजों और नवजात शिशुओं को भोजन के पैकेट और उपहार वितरित किये। इससे पूर्व श्रीवास्तव ने रेल विहार में संगठन द्वारा संचालित फुलवारी स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन महासचिव श्रीमती मनमिता मंडल ने किया।

## जिंदल स्टील एंड पावर ने मनाया 76वां स्वतंत्रता दिवस



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने ओपी. जिंदल नगर टाउनशिप जिंदल स्कूल परिसर में 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। अगुल जेसपी स्टील के बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) दिनेश कुमार सरोगि और कार्यकारणी निदेशक दामोदर मित्तल की उपस्थिति में तिरंगा फहराया गया। जेएसपी के कर्मचारी अपने परिवार के सदस्यों के साथ स्थानीय गांवों के लोग ने भी सामिल हुए थे। इस अवसर पर सरोगि ने जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल जिसमें श्री जिंदल ने ध्वज संहिता में हाल के संशोधनों के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। श्री सरोगी ने यह भी बताया कि जेएसपी की अंगुल इकाई अच्छी गति से आगे बढ़ रही है और 2030 तक 27 एमटीपीए के लिए दुनिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट बन जायेगा।

## एनटीपीसी तालचेर कनिहा ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के साथ स्वतंत्रता का 76वां वर्ष मनाया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी तालचेर कनिहा ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के साथ स्वतंत्रता का 76वां वर्ष मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केएस सुंदरम महाप्रबंधक एनटीपीसी तालचेर कनिहा ने राष्ट्रगान के बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया। डॉ बीआर अंबेडकर स्टेडियम में सभा को संबोधित करते हुए श्री सुंदरम ने हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किये गये बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनके गौरवशाली योगदान को याद किया।

## भारत का 76वां स्वाधीनता दिवस: देश की प्रगति के लिए वेदांता ने लिये 'पांच प्रण'

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** 76 वें स्वाधीनता दिवस पर देष के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने 'पांच प्रण' के सिद्धांतों का पूरे गर्व से अनुपालन के प्रति कटिबद्धता जतायी। ओडीषा और छत्तीसगढ़ में अपने प्रचालनों में वेदांता एल्यूमिनियम ने ध्वजारोहण कार्यक्रम और आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों, व्यवसाय के साझेदारों, उनके परिवारजनों और बड़ी संख्या में विभिन्न समुदायों के नागरिकों ने उल्लासपूर्ण महोत्सव में भागीदारी की। वेदांता एल्यूमिनियम अपने स्थापना काल से ही देष की उत्तरोत्तर प्रगति में महत्वपूर्ण भागीदारी कर रहा है। विष्वस्तरीय गुणवत्तापूर्ण एल्यूमिनियम उत्पादन के क्षेत्र में समूह ने देष को अंतराष्ट्रीय पहचान दिलायी है। आने वाले दषकों में एल्यूमिनियम दुनिया की सबसे अधिक खपत होने वाली धातुओं में शामिल होगी। इसके साथ ही यह उद्योग कार्बन उत्सर्जन को निरंतर कम किये जाने की दिषा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक के तौर पर वेदांता एल्यूमिनियम वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे हाई-टेक क्षेत्रों के साथ हीऑटोमोबाइल, विनिर्माण, विद्युत, विभिन्न उपभोक्ता सामग्रियों, पैकेजिंग आदि उद्योगों की प्रगति में योगदान दे रहा है साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों में इसकी गहरी पैठ है।

## संबलपुर मंडल मे 76वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेडियम, संबलपुर में 76वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। जहां मंडल रेल प्रबंधक, प्रदीप कुमार, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया और रेलवे सुरक्षा बल से औपचारिक सलामी ली कसभा को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, प्रदीप कुमार ने कहा कि यह दिन हमारे लिए एक यादगार दिन है, जब हमारे देश को सदियों के विदेशी शासन के बंधन से आजादी मिली थी, आइए हम सभी उन महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं जिन्होंने इस स्वतंत्रता को पाने के लिए अपना बलिदान दिया है। श्री कुमार ने संबलपुर मंडल के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला और वर्ष 2021-22 के लिए पूर्व तट रेलवे की 04 दक्षता शील्ड जीतने के लिए संबलपुर रेलवे मंडल की टीम को बधाई दी । हम ₹आजादी का अमृत महोत्सव₹ के तत्वावधान में भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जिसका अर्थ है स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा का अमृत । राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर होने के नाते संरक्षा हमेशा से ही भारतीय रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इस संबंध मे सम्बलपुर मंडल द्वारा प्रभावकारी कदम उठाये गये हैं जिससे संरक्षा स्तर मे सुधार हुआ है। अप्रैल 2022 से जुलाई 2022 तक की अवधि के लिए 5.28 मिलियन टन का माल लदान हासिल किया गया , जो पिछले साल इस अवधि के 3.49 मिलियन टन का लदान की तुलना मे में 52% अधिक है। अप्रैल 2022 से जुलाई 2022 तक मंडल की कमाई 665.07 करोड़ है जो पिछली अवधि की की तुलना में 89.48% अधिक है। जहां तक संरचनात्मक विकास कार्य का संबंध है, सीकिर-टिटिलागढ़ के बीच 10.10 किलोमीटर मार्ग मे विद्युतीकरण के साथ दोहरी लाइन निर्माण का कार्य, टिटिलागढ़-केसिंगा के बीच 12.957 किलोमीटर लंबाई की विद्युतीकृत तीसरी लाइन चालू की गई है । 05 लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण पूरा हो चुका है । यात्री सुविधाएं वर्षों से हमारा मुख्य लक्ष्य रही हैं। हम यात्रियों के लिए हर संभव सीमा तक सुविधाओं को सर्वोत्तम बनाने और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं । 03 स्टेशनों पर अतिरिक्त पीएफ शेल्टर उपलब्ध कराये गये हैं। 06 स्टेशनों पर दिव्यांगों के लिए भवन के प्रवेश द्वार पर रैंप का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर ईशा मलिक, अध्यक्ष, पूर्व तट रेल महिला कल्याण संगठन, संबलपुर, आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व तट रेल महिला कल्याण संगठन के सदस्य, रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, पूर्व तट रेल श्रमिक कांग्रेस और पूर्व तट रेल श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी युसुफ कबीर अंसारी ने किया।

## पूर्व तट रेलवे ने स्वतंत्रता दिवस मनाया



**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर के रेलवे स्टेडियम में पूर्व तट रेलवे द्वारा 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया पूर्वी तट रेलवे के महाप्रबंधक (स्वतंत्र प्रभार) शरद कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा आयोजित परेड की सलामी का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री श्रीवास्तव ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष की यात्रा हमारे देशवासियों के धैर्य, कड़ी मेहनत, अटूट वादे, लचीलेपन और परिश्रम का प्रतिबिंब है कि राष्ट्रीय विकास के क्षेत्र में रेलवे की भूमिका अद्वितीय है और वास्तव में यह 'देश की जीवन रेखा' है। आजादी के 75 साल और आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर, पूर्व तट रेलवे ने विभिन्न पहल की हैं जिसमें हर घर पर त्रिरंगा विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस, राष्ट्रीय नायकों पर प्रदर्शनी, बाइक रैली आयोजन किया गया था।

# देश को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में कोयला खनिक अहम भूमिका निभाता है : ओपी सिंह





**ये रहे शामिल:** जिसमें केबी वेणु, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), एल एंड आर विभाग, एसके मिश्रा, मुख्य प्रबंधक (खनन), अनुबंध प्रबंधन विभाग, अनिल कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), सीबी स्मिता, प्रबंधक (एमएम), इ-प्रोक्योरमेंट सेल, डॉ नीलिमा एन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, एन सुकेश, उप प्रबंधक (खनन), इनोवेशन सेल, और बीपी हरिजन, सहायक सुरक्षा उप निरीक्षक, सुरक्षा विभाग आदि शामिल है। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए ओडिशा के सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा और अंगुल जिलों में फैले एमसीएल के सभी क्षेत्रों और परियोजनाओं में भी इसी तरह का ध्वजारोहण समारोह का भी आयोजित किये गये। इस बीच, आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान के तहत कर्मचारियों द्वारा उनके आवासीय क्वार्टरों में तिरंगा भी फहराया गया। एमसीएल ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत करीब 50,000 राष्ट्रीय झंडे वितरित किये गये।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के साथ मनाया। आनंद विहार मैदान में आयोजित इस समारोह में एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ओपी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर राष्ट्रीय ध्वाजारोहण की एवं औपचारिक परेड का निरीक्षण किया और स्मार्ट कपड़े पहने एमसीएल सुरक्षा कर्मियों की मार्चिंग टुकड़ियों की सलामी ली। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) केशव राव, मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल, निदेशक तकनीकी (पी एंड पी) जुगल कुमार बोरा, निदेशक (वित्त) एके बेहुरा, पद्मजा सिंह, अध्यक्ष, जागृति महिला मंडल एवं एमसीएल की जागृति महिला मंडल की उपाध्याय सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा प्रमुख भी समारोह में उपस्थित थे। सीएमडी ने कोलफील्डस क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, एमसीएल के कर्मचारियों और आसपास के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान एमसीएल कोयला उत्पादन और प्रेषण को बढ़ाने में सफल रहा है। कोविड-19 महामारी के प्रकोप के दौरान भी विकास की गति को बनाये रखने तथा भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु 'एमसीएल परिवार' ने योद्धाओं की भांति देश में बिजली संयंत्रों को पर्याप्?त ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित की। श्री सिंह ने अपने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग होड़ को जारी रखते हुए कहा, एमसीएल की साल-दर-साल कोयला उत्पादन और प्रेषण में वृद्धि क्रमशः 30% और 21% है और मुझे विश्वास है कि कंपनी चालू वित्तीय वर्ष में बेहतर प्रदर्शन करना जारी रखेगी और इस दौरान नये बेंचमार्क स्थापित करेगी। इससे पूर्व, निदेशक (कार्मिक) केशव राव ने मुख्यालय के लॉन में राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, सीएमडी सिंह ने एमसीएल मुख्यालय में कर्यारत सात कर्मियो को विशेष उपलब्धि के लिय पुरस्कार भी प्रदान किये।

## शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) ने स्वतंत्रता दिवस मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा सोमवार को 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार महापात्र ने मुख्य कार्यालय पर राष्ट्रीय झंडा फहराया। झंडा फहराने के बाद अपने भाषण में प्रो. महापात्र ने कहा कि हालांकि भारत ने 75 साल पहले आजादी हासिल की है, लेकिन लोग अभी भी अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों से अवगत नहीं हैं। देश में अब सबसे बड़ी समस्या यह है कि लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक तो हैं लेकिन अपने दायित्वों के प्रति जागरूक नहीं हैं। आंकड़ों के आधार पर प्रो. महापात्र ने कहा, "सामाजिक जागरूकता के मामले में भारत पिछड़ रहा है, इसलिए लोगों को शिक्षित करना बहुत मुश्किल है। इस अवसर पर सोआ के प्रो-चांसलर प्रो (डॉ.) अमित बनर्जी ने सोआ के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और देश आजादी का अमृत उत्सव मना रहा है। एक विशेष अवसर पर सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनोजरंजन नायक ने सोआ साप्ताहिक व्याख्यान (सोफाल) पर तैयार एक पुस्तक का उन्मोचन किया। प्रो. नाइक ने इस अवसर पर कहा कि यह व्याख्यान विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाने में सहायक होगा।



# बसिया में फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 7 का आयोजन 10 और 11 सितंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित चर्चित फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 7 का आयोजन 10 और 11 सितंबर को बसिया स्टेडियम में होगा। इस टूर्नामेंट को फुटबॉल का महाकुंभ से संबोधित किया जाता है और यह सातवां सीजन है। इसका आयोजन क्लब ऑफ यूनिटी बसिया के द्वारा किया जाता है, जिसके सदस्य सभी बसिया ग्रामवासी होते हैं। 10 और 11 सितंबर को आयोजित होने वाले इस फुटबॉल महाकुंभ में कुल 16 टीमें भाग लेती हैं और इसकी इंट्री फीस 21 हजार रुपया रखी गयी है।

टूर्नामेंट में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप दो लाख रुपया और ट्रॉफी, द्वितीय स्थान पर रहने वाले टीम को डेढ़ लाख रुपया और ट्रॉफी जबकि तीसरे ओर चौथे स्थान पर रहने वाले टीम को 25000 रुपया पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जायेगा। मालूम हो कि बसिया स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस फुटबॉल महाकुंभ को देखने के लिए दक्षिणी छोटानागपुर के गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा ,रांची, खूंटी समेत झारखंड से सटे ओडिसा, छत्तीसगढ़ से भी फुटबॉल देखने हजारों की संख्या में दर्शक आते हैं। इस टूर्नामेंट में दूधिया लाइट की रोशनी में रात को भी मैच खेला जाता है साथ ही ड्रोन कैमरा की मदद भी ली जाती है। इसके साथ ही इस टूर्नामेंट में झारखंड समेत ओडिसा, छत्तीसगढ़ क्षेत्र की फुटबॉल टीमें भी टूर्नामेंट में भाग लेती है। फुटबॉल का महाकुंभ में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जिला एवं अनुमंडल के वरीय अधिकारी भी शामिल होते आये हैं।

# घाघरा में नाबार्ड की बाड़ी परियोजना का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** समन्वित जनजातीय विकास परियोजना घाघरा के अंतर्गत नवडीहा के लेसाटोली में बाडी परियोजना के कार्यान्वयन संस्था बायफ द्वारा बुधवार को परियोजना के उद्घाटन के दौरान पौधरोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक बीके बिष्ट एवं विशिष्ट अतिथि मत्स्य निदेशक एचएन द्विवेदी द्वारा पौधरोपण कर परियोजना का उद्घाटन किया गया। बीके बिष्ट ने कहा नवडीहा पंचायत के सभी किसान बहुत जागरूक हैं। नाबार्ड के सहयोग से जो भी फलदार पौधे खाद बीज दिये जा रहे हैं उसे चार-पांच साल सही उपयोग कर आमदनी बढ़ायें। मत्स्य निदेशक ने बताया कि किसानों को देखकर काफी खुशी हो रही है एवं सभी किसान संकल्पित हैं इस कार्य को मेहनत कर अंतिम मंजिल तक पहुंचायेंगे। साथ ही जितने भी तालाब है उसमें मछली बीज भी डाली जायेगी। बीएफ के राज्य प्रभारी धर्मेंद्र तिवारी के द्वारा परियोजना में अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गयी। मौके पर अनूप श्रीवास्तव, अजीत सिंह, कमलेश कुमार मिश्रा, प्रेम कुमार, आनंद मोहन सिंह, पंकज कुमार, करमचंद भगत, रेखा कुजूर सहित कई लोग मौजूद थे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील कुमार होता 'पप्पू'
जिला उपाध्यक्ष जिला कॉंग्रेस कमिटी सह प्रदेश इंटक उपाध्यक्ष बसिया गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेतेंग हेमरोम
मुखिया ग्राम पंचायत पन्था, प्रखंड - बसिया
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुकरात उराँव
अध्यक्ष , बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति सह प्रखंड सचिव झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड बसिया गुमला,

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिवार कोनबीर नवाटोली
प्रखंड - बसिया , जिला गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
छोटू उराँव
थाना प्रभारी बसिया, जिला - गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जर्नादन साहू
केंद्रीय युवा अध्यक्ष छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज केंद्रीय समिति, सिसई गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जब्बार खान
सामाजिक कार्यकर्ता टेंगरा, प्रखंड -बसिया
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धनेश्वर साहू
सामाजिक कार्यकर्ता सह ईट भट्ठा संचालक लौंगा,प्रखंड- बसिया
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. अख्तर अली
कांग्रेस नेता डुमरी, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय सिंह पिंटू
मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मंडल- बसिया ,गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महिला विकास मंडल
प्रखंड बसिया जिला गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अलीम खान
प्रखंड अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा सह सदर अंजुमन किन्दिरकेला, प्रखंड बसिया
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुलशन टेटे
मुखिया ग्राम पंचायत बसिया प्रखंड सिया
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरिता उराँव
मुखिया ग्राम पंचायत ममरला, प्रखंड बसिया
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एमलेन कुल्लू
मुखिया ग्राम पंचायत बनई , प्रखंड - बसिया
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एकता वर्मा
प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रदर सुशील टोप्पो
प्रधानाध्यापक सह निर्देशक संत जोसेफ प्लस टू उच्च विद्यालय कोनबीर नवाटोली प्रखंड बसिया, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पार्वती झा
प्रधानाध्यापक राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय , रामजड़ी प्रखंड - बसिया, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उदासन नाग
केंद्रीय अध्यक्ष छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज केंद्रीय समिति बसिया कमताटोली, जिला गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविन्द्र कुमार गुप्ता
प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड बसिया जिला गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जयश्री कृतिश्री
बसिया, जिला गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर परिवार
बसिया, प्रखंड बसिया गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोशन कुमार टिंकू
शिक्षक सह युवा समाजसेवी बसिया , जिला- गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फा. राजेंद्र तिर्की
प्रधानाध्यापक बरवे उच्च विद्यालय चैनपुर, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंचल कार्यालय परिवार बसिया,
रेफरल अस्पताल परिवार बसिया ,
जायसवाल क्रशर स्टोन पन्था रोड बसिया,
जगदंबा साहू सामाजिक कार्यकर्ता ग्राम लौंगा प्रखंड बसिया
बलि इंडेन ग्रामीण गैस वितरक एजेंसी तिर्रा बसिया
पटेल शॉ मिल लौंगा बसिया
ट्रेक्टर यूनियन कोनबीर, प्रखंड बसिया
अनुमंडल कार्यालय परिवार अनुमंडल बसिया जिला गुमला
वन विभाग परिवार बसिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वतन की जान हमसे है
वतन की शान हमसे है
सारा समायरा एक्का
सिप्रियन इंडेन चैनपुर, गुमला

## हिंसा की घाटी

कश्मीर घाटी में लक्षित हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। पिछले एक हफ्ते में यह दूसरी घटना है, जब आतंकियों ने आम लोगों को निशाना बना कर हमला किया। ताजा घटना शोपियां की है, जिसमें दहशतगर्दों ने सेब के बाग में लोगों पर गोलियां बरसाईं, जिसमें एक कश्मीरी पंडित की मौत हो गई और दूसरा, उसका भाई, गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके पहले गुरुवार को उन्नीस साल के एक गैर-कश्मीरी, बिहारी मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इन घटनाओं से एक बार फिर रेखांकित हुआ है कि दहशतगर्द हिंदुओं और गैर-कश्मीरियों को भयभीत करके घाटी छोड़ने पर मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं। अब उनकी रणनीति बदल गई है। पहले वे केवल सरकार को चुनौती देने के मकसद से हमले करते थे या फिर घाटी के उन लोगों को निशाना बनाते थे, जो उनके खिलाफ जाने का प्रयास करते थे। मगर अब वे सरकार की सुरक्षा-व्यवस्था को चुनौती देने के साथ-साथ गैर-कश्मीरियों को घाटी से बाहर निकालने की रणनीति पर भी काम कर रहे हैं। पिछले एक साल में कई बाहरी मजदूरों को गोली मार दी गई। ये घटनाएं इसलिए भी सरकार के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए कि दहशतगर्द एक तरह से उनके दावों और तैयारियों को खोखला साबित कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त होने के बाद लंबे समय तक घाटी में कर्फ्यू लगा रहा, तमाम संचार माध्यम ठप्प रहे, सेना की तैनाती बढ़ा दी गई थी, आतंकियों के खिलाफ तलाशी अभियान तेज कर दिया गया था, उन्हें वित्तीय मदद पहुंचाने वालों को सलाखों के पीछे डाला गया, सीमा पार से उन्हें पहुंचने वाली इमदाद रुकी हुई थी। फिर सरकार दावा करती रही कि घाटी में अब आतंकी संगठनों की कमर टूट चुकी है। मगर हकीकत यह है कि इसके बावजूद वहां दहशतगर्द सक्रिय रहे। उनमें नौजवानों की भर्तियां चलती रहीं। यह तथ्य खुद सरकार ने बकायदा आंकड़ों के साथ स्वीकार किया। पिछले दिनों कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बना कर हत्याओं का सिलसिला बढ़ा, तो वहां रह रहे कश्मीरी पंडितों ने एकजुट होकर सरकार से मांग की कि उन्हें घाटी से सुरक्षित बाहर निकाला जाए। कई परिवार घाटी छोड़ कर बाहर भी निकल गए। तब सरकार ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा। वह आश्वासन महज आश्वासन साबित हुआ। उसी का नतीजा है कि दहशतगर्द कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाने से बाज नहीं आ रहे। इस वक्त जम्मू-कश्मीर की शासन-व्यवस्था केंद्र के हाथ में है। वह वहां बढ़ रही दहशतगर्दी का ठीकरा दूसरे के सिर फोड़ कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। उसे नये सिरे से विचार करने की जरूरत है कि क्या वजह है कि तमाम चौकसी और कड़ाई के बावजूद घाटी में आतंकी मंसूबे बढ़ते ही जा रहे हैं। केंद्र सरकार लगातार प्रयास करती रही है कि घाटी छोड़ कर बाहर गये कश्मीरी पंडित वापस अपने घरों को लौटें। कई परिवार लौटे भी। मगर फिर से उन्हें सुरक्षा नहीं मिल पा रही, तो उनके वहां टिके रहने को लेकर कोई दावा करना मुश्किल होगा। ऐसा क्या है कि सरकार घाटी में रह रहे थोड़े से गैर-कश्मीरी और कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा सुनिश्चत नहीं कर पा रही। आखिर कैसे तमाम शिकंजों के बावजूद आतंकियों के पास हथियार और पैसे वगैरह पहुंच पा रहे हैं। अब सरकार को अपनी रणनीति बदलनी होगी।

**दहशतगर्द हिंदुओं और गैर-कश्मीरियों को भयभीत करके घाटी छोड़ने पर मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं।**

**प्रवासी श्रमिकों को राशन प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बनायी गयी योजना एक देश एक राशनकार्ड अब पूरे देश में लागू हो गयी है। इस योजना के माध्यम से देश के नागरिक कहीं से भी अपने हिस्से का अनाज खरीद सकते हैं। अब प्रवासी श्रमिक अपनी राशन की प्राप्ति उस स्थान से कर सकता है जहां वह रह रहे हो। इसलिये यह योजना उन सभी लोगों के लिये महत्त्वपूर्ण है जो रोजगार आदि कारणों से एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर पलायन करते हैं।**

## सतत विकास लक्ष्य 2 : वर्ष 2030 के लक्ष्य की ओर तेजी से ले जाती एक देश एक राशन कार्ड योजना



**सुखदेव वशिष्ठ**

प्रवासी श्रमिकों को राशन प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बनायी गयी योजना एक देश एक राशनकार्ड अब पूरे देश में लागू हो गयी है। इस योजना के माध्यम से देश के नागरिक कहीं से भी अपने हिस्से का अनाज खरीद सकते हैं। अब प्रवासी श्रमिक अपनी राशन की प्राप्ति उस स्थान से कर सकता है जहां वह रह रहे हो। देश की लगभग 37% आबादी प्रवासी श्रमिकों की है। इसलिये यह योजना उन सभी लोगों के लिये महत्त्वपूर्ण है जो रोजगार आदि कारणों से एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर पलायन करते हैं।

**योजना के लाभ :** पूर्व में राशन कार्डधारक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सब्सिडीयुक्त खाद्यान्न की अपनी पात्रता का लाभ केवल संबंधित राज्य के अंदर निर्दिष्ट उचित मूल्य की दुकान से ही प्राप्त कर सकते थे। यदि कोई लाभार्थी किसी दूसरे राज्य में प्रवास या पलायन करता है तो उसे उस दूसरे राज्य में नये राशन कार्ड के लिये आवेदन करना होता है। यह योजना सामाजिक न्याय के लिये इस भौगोलिक बाधा को दूर करने और भोजन के अधिकार को सक्षम करने की परिकल्पना को साकार करता है। यह योजना रिसाव या लीकेज को कम कर सकता है क्योंकि इस योजना की पूर्व शर्त नकली/डुप्लीकेट राशन कार्डों की पहचान करना या डी-डुप्लीकेशन है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि एक ही व्यक्ति देश के दो अलग-अलग स्थानों में लाभार्थी के रूप में चिह्नित नहीं है। इसके अलावा, यह योजना आधार और बायोमेट्रिक्स से जुड़ी है जो भ्रष्टाचार की अधिकांश संभावनाओं को दूर करती है और पारदर्शिता लाती है।

**यह योजना अब पूरे देश में लागू कर दी गई है। इसमें असम जून, 2022 में शामिल होने वाला नवीनतम राज्य है।**

योजना के आगे संभावित चुनौतियां : आधार से जुड़े राशन कार्ड और स्मार्ट कार्ड के माध्यम से इस प्रक्रिया के डिजिटलीकरण को लीकेज कम करने के प्रयास के तहत आगे बढ़ाया गया है। हालांकि आधार-सीडिंग के बाद अपवर्जन त्रुटियों में वृद्धि हुई है। समाज के कई वर्ग ऐसे हैं जिनके पास अभी भी आधार कार्ड नहीं है और इस कारण वे खाद्य सुरक्षा से वंचित हो सकते हैं। किसी उचित मूल्य की दुकान को प्राप्त उत्पादों का मासिक कोटा कठोरता से उससे संबद्ध लोगों की संख्या के अनुसार सीमित रखा गया है। योजना जब पूर्णरूपेण कार्यान्वित होगी तब इस अभ्यास को समाप्त कर देगा क्योंकि कुछ दुकानों को नये लोगों के आगमन के कारण अधिक संख्या में कार्डधारकों को सेवा देनी होगी जबकि कुछ अन्य लोगों के पलायन के कारण निर्धारित कोटे से कम लोगों को सेवा देंगे।




**इस योजना की पूर्व शर्त नकली/डुप्लीकेट राशन कार्डों की पहचान करना या डी-डुप्लीकेशन है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि एक ही व्यक्ति देश के दो अलग-अलग स्थानों में लाभार्थी के रूप में चिह्नित नहीं है। इसके अलावा, यह योजना आधार और बायोमेट्रिक्स से जुड़ी है जो भ्रष्टाचार की अधिकांश संभावनाओं को दूर करती है और पारदर्शिता लाती है।**

**आगे की राह :** आपात स्थितियों के राशन की दुकानों पर अधिक दबाव बनाए जाने पर यदि सेवा बाधित होती है तो कमजोर समूहों तक खाद्यान्न की पहुंच सुनिश्चित करने के लिये वैकल्पिक वितरण चैनलों पर विचार किया जा सकता है। इसके साथ खाद्य सुरक्षा को पोषाहार सुरक्षा के व्यापक ढांचे से देखा जाना चाहिए। इसलिये इस योजना को एकीकृत बाल विकास सेवाओं, मध्याह्न भोजन, टीकाकरण, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य सुविधाओं की सुवाह्यता या पोर्टेबिलिटी को अनुमति देना चाहिये। दीर्घावधि में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को एक सुदृढ़ फूड कूपन सिस्टम या प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से प्रतिस्थापित किया जा सकता है जिसके तहत गरीबी रेखा से नीचे का परिवार किसी भी किराना स्टोर से बाजार मूल्य पर चावल, दाल, चीनी और तेल की खरीद कूपन के माध्यम से या नकद भुगतान द्वारा कर सकता है।

**आम जनमानस के अनुभव :** राधा कृष्णन जिनका राशन कार्ड महाराष्ट्र का था के शब्दों में, कोविड-19 के संकट के कारण महाराष्ट्र में नौकरी की अचानक हानि से मैं पत्नी और तीन बच्चों के साथ में केरल पहुंचा। हमारी स्थिति खराब थी लेकिन नयी सुविधा के लिये हमें पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राशन मिला। पंजाब और हिमाचल की राजधानी चंडीगढ़ के सेक्टर 9 में उचित मूल्य की दुकान पर काम करने वाली सुषमा ने कहा कि उन्हें अब सब्सिडी वाला खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए अपने गांव की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी और न ही वे अपने अधिकार से वंचित होंगी। उन्होंने कहा, 'हम पिछले दो साल से चंडीगढ़ में रह रहे हैं। फिलहाल हम सेक्टर 9 में रह रहे हैं। हमें राशन की दुकान से हर महीने 40 किलोग्राम अनाज मिल रहा है।' वह घरेलू सहायिका का काम करती हैं और उनका पति एक दुकान में काम करता है।

**एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना की स्थिति :** यह योजना अब पूरे देश में लागू कर दी गई है। इसमें असम जून, 2022 में शामिल होने वाला नवीनतम राज्य है। योजना को 9 अगस्त, 2019 को चार राज्यों में एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में शुरू किया गया था। इसके तीन साल पूरे हो गये हैं। वर्तमान में सभी ने योजना की औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर ली हैं, जिसमें लाभार्थियों के राशन कार्ड को उनके आधार नंबर से लिंक किया जाना और प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान में ई-प्वाइंट ऑफ सेल मशीन को इंस्टॉल किया जाना शामिल रहा।


राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत खाद्य सब्सिडी का पूर्ण कार्यान्वयन सार्वजनिक वितरण प्रणाली के डिजिटलीकरण पर निर्भर करता है जो 5,00,000 से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के नेटवर्क से समर्थित है। इसे आधार प्रमाणीकरण और सत्यापित डेटा के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का एकीकृत प्रबंधन पोर्टल के तहत की गई सभी खरीद को दर्ज करता है। प्रौद्योगिकी आधारित इस योजना को केंद्र द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर राशन कार्ड 'पोर्टेबिलिटी' के लिए लागू किया गया है। इस समय योजना के तहत प्रति माह औसतन लगभग तीन करोड़ लेनदेन दर्ज किए जा रहे हैं। अगस्त, 2019 में स्थापना के बाद से, योजना के तहत लगभग 77.88 करोड़ लेनदेन हुए हैं। योजना के तहत, केंद्र लगभग 80 करोड़ पात्र लाभार्थियों को हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलोग्राम खाद्यान्न 2-3 रुपये प्रति किलो की सस्ती दर पर प्रदान कर रहा है।

इसके अलावा, केंद्र गरीबों को राहत देने के लिए 80 करोड़ लोगों को हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलो अतिरिक्त खाद्यान्न 'मुफ्त' प्रदान कर रहा है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, 'हमारे गरीब भाई-बहन एक ही राशन कार्ड पर देश के किसी भी राज्य में राशन ले सकें इसके लिये एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना शुरू की गयी है। इसका सबसे बड़ा लाभ उन गरीब साथियों को मिलेगा, जो रोजगार या दूसरी आवश्यकताओं के लिये अपना गांव छोड़ कर कहीं और जाते हैं।' खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू होने के बाद से सार्वजनिक वितरण पारिस्थितिकी तंत्र में लाया गया यह एक दूरगामी सुधार है। यह बेरोजगार प्रवासी श्रमिकों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करेगा और 'सतत विकास लक्ष्य 2: वर्ष 2030 तक भुखमरी की समाप्ति' के तहत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में निश्चित ही सफलता प्रदान करेगा।

## जमशेदपुर एवं गढ़वा की खबरें

## डिलिवरी ब्वॉय हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपियों को आरआइटी पुलिस ने भेजा जेल

**टाटानगर आरपीएफ ने दोनों युवकों को मंगलवार को संदिग्ध मानते हुए पकड़कर आरआइटी थाने को सौंपा था**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला जिले के आरआईटी थाना पुलिस ने मंगलवार को टाटानगर आरपीएफ द्वारा सौंपे गए दोनों युवकों को बुधवार को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि बीते 15 अगस्त की रात्रि आरआईटी थाना अंतर्गत मार्ग संख्या 19 के समीप कदमा रामनगर निवासी डिलिवरी बॉय कुणाल मल्लिक को चाकू मारकर आदित्यपुर ट्रांसपोर्ट कॉलोनी निवासी अजीत झा उर्फ तिरछी और आदित्यपुर चुना भट्ठा रोड नंबर 17 निवासी दीपक दास ने घायल कर दिया था। जिसकी इलाज के क्रम में एमजीएम अस्पताल में मौत हो गई थी। उधर घटना को अंजाम देने के बाद अजीत झा शहर छोड़कर भागने के फिराक में था। इसी दौरान टाटानगर रेलवे स्टेशन के वीआईपी पार्किंग में आरपीएफ की नजर उस पर पड़ी और उसकी भूमिका को संदिग्ध मानते हुए उसे हिरासत में ले लिया। तलाशी के क्रम में अजीत के पास से एक चाकू बरामद किया गया। सख्ती से पूछताछ के क्रम में उसने अपने साथी दीपक दास के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। जिसके बाद आरपीएफ ने दीपक को भी हिरासत में ले लिया। मंगलवार को दोनों युवकों को आरआईटी थाना पुलिस के हवाले कर दिया था. इधर बुधवार को आरआईटी थाना पुलिस ने दोनों युवकों को घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोबाइल फोन के साथ जब्त करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरआईटी थाना प्रभारी मोहम्मद तंजील खान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एक टीम गठित की गई थी। आरपीएफ द्वारा दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में दबोचे जाने की सूचना के बाद फौरन गठित टीम ने मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों युवकों ने लूटपाट की नियत से कुणाल के साथ चाकूबाजी करने की बात स्वीकार कर ली है।

## साकची रामलीला मैदान से हटा कब्जा

**दूसरे दिन भी जेएनएसी का गरजा बुलडोजर**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति यानी जेएनएसी अतिक्रमणकारियों से सख्ती से पेश आ रही है। अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जमशेदपुर के साकची रामलीला मैदान के पास लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी अतक्रिमण हटाओ अभियान चलाया गया। कई अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। बता दें कि मंगलवार को जेएनएसपी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। अभियान के पहले दिन विशेष पदाधिकारी ने अतिक्रमणकारियों को मोहलत देते हुए कहा था कि 24 घंटे के भीतर खुद कब्जा हटा लें। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो समय सीमा खत्म हो जाने के बाद बलपूर्वक कब्जा हटाया जायेगा। दूसरे दिन यहां बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान जिले के एडीएम लॉ एंड आर्डर नंद किशोर लाल मौजूद रहे। रामलीला मैदान के आसपास निवास करने वाले लोगों ने ही घर के बाहर अतिक्रमण कर रखा था और सामने तबेला बनाया गया था। तबेला की वजह से गंदगी का अंबार लगा हुआ था। अब तबेला का वजूद मिट गया है। इसके अलावा पूरे मैदान को भी साफ कर दिया गया है। प्रशासन की योजना है कि यहां पार्क या पार्किंग स्थल बनाकर इसका सौंदर्यीकरण किया जायेगा।

## सरायकेला में 146 पुड़िया ब्राउन शुगर व देसी कट्टा के साथ तीन युवक गिरफ्तार



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला के राजनगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां बुधवार तड़के पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान थाना गेट के समीप से एक टाटा मैजिक पिकअप वैन से तीन संदिग्ध युवकों को धर दबोचा। इनकी तलाशी लेने पर इनके पास से 146 पुड़िया ब्राउन शुगर और एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि तीनों ब्राउन शुगर तस्कर हैं और आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती से ब्राउन शुगर की डिलीवरी लेकर चाईबासा जा रहे थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आनंद प्रकाश ने बताया कि जिला पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है। उन्होंने बताया कि तीनों युवकों का नाम वीरेंद्र महतो, राजू तियु और मुकेश बानरा है। तीनों ब्राउन शुगर तस्कर हैं। पुलिस को इनकी गतिविधियों की सूचना लगातार मिल रही थी। जिसके बाद आज गुप्त सूचना पर हाता-चाईबासा मार्ग पर थाना गेट के समीप एंटी क्राइम चेकिंग लगाया गया। इसी क्रम में तीनों की गिरफ्तारी हुई है। फिलहाल तीनों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं पिकअप वैन संख्या जेएच05सीक्यू- 8074 जब्त कर लिया गया है।

## जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में इंटर सीट में बढ़ोतरी की मांग को लेकर आजसू छात्र संघ ने किया प्राचार्य का घेराव



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में छात्र संघ के द्वारा जोरदार हंगामा किया गया और प्राचार्य का घेराव किया गया। आजसू के कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक ने कहा कि हर वर्ष मैट्रिक के रिजल्ट में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या बढ़ रही है लेकिन वर्कर्स कॉलेज में 2010 में 918 सीट था। आज 2022 में उसकी सीट और कम यानी 512 कर दिया गया है। इस वर्ष मैट्रिक का रिजल्ट लगभग 90 फीसदी रहा है लेकिन सीट बहुत कम है। गौरतलब है कि जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में पटमदा, बोदाम, चक्रधरपुर, चांडिल के ग्रामीण क्षेत्रों से छात्र पढ़ने आते हैं और मानगो क्षेत्र में मात्र एक सरकारी कॉलेज और सीट नहीं बढ़ने के कारण निजी कॉलेज के छात्रों का आर्थिक दोहन किया जा रहा है। इसके लिए छात्र संघ की मांग है कि आट्र्स में 2 यूनिट (252) और कॉमर्स में 1 यूनिट (126) सीट बढ़ाया जाए। वहीं जैक चेयरमैन से आग्रह किया है कि इस मांग पर त्वरित त्वरित निर्णय लेकर छात्र हित में स्वाग्तपूर्ण निर्णय लिया जाए। घेराव में आजसू से जगदीप सिंह, साहेब बागती, रंजन प्रामाणिक, सिंटू सिंह, कुंदन झा, विनीत, रणवीर सिंह, अभिषेक, अंकित, राहुल, मधु कुमारी, दीक्षा, शीतल कुमारी, अभाविप से बापन घोष और विकास गिरी एडसो से कामेश्वर प्रसाद उपस्थित थे।

## सांसद-विधायक ने अंबाखोरया में सड़क चौड़ीकरण एवं तीन सड़क योजनाओं का किया शिलान्यास

**भंडार पंचायत के मुखिया सह जेएमएम नेता रघुनाथ सिंह व राजद के प्रिंस यादव को सांसद और विधायक ने भगवा गमछा ओढ़ाकर भाजपा में शामिल कराया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धुरकी (गढ़वा)।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरया में सांसद विष्णु दयाल राम व विधायक भानु प्रताप शाही ने मंगलवार को सेंट्रल फंड से 95 करोड़ रुपए से अंबाखोरया से धुरकी व बंशीधर नगर में एन-75 तक सड़क चौड़ीकरण सह पुनः निर्माण व केतमा से शिवरी मुख्य पथ व कदवा उर्फ लिखनीधौरा गांव के मुख्य बस्ती से अंबाखोरया मेराल पथ तक तीन सड़क योजनाओं का शिलान्यास व भूमिपूजन सांसद ने किया वहीं विधायक शाही की जगह गांव के ही एक बुजुर्ग ग्रामीण सुकन सिंह से कराया गया। इस दौरान विधायक शाही ने कहा कि अंबाखोरया से धुरकी बंशीधर नगर तक सड़क चौड़ीकरण सह पुनः निर्माण योजना के नहीं बनने से धुरकी प्रखंड वासियों को अनुमंडल मुख्यालय में आने जाने के लिए बहुत परेशानी हो रही थी। लेकिन उन्होंने और सांसद विष्णुदयाल राम के प्रयास से इस सड़क को सेंट्रल फंड से स्वीकृत कराने का काम किया गया है। विधायक शाही ने कहा कि धुरकी प्रखंड को शीघ्र ही एक और ही बहुत बड़ी सड़क योजना की सौगात मिलने वाली है और वह है अंबाखोरया से बरहसोती, लिखनिधौरा कदवा भंडार पनघटवा होते डंडई से मेराल एनएच 75 में मिलने वाली है। वहीं सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि वह अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं के प्रति काफी गंभीर रहते हैं, वहीं विधायक शाही की तारीफ कर कहा कि यह अपने क्षेत्र की योजनाओं को स्वीकृत कराने एवं जनहित से जुड़े काम के लिए पूरी मजबूती से अटल रहते हैं। कार्यक्रम में भंडार पंचायत के मुखिया सह जेएमएम नेता रघुनाथ सिंह व राजद के प्रिंस यादव को सांसद और विधायक ने भगवा गमछा ओढ़ाकर पार्टी में शामिल कराया।

इस दौरान पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, शारदा महेश प्रताप देव व इंद्रमणि जायसवाल ने भी सभा को संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम में भाजपा के मंडल संयोजक सह विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, रामप्रवेश गुप्ता मंडल महामंत्री मंगल यादव, उपेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह, श्यामकिशोर विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा रामदेनी गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल टंडवा गढ़वा में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य जोसेफ सर के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। झंडोत्तोलन के बाद ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य प्रबंधकगण शिक्षक एवं अभिभावकों द्वारा महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बॉस, भगत सिंह, चंद्र शेखर आजाद तथा रानी लक्ष्मीबाई तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई। कक्षा प्री- नर्सरी तथा नर्सरी के बच्चों के द्वारा फैन्सी ड्रेस कथा कक्षा प्रेप के बच्चों से लेकर कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय में अपना मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रोत्साहन हेतु सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधालय के मीडिया प्रभारी नूर आलम एवं शिक्षक- नेहा प्रीति लकड़ा, ममता टोपनो, नम्रता तिर्की, भारती मेहता, अमित सोनी, अल्का लकड़ा, सत्य प्रकाश बणर्वाल, सुरज कुमार ठाकुर, गोपाल कुमार, प्रियंका मेम, रागिनी मेम, कविता मेम के साथ-साथ कई अभिभावक मौजूद थे।



## सियासत : दिल्ली नहीं, पटना में तय करनी होगी पार्टी की भावी रणनीति

# बिहार में भाजपा को जरूरत है एक अदद जननेता की

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार की राजनीति इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। खासकर नीतीश कुमार, जिनके पलटते ही राज्य ही नहीं केंद्र की राजनीति में भी चकल्लस का दौर शुरू हो चुका है। शांत पड़ा विपक्षी खेमा अब नीतीश की तारीफों के पुल बांध रहा है। कहा जा रहा है, एक और मोदी विरोध का चेहरा विपक्ष के खेमे में जा बैठा है। लेकिन इस चेहरे की चौड़ी मुस्कान बता रही है कि नीतीश के इरादे बुलंद हैं। वहीं बिहार की सत्ता हाथ से फिसल जाने के बाद भाजपा भी सावधान हुई है और उसने विशेष रणनीति तैयार की है। अभी-अभी उसने दिल्ली में बैठक कर 2024 में अबकी बार 40 में से 35 सेटों पर कब्जा करने का संकल्प लिया है। लेकिन यह होगा कैसे, यह देखना अभी शेष है। बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीटें हैं। साथ ही इसकी सीमाएं उत्तरप्रदेश, झारखंड और बंगाल बॉर्डर से जुड़े होने की वजह से 10 और सीटों को यहां के मतदाता प्रभावित करते हैं। इसलिए बिहार को लेकर पॉलिटिकल पार्टियों का विशेष फोकस रहता है। बिहार-झारखंड जैसे राज्य को भाजपा को अलग नजरिये से देखना होगा, क्योंकि यहां की राजनीति देश के दूसरे राज्यों से पूरी तरह भिन्न है। ऐसे में भाजपा को बिहार फतह के लिए सबसे पहले पटना को अपनी गतिविधियों का केंद्र बनाना होगा। संगठन में मैनेजर टाइप नेताओं की जगह जमीन पर काम करनेवाले नेताओं को तरजीह देनी होगी। भाजपा की कार्यशैली को नजदीक से जाननेवाले अब भी इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि बिहार जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में भाजपा का संगठनात्मक स्वरूप इतना लुंज-पुंज है। फिलहाल बिहार में उसके पास एक भी ऐसा नेता नहीं है, जो राज्य में पार्टी को धार दे सके। जिसके खड़े होते लोगों की कतार लग जाये। जो भीड़ को जुटा भी पाये और उसे बांध भी पाये। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व तो संगठन के प्रति इतना बेपरवाह हो नहीं सकता कि उसे 40 संसदीय सीट और 243 विधायकों वाले बिहार के बारे में कोई अंदाजा नहीं हो। भाजपा को सोचना होगा कि जो काम महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस ने किया या पूर्वोत्तर में हिमंत बिस्वा सरमा कर रहे हैं, या उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने कर दिखाया है, क्या बिहार में भाजपा के पास एक भी ऐसा नेता नहीं है, जो ऐसा करने का माद्दा रखता है? सच तो यही है कि बिहार में भाजपा ने उसे ही आगे बढ़ाया जो भाजपा के ही बल पर सत्ता सुख लेता आया और मौका मिलते ही उसे आंखें दिखाने से भी नहीं चुकता। नीतीश के जाने के बाद कैसे भाजपा ने बिहार को अपने एजेंडा में लिया है, कैसे उसने लोकसभा में 35 पार का संकल्प दोहराया है और इस संकल्प के मद्देनजर उसे क्या कुछ करना होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी और सबसे बड़े संगठन में इन दिनों इस बात पर गहन मंथन चल रहा है कि भाजपा के अश्वमेध का घोड़ा बिहार में क्यों रुक जाता है। लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा से लेकर बिहार के हाल के घटनाक्रम के बाद यह सवाल और गंभीर होकर भाजपा के सामने आया है। आडवाणी की रथयात्रा बिहार के समस्तीपुर में रोकी गयी थी। उसके बाद से भाजपा बिहार में देश के दूसरे राज्यों के मुकाबले कमजोर होती गयी। लोकसभा चुनावों की बात छोड़ दें, तो पार्टी ने विधानसभा चुनाव में राज्य में कोई खास उपलब्धि हासिल नहीं की है।

बिहार के हाल के घटनाक्रम के बाद भाजपा ने इस मुद्दे पर गंभीरता दिखायी है और दिल्ली में संपन्न कोर ग्रुप की बैठक में 2024 के लिए अबकी बार 35 का संकल्प लिया है। जहां तक बिहार में पार्टी के प्रदर्शन का सवाल है, तो 2014 में लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की प्रचंड लहर में बिहार में पार्टी को 22 सीटें मिलीं। उसकी सहयोगी लोजपा को छह और रालोसपा को तीन सीटें मिलीं। इस तरह 40 में से 31 सीटें एनडीए ने अपने नाम कर ली। लेकिन इसके डेढ़ वर्ष बाद विधानसभा चुनाव हुए। 243 में से 151 सीटें राजद-जदयू गठबंधन ने अपने नाम कर ली। भाजपा 53 पर सिमट गयी। यह सब उसके बावजूद हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धुआंधार 31 रैलियां की। प्रधानमंत्री ने शायद ही किसी राज्य के चुनाव में इतनी रैलियां की हों, लेकिन इसके बावजूद हुई भाजपा की इस हार ने शायद पार्टी को इतना डरा दिया कि जब 2017 में नीतीश कुमार वापस एनडीए में आये, तो उसने बाहें फैला कर उनका स्वागत किया और फिर 2020 के विधानसभा चुनाव में ज्यादा सीटें होने के बावजूद उन्हें ही मुख्यमंत्री के पद पर बैठा दिया। इससे पूरे देश में यह संदेश गया कि भाजपा को बिहार में अकेले जाने से डर लगता है। इसका जवाब किसी के पास नहीं था। न पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के पास और न स्थानीय संगठन के पास।

भाजपा को अब यह सोचना होगा कि पार्टी को बिहार में किस बात से डर लगता है। आखिर पार्टी इस मुद्दे की ओर कब ध्यान देगी। अपनी इस संगठनात्मक कमजोरी को दूर करने के लिए भाजपा को न केवल बिहार के लिए, बल्कि झारखंड के लिए एक अलग ठोस रणनीति बनानी होगी। दिल्ली में संपन्न बैठक में इसी पर गहन मंथन हुआ और अब ऐसा लगता है कि पार्टी बिहार-झारखंड के लिए कुछ अलग सोच रही है। इस बैठक में नीतीश-लालू के तिलिस्म को तोड़ने के लिए जो रणनीति बनायी गयी है, वह तब तक कारगर नहीं होगी, जब तक भाजपा एक सर्व स्वीकार्य नेता को सामने नहीं रखेगी। यह बात सभी जानते हैं कि बिहार में भाजपा के पास एक भी सर्व-स्वीकार्य नेता नहीं है, जो पूरे राज्य में वोट मांग सके। या जिसका चेहरा भुना कर लोगों को आकर्षित कर सके। भाजपा को समझना होगा कि बिहार की राजनीति दूसरे मुद्दों से अधिक



सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित होती है। देश के दूसरे राज्यों के मुकाबले बिहार में जातीय गोलबंदी अधिक है और शायद यही कारण है कि इस राज्य में सर्वजन की राजनीति करनेवाली भाजपा की दाल नहीं गलती है।

लेकिन इसके अलावा एक बड़ा कारण यह भी है कि बिहार में भाजपा के पास एक भी ऐसा नेता नहीं है, जिसकी पहचान पूरे राज्य में हो। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल का खुद का जनाधार पश्चिम चंपारण जिले से बाहर कहीं नहीं है। पार्टी का कोई एक सांसद ऐसा नहीं है, जिसकी पहचान उसके अपने संसदीय सीट से बाहर हो। भाजपा जैसी कैडर आधारित पार्टी के सामने यह बड़ी चुनौती है, जिससे वह कैसे निपटती है, यह देखना दिलचस्प होगा।

दिल्ली में संपन्न बैठक में जो रणनीति तैयार की गयी है, उसके अनुसार भाजपा राज्य में नीतीश-लालू के तिलिस्म को तोड़ने के लिए आक्रामक रुख अख्तियार करेगी।

### जातीय समीकरण भी तोड़ेगी भाजपा

बिहार की राजनीति बहुत हद तक मंडल युग के दौर से अभी भी नहीं निकल पायी है। यदि तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार आज भी जातिगत जनगणना को अपना सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाकर भाजपा के खिलाफ अभियान छेड़ने की रणनीति बना रहे हैं, तो इसके पीछे यही कारण है। महागठबंधन के पास इस समय कुल 59 फीसदी (यादव का 15 फीसदी, मुसलमानों का 17 फीसदी, कुर्मी-कोइरी का 11 प्रतिशत और दलितों के 16 फीसदी में एक बड़ा हिस्सा) वोट बैंक है। यह मत प्रतिशत उसे अजेय स्थिति में पहुंचा देता है। पिछले चुनाव में कुर्मी-कोइरी के वोटों का नीतीश कुमार और उपेंद्र कुशवाहा के बीच बंटवारा हो गया था। कुशवाहा हर सीट पर पांच-10 से 20 हजार तक वोट पाने में सफल रहे थे, लेकिन बदले माहौल में कुशवाहा भी नीतीश के खेमे में होंगे। इसी तरह मुसलमान वोटरों का बंटवारा भी जदयू, राजद और ओवैसी के बीच हो गया था। इस बार यह मत प्रतिशत भी एकजुट रहेगा। इसके साथ ही आर्थिक तौर पर पिछड़े 26 फीसदी और महिलाओं के वोट बैंक का बड़ा हिस्सा भी नीतीश कुमार के साथ मजबूती से खड़ा रह सकता है। जाहिर है कि इस परिस्थिति में भाजपा की चुनौती बढ़ जायेगी।

### भाजपा इस तरह तोड़ सकती है यह तिलिस्म

इस हकीकत से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के पक्ष में मजबूत दिख रहे आंकड़े केवल कागजी हैं। सच्चाई यह है कि उपेंद्र कुशवाहा ने पिछले चुनाव में ही कुर्मी-कोइरी वोट बैंक में सेंध लगाकर बता दिया था कि नीतीश कुमार की इस वोट बैंक पर पकड़ इतनी मजबूत नहीं है, जितना कि बताया जाता है। चूंकि इस बार इसी जाति से आने वाले आरसीपी सिंह अलग पार्टी बना कर (या भाजपा के साथ आकर, जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा है) चुनाव लड़ते हैं, तो इससे भाजपा को लाभ हो सकता है। यह ध्यान रखना चाहिए कि नीतीश कुमार की उपस्थिति में ही आरसीपी सिंह को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनाये जाने के नारे लगने लगे थे। ऐसे में यह फैक्टर नीतीश को चोट पहुंचा सकता है।

2015 और 2020 के चुनाव परिणाम और मत प्रतिशत बताते हैं कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद की यादव वोट बैंक पर पकड़ कमजोर हुई है। यह बात लोकसभा चुनावों में भाजपा को मिले समर्थन से भी साबित हो गयी है। माना जाता है कि इसी कमजोरी के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में राजद शून्य पर पहुंच गया था। वह यादवों के अपने गढ़ में पारंपरिक सीटें बचाने में भी कामयाब नहीं हो पाया था। भाजपा को लगता है कि यदि उसने यादव कार्ड मजबूती के साथ खेला, तो वह लालू यादव के इस किले में बड़ी सेंध लगा सकती है। इसी रणनीति के तहत भाजपा बिहार के यादव नेताओं को लगातार आगे बढ़ायेगी। इस रणनीति के तहत केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और लालू परिवार के अहम सदस्य रहे रामकृपाल यादव को प्रदेश में अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है। दूसरे राज्यों के यादव नेताओं (जैसे भूपेंद्र यादव, पूर्व प्रदेश प्रभारी) को भी मजबूती से राज्य में उतारा जा सकता है। राज्य के शिया मुसलमानों और पसमांदा मुसलमानों में नेतृत्व उभार कर मुसलमान वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति पर भी पार्टी विचार कर रही है। पार्टी नेता शाहनवाज हुसैन पहले ही राज्य में उतारे जा चुके हैं।

इसके अलावा दलितों में महादलित और पिछड़ों में अति पिछड़ों का कार्ड भी मजबूती के साथ खेल कर राजद की पकड़ कमजोर की जा सकती है। इस समय भाजपाई खेमे से बाहर जा चुके चिराग पासवान यदि लौट आते हैं, तो इससे वह दलितों के बीच पकड़ बनाने में अच्छी मदद कर सकते हैं। बिहार में 26 फीसदी आर्थिक तौर पर पिछड़े फ्लोटिंग मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा है, जो मुद्दों के अनुसार कभी नीतीश कुमार तो कभी दूसरे दलों को समर्थन देता रहा है। भाजपा इन्हें अपने साथ जोड़ सकती है।

राज्य में 15 फीसदी उच्च जाति का वोट बैंक भी है, जो पूरी मजबूती के साथ भाजपा के साथ खड़ा रहा है। केंद्र सरकार इन वर्गों के लिए विशेष योजनाएं लाकर उन्हें मजबूती के साथ अपने खेमे में लाने का काम करती रही है, इस योजना को और मजबूती दी जा सकती है। पार्टी का यह दांव उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों में कारगर साबित हुआ था। बदले माहौल में भाजपा इसे और मजबूती के साथ खेल सकती है।

### नेताओं का अकाल दूर करना होगा

इन तमाम संभावनाओं के बावजूद भाजपा को यह समझना होगा कि उसे बिहार ही नहीं, झारखंड में भी एक सर्वमान्य नेता को आगे बढ़ाना होगा। पार्टी को समझना होगा कि सरकार और संगठन चलाने की जिम्मेवारी को जोड़ देने से नुकसान होता है, जैसा कि वह झारखंड में भुगत चुकी है। पार्टी के सामने केंद्र का उदाहरण है, जहां सरकार और संगठन की जिम्मेवारी अलग-अलग हाथों में है। राज्यों में भी उसे ऐसा ही नेतृत्व विकसित करना होगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि ऐसा कौन चेहरा हो सकता है, जो वही काम करने का माद्दा रखता हो, जो महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस ने किया। असम में हिमंत बिस्वा सरमा ने किया या उत्तरप्रदेश में योगी ने कर दिखाया है। भाजपा को बिहार में एक ऐसा नेता ढूंढ़ना होगा, आगे करना होगा, जो सभी जिलों और सभी समाज के बीच स्वीकार्यता रखता हो। यहां समाज की बात इसीलिए आ जाती है, क्योंकि भले ही लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी के नाम पर जात-पात के समीकरण टूट जाते हों, लेकिन विधानसभा चुनावों में ऐसा अभी भी नहीं होता। तेजस्वी यादव ने 2020 विधानसभा चुनाव में राजद को 75 सीटें जिता कर सबसे बड़ी पार्टी बनाया, ऐसे में नकारा नहीं जा सकता कि यादव-मुस्लिम वोट उनके पास बहुतायत में हैं और जदयू-राजद-कांग्रेस के अकेले लड़ने पर भाजपा फिर पटखनी खा सकती है। इसका कारण वही होगा, स्थानीय नेतृत्व का अभाव। हालांकि यह भी सही है कि नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ कर भाजपा ने कई राज्यों में स्थानीय नेतृत्व पैदा कर दिया है। उदाहरण के रूप में हम असम के हिमंत बिस्व सरमा, उत्तरप्रदेश के योगी आदित्यनाथ और महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस का नाम ले सकते हैं। जिस दिन बिहार के नेताओं पर पार्टी आलाकमान विश्वास कर लेगा, उन्हें खुल कर खेलने का मौका देगा, उस दिन बिहार में नेतृत्व की कमी दूर हो जायेगी। अगर बिहार में सचमुच भाजपा झंडा गाड़ना चाहती है, तो उसे यहां छोटे-छोटे दलों के साथ ही अपने योग्य नेताओं पर विश्वास करना होगा।

---

## बढ़ती महंगाई पर कांग्रेस ने की प्रेस कांफ्रेंस

# वादों से मुकरी केंद्र सरकार, युवाओं के साथ किया छलावा: कांग्रेस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** होटल लो मैरिटल रामगढ़ में देश के अंदर बढ़ती महंगाई एवं घटता रोजगार को लेकर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान, उपाध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी , नगर अध्यक्ष संजय साहू , जमुना साव,संजीव साहू ,वरिष्ठ नेता राधेश्याम साहू जी उपस्थित थे।

मौके पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार को देशभर में बेतहाशा महंगाई बढ़ाने एवं देश में बढ़ती बेरोजगारी के लिए जिम्मेदार बताते हुए केंद्र सरकार से जल्द से जल्द महंगाई कम करने के अपने वादों को पूरा करने एवं रोजगार को लेकर युवाओं को किये वादे भी निभाने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही गई। कहा कि 2013-14 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सभाओं में भाषणों में देशवासियों को लुभावने सपने दिखाया करते थे, अपने हर भाषण में देशवासियों से वादा करते थे ,सत्ता में आते ही बेरोजगारी और महंगाई को खत्म कर देंगे बहुत हुई महंगाई की मार-- जैसे नारा लगाया करते थे। उन्हें सत्ता में आए 8 साल से ज्यादा हो गया, पूरा देश देख रहा है बेरोजगारी और महंगाई आसमान छू रहे हैं।

### 14 करोड़ युवा हुए बेरोजगार

**प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल 2 करोड रोजगार देने का वादा किया था लेकिन उनकी गलत आर्थिक नीतियों की वजह से 14 करोड़ युवक बेरोजगार हुए हैं। 20 से 24 आयु वर्ग के 42% युवा बेरोजगार बैठे हैं, इससे बड़ी शर्म की बात और क्या हो सकती है। पहले बिना सोचे समझे नोटबंदी की गई उसके बाद जीएसटी लागू कर दिया गया। जिस कारण 2,30,000 से अधिक लघु उद्योग बंद हो गए, प्रधानमंत्री मोदी के अदूरदर्शिता के कारण लघु उद्योग का कमर टूट गया। हाल ही में लाई गई अग्निपथ खोजना ने तो युवाओं के घाव पर नमक छिड़कने का काम किया है ,जो युवा सेना में शामिल होकर देश की सेवा का सपना देखते थे उन्हें 4 वर्ष के लिए ठेके पर नौकरी करने को कहा जा रहा है, इसमें ना पेंशन की गारंटी है और ना ही सुरक्षित भविष्य ऐसे में युवा तनावमुक्त होकर देश सेवा कैसे करेंगे! एक तरफ देश में करोड़ों युवा बेरोजगार बैठे हैं, वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार के कई विभागों में करोड़ों पद खाली पड़े है।**

---

# कुरमी-कुड़मी समाज के हक और अधिकार के लिए सभी 15 संगठन एकजुट होकर लड़ेंगे लड़ाई : संतोष

## 20 सितंबर से अपनी मांगों को लेकर करेंगे रेल रोको अभियान की शुरुआत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चितरपुर।** रजरप्पा स्थित ऑफिसर्स क्लब में आगामी 19 अगस्त को कुरमी - कुड़मी समाज के कोर कमिटी का एकदिवसीय कार्यशाला आहूत की गई है। इसी को लेकर बुधवार को आदिवासी कुड़मि समाज रामगढ़ के नेताओ ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर मौजूद जिलाध्यक्ष संतोष महतो बसरिआर, जिला कोषाध्यक्ष कैलाश महतो, जिला सचिव चंद्रदेव हिंदुआर ने कहा कि कुरमी - कुड़मी समाज के लोग अलग अलग संगठन के माध्यम से अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ रहे है। लेकिन बेहतर सफलता प्राप्त नही हो रही है। इसी को लेकर सभी 15 संगठन के लोग एकजुट होकर अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे। इसके लिए आगामी 19 अगस्त को एकदिवसीय कार्यशाला आहूत की गई है। जिसमे सभी 15 संगठन के नेताओ के अलावे विभिन्न राजनीतिक पार्टियों में शामिल समाज के नेता व जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उन्होंने आगे कहा कि कुरमी - कुड़मी समाज को आदिवासी का दर्जा देने होगा। साथ ही कुड़मालि भाषा को भाषा की आठवी सूची में शामिल करना होगा। नही तो समाज के लोग एकजुट होकर आगामी 20 सितंबर से बृहत झारखंड में सात दिवसीय रेल रोको अभियान की शुरूआत करेंगे। फिर भी हमारी मांगे नही मानी गई तो और जोरदार ढंग से आंदोलन किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस मे समाजसेवी राजेंद्रनाथ चौधरी, आदिवासी कुड़मी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगेश्वर महतो नागवंशी, संगठन सचिव मथुरा महतो, जिला उपाध्यक्ष दीपनाथ महतो मौजूद थे।



रजरप्पा में होने वाले एकदिवसीय कार्यशाला की जानकारी देते समाज के लोग।

**19 सितंबर की कार्यशाला में कई संगठन के लोग होंगे शामिल।** रजरप्पा में आगामी 19 सितंबर को होने वाले एकदिवसीय कार्यशाला में म कुरमी कुड़मी समाज के संरक्षक अजीत प्रसाद, टोटोमिक कुरमी कुड़मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, झारखंड कुरमी महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो, गुणधाम महतो व वाई सी कुटुम के केंद्रीय रआयोजक ज्ञानेश्वर सिंह शामिल होंगे।

---

## सिनेश्वर बेदिया और सिकेंद्र बेदिया मेमोरियल महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# खेल-कूद स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी: रौशनलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** स्वंत्रता दिवस के अवसर पर चैनगड़ा में सिनेश्वर बेदिया एवं सिकेंद्र बेदिया मेमोरियल महिला फुटबॉल का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट में चार टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें फाइनल मैच में ऑस्कर इंडियन टीम रांची एवं हजारीबाग की टीम के बीच खेला गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव प्रभारी रौशनलाल चौधरी,विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो उपस्थित हुए। मैच का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा संयुक्त रुप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और किक मारकर किया। मैच में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।इस रोमांचक मुकाबले में ऑस्कर इंडियन रांची ने हजारीबाग की टीम को एक गोल से पराजित कर दिया,विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पर हरेश राय, रविन्द्र मुंडा, वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा, तुलेश्वर उरांव, द्वारिका प्रसाद, गिरीशंकर महतो, संजय महतो, अवधेश शमा, मो०नसरूदीन अंसारी, इमामुल अंसारी, झलकु बेदिया, सरवर आलम, बिट्टू बेदिया, राजेश बेदिया, सहित अन्य उपस्थित थे।



---


## केंद्रीय विद्यालय में तीन दिवसीय संभागीय खेलकूद समारोह 2022 का शुभारंभ





**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** 17 से 19 अगस्त 2022 तक चलने वाले तीन दिवसीय संभागीय खेलकुद (एथलेटिक्स) का सुभारंभ के.वि रामगढ़ कैंट में हुआ। प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, राँची संभाग के लगभग 26 विद्यालयों के कुल 238 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। सभी प्रतिस्पर्धा तीन वर्गों में आयोजित हो रही है। जिसमें व-14 (बालक/बालिका), व-17 (बालक/बालिका) तथा व-19 (बालक/बालिका) शामिल है। इस एथलेटिक्स कार्यक्रम के विधिवत शुरूवात की घोषणा प्राचार्या, केन्द्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट, डॉ. अमिता ज्योत्स्ना बाड़ा के स्वागत भाषण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे, नामित अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति, के.वि. रामगढ़ कैंट थे, जिन्होने कार्यक्रम का शुभारंभ स्पोर्ट्स मशाल जला कर तथा स्पोर्ट्स ध्वज लहरा कर की। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलकुद की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा जीवन जीवन में अनुशासित रहते हुए आगे बढ़ने का मंत्र दिया। कार्यक्रम को रंगारंग रूप देने के लिए विद्यालय की छात्राओं नें समूह गीत एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के खेलकुद शिक्षिक शिबनोद कुमार मिश्रा नें सभी केन्द्रीय विद्यालय से आए प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम के नियमों को विस्तृत रूप से बताया ।उन्होने यह भी बताया इस तीन दिवसीय संभागीय स्तरीय खेलकुद में चयनित होने वाले छात्र केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में रांची संभाग का प्रतिनिधित्व करेगे।

## जरूरतमंद महिला के लिए किया रक्तदान : शशिकांत



**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** मुस्कुराहटें संस्था अपने करें रक्तदान, दें जीवनदान अभियान के तहत क्षेत्र के लोगों को रक्तदान के प्रति निरंतर जागरूक कर रही है। गत दिनों एक स्थानीय महिला का हीमोग्लोबिन काफी कम हो जाने के कारण उनको रक्त चढ़ाने की आवश्यकता थी। इस संदर्भ में उनके परिजन के द्वारा मुस्कुराहटें संस्था से संपर्क किया गया। उनकी आवश्यकता की पूर्ति हेतु मुस्कुराहटें संस्था के वरिष्ठ सदस्य शशिकांत रवि ने मंगलवार को रामगढ़ सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष केंद्र जाकर रक्तदान किया। मौके पर शशिकांत रवि ने कहा कि समाज के जरूरतमंद के लिए रक्तदान कर काफी खुशी महसूस हो रही है। रक्तदान महादान है। सभी योग्य युवाओं को निरंतर रक्तदान करना चाहिए, ताकि समय पर जरूरतमंदों को उपलब्ध हो सके एवम् उनकी जान बच सके। परिजनों ने मुस्कुराहटें संस्था के प्रति आभार प्रकट किया।

# आईआरसीटीसी ने आईएचएम में 'हॉस्पिटैलिटी मॉनिटर' पद के लिए लिया इंटरव्यू



**प्लेसमेंट इंटरव्यू में आईएचएम रांची, आईएचएम शिलॉग, बीआईटी मेसरा, रांची एवं आरकेडीफ यूनिवर्सिटी के कुल 28 छात्रों ने भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी), पूर्वी क्षेत्र द्वारा इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची में दिनांक 17 को नेशनल कॉउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट, नॉएडा एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (ईग्नू) से एफिलिएटेड आईएचएम से त्रिवर्षीय बी.एससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन (स्नातक) पाठ्यक्रम में शैक्षणिक वर्ष 20-21 एवं 21-22 से उत्तीर्ण छात्रों का हॉस्पिटैलिटी मॉनिटर पर चयन हेतु वाक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया जिसमें आईएचएम रांची, आईएचएम शिलॉग, बीआईटी मेसरा, रांची एवं आरकेडीफ यूनिवर्सिटी के कुल 28 छात्रों ने भाग लिया।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईआरसीटीसी के श्रीमती मधुमिता चटर्जी, संयुक्त महाप्रबंधक/एचआरडी, कोलकाता, अनवर करीम, सहायक महाप्रबंधक/कैटरिंग, कोलकाता, राजेश कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक/कैटरिंग, पटना, राजेंद्र बोर्मन, उप महाप्रबंधक/कैटरिंग, कोलकाता, जुबराज मिंज, प्रबंधक/कैटरिंग, रांची, नीरज सिन्हा, प्रबंधक/कैटरिंग, पटना, मुकेश प्रसाद, मुख्य सुपरवाइजर/कैटरिंग रांची, श्रीमती सुमिताब मित्रा, डीइओ, रांची द्वारा छात्रों का साक्षात्कार किया गयो आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने आईआरसीटीसी द्वारा छात्रों के लिए आयोजित इस रोजगार सृजित अवसर की सराहना करते हुए बताया कि आईएचएम रांची छात्रों को पर्यटन एवं आतिथ्य के क्षेत्र में रोजगार प्रदान एवं सृजन करता आया है साथ ही भविष्य में भी इस ओर अग्रसर रहेगा तथा आने वाले समय में वाक इन इंटरव्यू आईएचएम दुगार्पुर, हाजीपुर, कोलकाता, गुवाहाटी, गंगटोक में भी आयोजित किया जायेगा।

# आसमान छूती महंगाई व बढ़ती बेरोजगारी ने लोगों के मुंह का निवाला छीना: बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** देश के युवाओं और आम लोगों को बेरोजगारी व महंगाई खत्म करने का सुनहरा सपना दिखाकर सत्ता प्राप्त करने वाले मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण एक और जहां करोड़ों युवा बेरोजगारी का दंश झेलने को मजबूर हो रहे हैं, वहीं आसमान छूती महंगाई ने लोगों के मुंह का निवाला छीन लिया है। ये बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व विधायक तथा खूंटी जिला के संगठन प्रभारी बंधु तिर्की ने बुधवार को खूंटी परिसदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ अपना खजाना भरने में लगी है। प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा कर सत्ता हासिल करने वाले मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज 14 करोड़ युवा बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आसमान छूती महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ खड़ी है। पार्टी संसद से लेकर सड़क तक लगातार इसके खिलाफ आवाज बुलंद कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई कम करने और रोजगार को लेकर युवाओं से किए अपने वादे को अविलंब पूरा नहीं करती है, तो कांग्रेस अपने इस आंदोलन को आम जनता के सहयोग से और तेज और धारदार बनाएगी। इसे लेकर 17 से 23 अगस्त तक प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में महंगाई पर चौपाल चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर आम लोगों को केंद्र सरकार की गलत नीतियों से अवगत कराते हुए उन्हें अपने हक के लिए जागरूक किया जाएगा।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, जिला महासचिव पीटर मुंडू, आदिवासी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विल्सन टोपनो, युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, मरियम केरकेट्टा, पौलुस पूर्ति, नरेश तिर्की, देवजीत देवघरिया, शशि होरो, सोनू इमरान आदि कांग्रेसी भी उपस्थित थे।

## खूंटी में दुर्गोत्सव की तैयारी शुरू, पंडाल निर्माण के लिए किया भूमि पूजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सावन माह खत्म होने के साथ ही शहर में दुर्गोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। बुधवार को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, नेताजी चौक खूंटी के पूजा पंडाल के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। जिले में दुर्गा पूजा का सबसे बड़ा आयोजन समिति द्वारा किया जाता है। कोरोना काल के दो साल बाद महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर समिति के सदस्य सक्रिय हैं। भूमि पूजन में अनूप साहू, नकुल भगत, लव चौधरी, कुमार सौरभ, वाल्मीकि लहकार, नीरज चौरसिया, अमर साहू, सुमित चौरसिया, बजरंग साहू, मनोज लहकार आदि उपस्थित थे। समिति के अनूप साहू और कुमार सौरभ ने बताया कि इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इको फ्रेंडली पंडाल बनाया जाएगा।

## विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया अंग वस्त्रों का वितरण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मनसा पूजा के लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने बुधवार को मनसा पूजा में शामिल भक्तों के बीच अंग वस्त्र का वितरण किया। मौके पर विहिप के जिला उपाध्यक्ष विकास मश्रा, जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी, नगर अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, जिला संयोजक विशाल साहू, सह संयोजक प्रियांक भगत और प्रकाश कुमार, गोरक्षा प्रमुख विश्वदेव कश्यप, सह सुरक्ष प्रमुख अभिषेक ग्रामीण अध्यक्ष रोहित साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आरएसएस के शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खूंटी जिला के सेवा विभाग द्वारा तजना लाह फैक्ट्री खूंटी में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। घंटों चले इस रक्तदान शिविर में 40 लोगों ने स्वेच्छा से अपना रक्तदान किया। शिविर में रिम्स रांची ब्लड बैंक के डॉक्टर ऋषभ सिंह एवं उनकी टीम द्वारा रक्त दाताओं से रक्त संग्रह किया गया। इससे पूर्व शिविर का विधिवत उद्घाटन आरएसएस के जिला कार्यवाह शशि पाण्डेय ने किया। शिविर को सफल बनाने में संघ के जिला कार्यवाह शशि पाण्डेय के अलावा डॉ अवधेश कुमार, दिलीप कर, मनोज कुमार, नगर कार्यवाह रोशन ठाकुर, सत्यम मिश्रा, सेवा प्रमुख जितेंद्र राम, विकास कुमार, कबीर, देव, अनिल कुमार सिंह, विद्यार्थी परिषद के कमलेश, श्रीकांत कर, रमेश महतो, राजेश, विजय गांगुली, तजना लाह फैक्टरी के मैनेजर असीम बोस, फैक्टरी के संचालक रोशन लाल शर्मा, अरुण शर्मा आदि ने योगदान दिया।

## समाजसेवी दिलीप शर्मा को मातृशोक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिकुवादाग के राजपुरोहित परिवार की बहू और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप शर्मा की माता सीता देवी शर्मा का निधन सोमवार की देर रात अपने पैतृक आवास में हो गया। 96 वर्षीय स्व सीता देवी शर्मा तीन पुत्रों और छह पुत्रियों के अलावा नाती-पोता और परनातियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। मंगलवार को हुटुप नदी स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सीता देवी शर्मा एक धर्मपरायण महिला थी और गरीबों की सहायता में हमेशा आगे रहती थीं।





































































# कांके में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** कांके क्षेत्र में 76वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सरकारी गैर सरकारी संस्थानों, घरों, दुकानों, वाहनों में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन किया गया। साथ ही झंडे को सलामी दी गई। इस मौके पर देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों को भी याद किया गया। साथ ही सरहद पर ड्यूटी दे रहे हैं जवानों को भी याद कर किया गया। इस मौके पर सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में कई कार्यक्रम भी आयोजित की गई। रिंग रोड सुकरहुटू कांके स्थित 40वीं बटालियन आईटीबीपी में सेनानी अनंत नारायण दत्ता, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख सोमनाथ मुंडा, कांके जेनरल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में निदेशक डॉक्टर शंभू प्रसाद सिंह, कांके थाना में थाना प्रभारी ब्रज कुमार, प्राथमिक विद्यालय कदमा कांके में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष, निमार्णाधीन कैंसर हॉस्पिटल समीप कदमा में कांग्रेसी नेता मदन कुमार महतो,सीआईपी कांके में निदेशक बी दास, ब्लॉक चौक अरसंडे में समाजसेवी पंकज सिंह, कांके चौक में भाजपा नेता अनिल महतो टाइगर रिनपास वार्डर लाइन में और रिनपास मानसिक अस्पताल में प्रभारी निदेशक डॉ जयति शिमलाई, अमिता बालिका उच्च विद्यालय में कांग्रेसी नेता व पूर्व विधायक बंधु तिर्की व बोड़या सचिवालय में मुखिया सोमा उरांव, जयपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया सुधीर मुंडा ने झंडोत्तोलन किया और झंडे को सलामी दी।

# रातू तिलता रिंगरोड में गुड़ लदा ट्रक पलटा

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तिलता रिंग रोड में बुधवार की दोपहर एक गुड़ लदा 407 ट्रक पलट गया। वाहन दुर्घटना के बाद रोड में गुड़ से भरा बोरा फैल गया। दुर्घटना में ड्राइवर, लेबर के अलावा फाइनेंस कंपन्नी के लोग बाल बाल बच गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। ट्रक के ड्राइवर अरुण कुमार ने बताया कि पंडरा बाजार से गुड़ लोड कर वह रामपुर के लिए निकला था। रिंग रोड के पास पहुंचते ही एक कार में सवार चार लोगों ने ट्रक को ओवर टेक कर रोका। उसमें से एक व्यक्ति ने अपने आप को सीजर बताते हुये ड्राइवर को डरा धमका कर सीट पर बैठ गया और ट्रक को मोड़ कर तेज गति से तिलता की ओर भगा ले जा रहा था, इसी ट्रक पलट गया।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दिलीप बड़ाईक
जिला परिषद सदस्य अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड जारी
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कान्ति कुमारी
बीपीओ अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड जारी, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विनय एक्का
मुखिया जरडा पंचायत अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड जारी
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अर्जुन निरंजन लकड़ा
समाज सेवी अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड जारी
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



महबूब खान
समाज सेवी अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड जारी, गुमला
15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



म्रियानुष तिग्गा
जिला परिषद सदस्य डुमरी
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



इग्नियस मिंज (प्रदीप)
मुखिया जुर्म पंचायत, डुमरी, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सत्यम कुमार केसरी
अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा डुमरी
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मनीष कुमार
थाना प्रभारी डुमरी थाना, डुमरी, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अमरेश टोप्पो
प्रधानाध्यापक +2उच्च विद्यालय टांगरडीह डुमरी, गुमला
INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जून उरांव
समाज सेवा डुमरी, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अमित कुमार जयसवाल
रघु बीज भंडार चैनपुर, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अनिल लोहरा
जिला महामंत्री भाजपा एसटी मोर्चा, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



आशुतोष कुमार सिंह
थाना प्रभारी चैनपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बोनीफास कुजूर
जिला सचिव आजसू पार्टी गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नवीन प्रकाश आइंद
सचिव लैंपस कुरूमगढ़
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अरविंद मौर्य
मंडल उपाध्यक्ष चैनपुर, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



शोभा देवी
मुखिया चैनपुर पंचायत, चैनपुर, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



फा. इनोसेंट कुजूर
प्राचार्य परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मेरी लकड़ा
जिला परिषद सदस्य चैनपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



एवेंद्र राम
प्रखंड अध्यक्ष लोहरा समाज चैनपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जय मंगल भगत
पोस्ट मास्टर चैनपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अमित टोप्पो
भेंडर चैनपुर प्रखंड, चैनपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मनीष कुमार
समाज सेवी चैनपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अनुज एक्का
कंप्यूटर ऑपरेटर अनुमंडल कार्यालय चैनपुर, गुमला
INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दीपक टोप्पो
प्रखंड अध्यक्ष आजसू चैनपुर, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुशील दीपक मिंज
मुखिया बेन्दोरा पंचायत चैनपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नन्हा मुन्ना राही हूं। देश का सिपाही हूं।



आनया खातून
चैनपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रेशमा रेखा मिंज
अंचलाधिकारी अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड जारी
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नीरज कुमार शर्मा
सांसद प्रतिनिधि, चैनपुर, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



गौतम कुमार
अंचल अधिकारी चैनपुर, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सिस्टर बसंती टोप्पो
प्रधानाध्यापिका संत अन्ना उच्च विद्यालय चैनपुर, गुमला
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

## आजादी के अमृत महोत्सव परर नामकुम में दिव्यांगों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव को खास बनाने के लिये सोमवार सुबह दिव्यांग स्वाभिमान मंच के बैनर तले तिरंगा यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के सचिव मुकेश कुमार ने की। तिरंगा यात्रा में दिव्यांगों ने ट्राई साइकिल और स्कूटी पर सवार होकर प्रखंड के सिलवे पंचायत भवन से तिरंगा यात्रा शुरू कर हुंडरु फॉल होते हुये गेतलसुद डैम तक गये। इस मौके पर दिव्यांगों का कहना था कि आजादी के अमृत महोत्सव में हमारी भी सहभागिता होनी चाहिये, इसलिए हम तिरंगा यात्रा निकाल रहे है। वहीं, मंच के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि दिव्यांग होना पाप नही है, लेकिन दिव्यांग हो कर देश के लिये कुछ भी न करना बहुत बड़ा पाप है।

## स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखी गयी जैक मैदान बरगावां की आधारशिला

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बरगावां पंचायत स्थित जैक मैदान का आधारशिला रविवार को स्वामी विवेकानंद क्रीडा के नाम पर रखी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभाष झा ने की। इस मौके पर मुख्य रुप से भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, बरगावां मुखिया अनिता तिर्की, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, दुर्गा शंकर झा, प्रभाष झा, मोहन ठाकुर, संतोष, विक्की, अरुण अन्य लोग उपस्थित थे।

# आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के बीच प्रशासन ने बांटी खुशियां

**बिरहोर बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री एवं फल, मिठाई का किया गया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर देशभर मे आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस क्रम मे सोमवार को प्रखण्ड के सुदूरवर्ती पहाड़सिंह गांव के बिरहोर टोला मे आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के साथ स्थानीय प्रशासन ने जश्ने आजादी को सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर मशहुर चित्रकार हरिनारायण महतो एवं नारी शक्ति पुनम देवी के हाथों बिरहोर बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री एवं फल, मिठाई आदि का वितरण कराया गया। मौके पर सीआई शैलेश कुमार, हरिनारायण महतो, पुनम देवी, मुखिया, पंसस सरनी देवी आदि ने बिरहोर परिवारों को आजादी के महत्व एवं अधिकारों के बारे मे बताया। इस दौरान बिरहोर परिवारों से उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे मे पुछा गया। मालुम हो कि प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के दिन यहां स्थानीय प्रशासन विलुप्त हो रही आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के साथ जश्न ए आजादी मनाती आ रही है। मौके पर पंचायत सचिव राजु राम, पुनीता एक्का, सोनाराम सिंह मुण्डा, पंकज गुप्ता, कविता कुमारी, सहचरी देवी, बहादूर लोहरा, पवन चैधरी, नरेश बिरहोर, इजराइल बिरहोर, सोमवारी देवी आदि मौजूद थे।

## श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो का हुआ गठन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो की बैठक महादानी मंदिर परिसर में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से महासमिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष साधन कुमार राय उपाध्यक्ष परना महतो,आलोक देवघरिया,अजय प्रसाद व शिवेंद्र सौरभ,संजीव कुमार कार्यकारी अध्यक्ष राहुल रक्षित,शशि गोप,सचिव उमेश महतो सह सचिव मुकेश कुमार राय कोषाध्यक्ष अंकित सोनी व सह कोषाध्यक्ष के पद पर बंटी गुप्ता चुने गए।साथ ही सदस्यों का भी चुनाव किया गया।यह जानकारी महासमिति के अध्यक्ष साधन कुमार राय ने दी।









































































# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का 17 से 23 तक हल्ला बोल कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में महंगाई पर हल्ला बोल कार्यक्रम पर जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित संवाददाता सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने किया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैए के कारण आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी, नोटबंदी सार्वजनिक संस्थानों को बेचना तथा अग्निपथ योजनाओं के विरोध में सभी विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत बाजारों, मंडियों एंव उपयुक्त स्थानों पर 17 से 23 अगस्त के बीच मंहगाई पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कर आमजनों के बीच मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की जायेगी। इसी कड़ी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के द्वारा उक्त कार्यक्रम के पश्चात 28 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में मंहगाई पर हल्ला बोल महारैली करने का निर्णय लिया गया है। संवाददाता सम्मेलन में कार्यकारिणी के सदस्य विरेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, महासचिव कृष्णदेव प्रसाद सिंह उपस्थित थे।




**28 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में मंहगाई पर हल्ला बोल महारैली करने का निर्णय लिया गया है।**

## प्रमुख अंजू देवी ने तिरंगा फहराया

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख अंजू देवी ने तिरंगा फहराया। प्रमुख मंजू देवी ने कहा कि हमारे देश का तिरंगा एकता की पहचान है, आजादी की शान है। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सना उस्मानी, जयनगर थाना प्रभारी अखिलेश कुमार, मुखिया राजकुमार यादव, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, मुखिया कौशर खान, जिला मंत्री सुधीर सिंह, भाजपा किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष सुरेंद्र मोदी, सरवर खान, रामकुमार, वीरेंद्र स्वर्णकार उपस्थित थे। जयनगर स्थित आदर्श शिशु टू प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में प्राचार्य दशरथ राणा, नेशनल पब्लिक स्कूल परसाबाद में निदेशक मुस्ताक खान, एके मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल में सोनिया यादव, ज्ञान भारती प्लस टू उच्च विद्यालय परसाबाद में निदेशक अरुण कुमार यादव, कम्पीटेंट पब्लिक विद्यालय तेतरोन चौक में मोहम्मद सत्तार, राज्य संपोषित उच्च विद्यालय प्लस टू कटिया परसाबाद में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार पांडे, अप्रिशिएबल पब्लिक स्कूल, कटिया में मुंशी यादव ने तिरंगा फहराया।

## शान से फहरा तिरंगा, लोगों ने दी सलामी

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड में पूरे हर्षो उल्लास और शान से तिरंगा फहराया गया। लोगों ने तिरंगे को सलामी देते हुए भारत माता की जय, बंदे मातरम समेत अन्य नारे लगाए। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख पार्वती देवी ने झंडो तोलन किया, उसके बाद साक्षरता कार्यालय में चंद्रधारी प्रसाद, सीएचसी में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर ओम प्रकाश, इचाक थाना में थाना प्रभारी धनंजय सिंह, केन हाई स्कूल में प्राचार्य रविंद्र चौधरी ने झंडोतोलन किया। इसके बाद इचाक मोड़ जिला परिषद अध्यक्ष के निजी कार्यालय में जीप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने और बाजार स्थित विधायक प्रतिनिधि कार्यालय में सचिदानंद अग्रवाल ने तिरंगा फहराया। बोंगा पंचायत भवन में मुखिया उमेश मेहता ने, बरीयठ पंचायत भवन में मुखिया निशु कुमार ने गोबरबंदा पंचायत भवन में मुखिया रंजीत मेहता ने, डूमरौन पंचायत भवन में मुखिया चोहन मेहता ने, नावाडीह पंचायत भवन में मुखिया काजल देवी ने, हदारी पंचायत भवन में मुखिया अशोक राम ने, पुराना इचाक पंचायत भवन में मुखिया किरण देवी ने, बरका दाड़ी घाघर पंचायत भवन में मुखिया नंदकिशोर मेहता ने, दाढ़ा पंचायत भवन में मुखिया सुनीता देवी ने, देवकुली पंचायत भवन में मुखिया मंजू देवी ने, मंगुरा पंचायत भवन में मीना देवी ने, बरका खुर्द पंचायत भवन में सीता कुमारी ने,बरका कला पंचायत भवन में सिकंदर राम ने, करियातपुर पंचायत भवन में मुखिया मोदी मेहता ने, कारीमाटी पंचायत भवन में मुखिया, कुरहा पंचायत भवन में मुखिया संगीता देवी, परासी पंचायत भवन में मुखिया अशोक कपरदार ने झंडोत्तोलन किया। इसके अलावा एलएम आईटीआई में बटेश्वर मेहता ने, जीएम कॉलेज में रामेश्वर महतो ने, कैंपियन बेसिक एकेडमी में बीरबल प्रसाद ने, जीडी इंटरनेशन में प्राचार्य स्वेता वर्मा ने, इंदिरा गांधी मेमोरियल में बिप्पिन सिन्हा ने, कांग्रेस कार्यालय में दिगंबर कुमार मेहता ने, छोटा अखाड़ा में गौतम कुमार ने, जेपी चौक पर जदयू जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता ने झंडा तोलन किया।



## कोडरमा के झील रेस्टूरेंट में चल रहा था सेक्स रैकेट

# 4 युवती और 6 युवक को गिरफ्तार





आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के झील रेस्टूट में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। कोडरमा एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर देर रात पुलिस ने झील रेस्टूट में छापेमारी कर 4 लड़की एवं 6 लड़के को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने मौके से कई आपत्तिजनक समान भी बरामद किया हैं। बताया जाता है कि यहाँ देह व्यपार के लिए लड़कियों को बुलाया जाता था। पिछले कुछ दिनों से सेक्स रैकेट का खेल चल रहा था। जानकारी के अनुसार यहाँ स्थानीय दलाल के द्वारा बंगाल से कॉल गर्ल्स को मोटी रकम के साथ सेट किया जाता था और बिहार-झारखंड और अलग-अलग इलाके से युवक झील रेस्टूट पहुंचते थे और झील रेस्टूट के अलग-अलग कमरो में युवकों को शराब के साथ लड़कियां परोसी जाती थी। फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए लड़के और लड़कियों से यह जानने में जुटी हैं कि इस देह व्यापार के खेल में कौन-कौन लोग शामिल हैं। जानकारी के अनुसार झील रेस्टूट का संचालक तपेश्वर साव और प्रफुल्ल सिंह की भूमिका भी संदेह के घेरे में हैं। इधर छापेमारी के बाद झील रेस्टुरेंट का मैनेजर मौके से फरार हो गया हैं। बताया जाता हैं कि इसमें कुछ सफेदपोश चेहरे के भी नाम सामने आ सकते हैं। जानकारी के मुताबिक देह व्यापार के लिए दो हजार का कमरा भी 20-30 हजार रुपये में भाड़े पर दिया जाता था।

**झारखण्ड सरकार**
**जिला परिषद, कार्यालय, कोडरमा**

**अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण**
**सूचना संख्या 02 / 2022–23**

निविदा सूचना संख्या:– Zila Parishad Koderma /02/2022-23

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय जिसमें जिला परिषद कार्यालय संचालित है का रंग–रोगन कार्य |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 443700/– (चार लाख तेतालीस हजार सात सौ रू0 मात्र) |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 1 माह |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य – रू0 1250.00 अग्रधन की राशि– रू0 8900.00 |
| 5 | निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 17–08–2022 |
| 6 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 26–08–2022 को अपराहन 01.00 बजे तक |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 26–08–2022 को अप0 2.00 बजे |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम व पता | जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट koderma.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, कोडरमा

PR 275865 Rural Development(22-23).D

## कई संस्थानों में हुआ झंडोत्तोलन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के विभिन्न जगहों पर स्वतंत्रता दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही विभिन्न संस्थानों के प्रधान ने तिरंगा फहराया। कोडरमा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में प्राचार्य राजेश कुमार, आरवीएस में प्रवीण वर्णवाल, पेंशनर समाज में नारायण मोदी, नगर पंचायत में जितेंद्र कुमार जैसल ने झंडोत्तोलन किया। कोडरमा स्थित बचपन प्ले स्कूल में निदेशक मधु कुमारी ने तिरंगा फहराया। इस दौरान स्कूल प्राचार्या श्वेता सरकार, सपना कुमारी के अलावा सतीश कुमार दीपू, शम्भू कुमार, संजीव समीर, अविनाश कुमार, सुनील कुमार, जितेंद्र वर्मा, मुकेश गंजू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## गांडेय विधायक से पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** झामुमो से गांडेय के विधायक और विधानसभा समिति के अध्यक्ष सरफराज अहमद ने गिरिडीह से कोडरमा जाने के क्रम मे पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता से उनके नवलशाही स्थित आवास मे औपचारिक मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गालियारों मे चर्चा का माहौल है। हालांकि विधायक ने इस मुलाकात को सिर्फ औपचारिक मुलाकात बताया। जाते जाते उन्होंने पूर्व जिप अध्यक्ष को क्षेत्र मे विकास व जनसमस्याओ के प्रति और मेहनत करने की सलाह दी। मुलाकात के दौरान विधायक व पूर्व जिप अध्यक्ष के बीच कोडरमा के ज्वलंत मुद्दों जैसे डीवीसी द्वारा बिजली कटौती, फ्लाई ऐश का खुलेआम परिचालन, होल्डिंग टैक्स की वृद्धि समेत कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। वहीं मरकच्चो के ग्रामीणों ने विधायक को पंचखेरो जलाशय को पर्यटन के क्षेत्र मे सरकार के द्वारा विकसित किये जाने के फैसले के बाद उसे कैंसिल किये जाने की बात से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि स्थानीय सीओ द्वारा उपायुक्त को दिगभर्मित किया गया है। जिसकी वजह से योजना कैन्सिल हुई है। ग्रामीणों ने विधायक से पंचखेरो जलाशय को पर्यटन के क्षेत्र मे विकसित करने की मांग की। मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष श्यामकिशोर सिंह, भीम साव, नवाडीह के पूर्व मुखिया मो. शाकिर, नीलू कुमार, मो. इस्लाम, शमसुल खान, मो. मकसूद समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक विशेष समुदाय के लोगों ने की प्रताड़ना, करवाया कान उठक-बैठक : अमन कुमार

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** जहां एक ओर पूरे देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद किया जा रहा है, वहीं दूसरी बड़कागांव में यह नारा शर्मसार हो रहा है। बड़कागांव के एक विशेष समुदाय द्वारा वीडियो वायरल का बहाना बनाकर सिरमा गांव में बीते 10 अगस्त की रात्रि को घर से बुलाकर अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज किया गया। उन्हें मुस्लिम धर्म अपनाने के साथ जान से मारने की धमकी देने के साथ मारपीट की गयी। दोनों नाबालिक बहनो को कान पकड़ कर उठक-बैठक करायी गयी। यह जानकारी देते हुए सनातनी धर्म प्रेमी प्रणेता अमन कुमार ने दी। वह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर भी बैठे हैं। अमन ने कहा कि बड़कागांव पुलिस को इस मामले में लिखित आवेदन देकर कई बार शिकायत की गयी। पीड़ित परिवार को पूर्ण सुरक्षा देने, सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करने के साथ-साथ पीड़ित परिवार पर पुलिस द्वारा किये गये झूठा मुकदमा वापस लेने की मांग की गयी। 15 अगस्त तक का समय दिया गया। इसके बाद भी पुलिस की शिथिलता बरत रही है। लिहाजा अनशन पर बैठने का निर्णय लिया गया। बुधवार को 11 बजे से 21 लोगों का समूह बड़कागांव दुर्गा मंडप परिसर में अनशन प्रारंभ किया है। यह अनिश्चितकालीन अनशन पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तक जारी रहेगा। वही इस संबंध में पीड़िता सुमन कुमारी की विधवा मां किरण देवी ने बताया कि मुखिया पुत्र समेत दर्जनों की संख्या में रात्रि 8:30 बजे आये। गाली गलौज करते हुए मेरे दोनों बेटियों को जबरन खींच कर अपने साथ लेते चले गये।

## ग्रिजली विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रिजली विद्यालय में 76 वे स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने इस अवसर पर विद्यालय में छात्रों की परेड का निरक्षण किया तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गयी परेड की सलामी ली। सीईओ प्रकाश गुप्ता ने सभी को आजादी की 75 वर्ष पूरे होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को अपनी इस स्वाधीनता पर गर्व होना चाहिए और हमे अपने स्वतंत्रता सेनानियों का भी शुक्रगुजार होना चाहिए जिनके अथक प्रयास एवं बलिदानों के कारण हमारा देश आजाद हुआ। परेड कमांडर दिनेश कुमार के नेतृत्व में शानदार परेड की प्रस्तुति दी। इसके अलावा इंटर हाउस फैंसी ड्रेस, कविता पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वहीं तनीषा सूद ने इंग्लिश स्पीच तथा हिमांशु सिंह ने हिंदी स्पीच की प्रस्तुति दी। छात्र सौरव एवं प्रियांशी सिंह ने एकल नृत्य, संस्कृति एवं ग्रुप ने जल संरक्षण के थीम पर ग्रुप डांस प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा हर्षिता बजाज, आस्था गौरव, प्रियानी चटर्जी, वैभवी भारद्वाज, तान्या सिन्हा, भूमि दक्ष ने किया।

## जल्द लाभुक से किया जायेगा रिकवरी: बीडीओ

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गाय का चारा घोटाला तो सुना ही होगा लेकिन अब बड़कागांव प्रखंड में गाय का सेड का भी घोटाला का भी घोटाला देखने को मिल गया। यह घोटाला है बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चोपदार बलिया पंचायत के खरांटी में अशोक प्रसाद के जमीन में योजना सांख्य 2021-22 के 1,46,722 की लागत से जेई सीताराम दीवान, पंचायत सेवक विशेश्वर मेहता, रोजगार सेवक संतोष कुमार, तत्कालीन मुखिया वाहिद हुसैन के देख रेख में गाय सेड का निर्माण गाय के रहने के लिए तैयार किया गया था लेकिन अब इस गाय सेड एक वेल्डिंग दुकान चलाया जा रहा है। और ये कोई पूरा गाय सेड नही है ये 2021-22 का योजना है। सूत्रों की माने तो ये भी दुकान लाभुक के द्वारा नही चलाया जा रहा है लाभुक किसी और रेंट पर मकान दे दिया गया है। बताते चले कि ऐसा ऐसा मामला प्रखंड में कमोबेस और भी देखने को मिल जायेगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार पांडेय से पूछे जाने उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी मिली है जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच कर पैसा रिकवरी करने व संबंधित सभी कर्मियों को स्पष्टीकरण देने आदेश दे दिया गया है। जल्द ही लाभुक से पैसा रिकवर करा लिया जाएगा और योजना को रद्द कर दिया जायेगा

किसान कॉल सेंटर–18001801551
**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़**
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक– सी0,
छत्तरमाण्डू, रामगढ़ (825101) ई0मेल– atmaramgarh@gmail.com
वेबसाईट– atmaramgarh.org.in

**–:निविदा सूचना:–**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उप विकास आयुक्त–सह–सचिव DMFT, रामगढ़ के स्वीकृत्यादेश संख्या– वि0–DMFT/VII-27/2022-453/वि दिनांक 27.07.2022 के आलोक में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पी.एम.के.के.के.वाई.) अन्तर्गत रामगढ़ जिला में Cluster Approach Organic Farming का कार्य किया जाना है। Cluster Approach Organic Farming के कार्य हेतु संस्थाओं से सील बन्द RFP आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचनापट्ट अथवा Website www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकताहै।

1- RFP प्राप्त करने की तिथि एवं समय:– दिनांक 06.09.2022 समय 02:00 अपराह्न तक।
2- RFP जमा करने का स्थान :– परियोजना निदेशक, आत्मा कार्यालय, रामगढ़।
3- RFP खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.09.2022, समय 11:00 पूर्वाह्न।
4- RFP खोलने का स्थान :– समाहरणालय सभाकक्ष, ब्लॉक–A,रामगढ़।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आत्मा, रामगढ़

PR275804 (Agriculture)22-23*D

**ई–प्रोक्योरमेंट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग**
**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0– BCD/BCHZB/HAZARIBAG/05/2022-23 दिनांक:– 17/08/2022

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Staff Quaters (Block A & Block B) at VBU Campus, Hazaribagh | Rs. 59,53,764/- | 03 (Three Month) | 29/08/2022 12.30 अपराह्न तक | 22/08/2022 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 2 | Repair, Renovation & Water Proof Roof Treatment at J.C. Bose Building in VBU Campus Hazaribag | Rs. 55,48,319/- | | | | |
| 3 | Construction of Classrooms for University Department of Education at basement of Kautilya Bhawan, Construction of Ramp approaching to the basement and Beautification of the Courtyard of Kautilya Bhawan in VBU Campus Hazaribag | Rs. 60,52,235/- | | | | |

ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या 06546 222640
- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.

नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग।

PR 275877 Building(22-23)D

**District Health Society Koderma**

Letter no........... .dt.........

**EXPRESSION OF INTEREST**
**EOI No : 09/2022Date of Interview : 24.08.22**

**Introduction**

Sadar Hospital Koderma is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services like (Normal and Caesarian delivery, Pathology, SNCU, Blood Bank etc.). To increase the services more effectively, the Hospital Management Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Specialist and Medical Officers for strengthening health infrastructure and resources in Sadar Hospital, Koderma under Pradhan Mantri Jan Arogya Yojna and DMFT.


| Sl No | Name of Post | No of Post | Minimum Qualification | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Gynaecologist | 2 | MS/MD Gynaecology/DGO | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 2. | ENT Specialist | 1 | MD/MS in ENT | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 3. | Orthopaedic Surgeon | 1 | D.Ortho/M.S/DNB (Orthopaedics) | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 4. | Ophthalmologist | 1 | MS/DNB / Diploma | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 5. | Radiologist | 1 | MD/ DMRD/DNB | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every case. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 6. | General Physician | 1 | MD | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every case. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 7. | General Surgeon | 1 | MS/DNB | • Minimum 10 working days in a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. • Extra incentive of 10% based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 8. | General Duty Medical Officer | 5 | MBBS | • Rs 65,000 monthly remuneration. • Rs 10 as extra incentive for treating per patient in OPD. |

1. The jobs offered are contractual for tenure of one year from the date of joining and can be renewed further after successful completion of agreement period upon mutual consent and performance review or appraisal.
2. TDS will be applicable as per Government rules and leave shall be availed as according to provision of State government.
3. Age limit - 60 years as on 01.03.2022.
4. Interested candidates are requested to report with filled Annexure A, at 11.00 AM on August 24, 2022 at District Collectorate Hall, Koderma - 825410 for the above interview with their Original Certificates and Testimonials as mentioned in application form.
5. The remuneration as mentioned above is negotiable and will be finalized during counselling/ interview session to be held on August 24, 2022.
6. Chairman, District Health Society, will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
7. The undersigned reserves the right to cancel/reject the advertisement without assigning any reason thereof.
8. For any enquiry, candidates can contact the following mobile numbers during official hours – Mr Mahesh Kumar, District Programme Manager, Contact no 8709947026 , 9065527608. Email id nhmreckod@gmail.com.
9. Annexure A and other details can be downloaded from district website http:// koderma.nic.in.

Civil Surgeon cum Chief Medical Officer
Koderma

PR275872 (Health Med Edu and Family Welfare)22-23*D

## हैदरनगर में बाजार के लिए निकला किशोर लापता



हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)। हैदरनगर थाना के लोहरपुरा ग्राम से बाजार जाने के नाम पर निकला 17 वर्षीय किशोर अचानक लापता हो गया। परेशान परिजनों द्वारा तलाश जारी हैं। बताया गया कि बीते 11 अगस्त की सुबह 11 बजे शुभम कुमार अपने घर से बाजार के लिए निकला था। लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा आस-पड़ोस सहित रिश्तेदारों से पास पूछने पर भी इसका कोई सुराग नहीं मिला। थम हार कर रविवार को हैदरनगर थाने में परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुभम हैदरनगर के लोहरपुरा गांव निवासी बिनोद राम का पुत्र है।

### एके सिंह कालेज जपला के वार्षिक शैक्षणिक एवं प्रतिभा सम्मान का समापन

# एके सिंह कालेज में स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए की जायेगी पहल : कुलपति

**प्रतिभाओं का सम्मान करने से आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा : विधायक कमलेश सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय टाउन हॉल में एके सिंह कालेज के वार्षिक शैक्षणिक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विधायक कमलेश कुमार सिंह और संचालन प्रो राहुल सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति डॉ रामलखन सिंह, प्रति कुलपति डॉ दीपनारायण यादव और विधायक कमलेश कुमार सिंह आदि ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर किया। प्रचार्य सूर्यमणि सिंह ने कॉलेज के संदर्भ में जानकारी दी। वहीं, प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने एनएसएस की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनपीयू के कुलपति ने कहा कि एके सिंह कालेज की प्रतिभा हर क्षेत्र में आगे है। यह झारखण्ड का एक मात्र कॉलेज है जहां सबसे अधिक संख्या में बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है। उन्होंने कहा कि आप राष्ट्रीय स्तर पर भी कालेज का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि एके सिंह कालेज जपला में स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए भी सार्थक पहल किया जाएगा। वहीं, विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि एके सिंह कालेज हुसैनाबाद का गौरव है। यहां के बच्चे हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने प्राचार्य व कालेज प्रबंधन से उनके लिए और मनोबल बढ़ाने की बात कही। उन्होंने प्रतिभागियों के हौसला अफजाई के लिए प्रतिवर्ष विधायक कोटे से दो लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की. इस दौरान मौके पर कालेज के वार्षिक शैक्षणिक व खेल के क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने लालों को ट्राफी, कप व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप में सचिव रोनक सिंह, श्रवण अग्रवाल, डॉ रामसुभग सिंह, मुकेश सिंह, जयशंकर प्रसाद सिंह, डॉक्टर शिव कुमार विश्वकर्मा, अजय कुमार, अभिषेक कुमार, सुनील सिंह, अरुण सिंह, प्रो डॉक्टर आलोक रंजन समेत सैकड़ों छात्र-छत्रायें मौजूद थे।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कमलेश सिंह और कुलपति डॉ रामलखन सिंह व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### विधायक ने किया पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इटवा से मोकहर होते सिंघना तक व बरेवा से भडुआ तक सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि उनके पूर्व 10 वर्ष के बीच किसी भी ग्रामीण सड़क पर एक डेली मिट्टी डालने का काम भी किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि उनके चुनाव जीतने के बाद एक-एक कर ग्रामीण सड़कों की स्थिति सुधारने के साथ अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों सड़को के अलावा अन्य कई सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हैदरनगर अस्पताल को एक और चिकित्सक उपलब्ध कराने का वह प्रयास कर रहे हैं। इस स्वतंत्रता दिवस पर एनसीपी परिवार ने हुसैनाबाद की राजनीति से जात और संपदय वाद खत्म करने का संकल्प लिया है। हुसैनाबाद विकास की राजनीति को बढ़ावा देगा। इसका संदेश राज्य व देश स्तर तक जायेगा।उन्होंने कहा कि कार्य करने वाली एजेंसी गुवत्ता का खयाल रखेगी। गुणवत्ता से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा। इस मौके पर एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, मनान खान,अजीत सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, उप प्रमुख पप्पू पासवान, नरेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, विनय पासवान, संजय सिंह, मुखिया जितेंद्र कुमार सिंह, निरंजन सिंह, जिलानी अंसारी,चंदन सिंह, बिमलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## पलामू को अविलंब अकाल क्षेत्र घोषित करे सरकार: कर्नल संजय



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में किसान ब्रिगेड के तत्वधान में एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता सत्येंद्र मेहता और संचालन विनोद पासवान ने किया। हरिहरगंज प्रखंड के सभी पंचायतों के विभिन्न गांवों से काफी संख्या में महिला पुरुष इस धरना में शामिल हुए। धरना के माध्यम से किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों ने सरकार से पलामू जिला को अविलंब अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत योजना चलाने की मांग की। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र सहित पूरा पलामू जिला सूखे की चपेट में है और कहीं ड्डी धान की फसल हो या फिर दलहन की फसल इसका रोपाई बुआई नहीं के बराबर हुई है। रोजगार के लिए लोग पलायन करने को मजबूर हैं। दूसरी तरफ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। कोई भी सरकारी कार्य बिना रिश्वत दिए पूरा नहीं हो पा रहा है। जब तक सरकार अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य नहीं शुरू कर देती तब तक किसान ब्रिगेड चरणबद्ध तरीके से सभी प्रखंड मुख्यालयों पर धरना देकर अपनी आवाज उठाता रहेगा। यदि इसके बाद भी हमारी मांगें को नहीं पूरा किया गया तो हम जिला मुख्यालय के समक्ष धरना देंगे। दूसरी ओर, धरना के बाद मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्री मांग पत्र प्रखंड कार्यालय के बड़े बाबू को सौंपा गया। इस मौके पर समाजसेवी भीष्म नारायण सिंह सांसद प्रतिनिधि मथुरा गुप्ता, सत्येंद्र भुईयां, रमेश ठाकुर, रघुनंदन साव, फुटूक सिंह, सरसोत पंचायत के मुखिया विनय सिंह, मजदूर संघ के नेता सच्चिदानंद सिंह, उपेंद्र मेहता, लाल बहादुर सिंह, कपिल देव राम, सुधीर कुमार सिंह, डबल सिंह, अमित कुमार सिंह, के अलावा सैकड़ों संख्या में ग्रामीण जनता और किसान उपस्थित थे।

## कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण से दिव्यांगजनों को काम करने में आसानी होगी : जटा शंकर

**महाराजा अग्रसेन भवन में हुआ निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच डालनगंज शाखा एवं प्रकाश चंद्र जैन सेवा सदन की ओर से नेशनल मारवाड़ी फाउंडेशन के सहयोग से महाराजा अग्रसेन भवन में निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रुप में पहुंचे आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कहा कि कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण से दिव्यांगजनों का जीवन आसान होगा। उन्हें काम करने में आसानी होगी। आयुक्त ने कहा कि इस शिविर में जिन दिव्यांगजनों ने पंजीयन कराया है, उन्हें टेक्नीशियन टीम द्वारा हाथ और पैर की नापी ली गई और तकनीक प्रक्रिया द्वारा कृत्रिम अंग बनाकर उन्हें लगाया गया। मारवाड़ी युवा मंच की इस पुनीत कार्य के लिए उन्होंने धन्यवाद देते हुए सामाजिक कार्यों की सराहना की। आयुक्त ने शिविर का अवलोकन किया और टेक्नीशियन टीमों द्वारा निःशुल्क अंग बनाने एवं उसके प्रत्यारोपण से संबंधित पूरी जानकारी ली। साथ ही दिव्यांगजनों से बातचीत कर उनकी दिव्यांगता से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने महिला सदस्यों को महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेहतर कार्य करने की सलाह दी, ताकि अन्य महिलाओं के साथ ही समाज का उत्थान संभव हो सके। वहीं, कार्यक्रम संयोजक गिरधारी गर्ग एवं गोपाल छपरिया ने बताया कि मंच द्वारा निःशुल्क ऑक्सीजन, कृष्णा होम्योपैथिक दवाखाना, एंबुलेंस, अमृतधारा, स्थाई पंसाला आदि सामाजिक कार्य समय-समय पर किए जाते रहे हैं। वहीं, विकास उदयपुरी ने बताया कि निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर को लेकर आमजनों में पिछले तीन माह से प्रमंडल क्षेत्र में जनजागरूकता की गई, ताकि जरूरतमंद व्यक्तियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जागरूकता का परिणाम है कि शिविर में 187 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है, जिसमें 165 लोगों को नेशनल मारवाड़ी फाउंडेशन के टेक्नीशियन टीम के द्वारा कृत्रिम अंग तैयार कर लगया गया है। इस टेक्नीशियन टीम में नारायण पांडेय, देवेंद्र मिश्रा, विजय मिश्रा, अखिलेश पांडेय एवं संगम पांडेय शामिल हैं। शिविर में डी क्लब के द्वारा शुगर, बीपी की जांच एवं होम्योपैथिक दवाखाना के डॉ. कृष्णा गोस्वामी द्वारा मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया।

इस मौके पर पवन खेतान, गिरधारी गर्ग, विकास उदयपुरी, विमल उदयपुरी, विशाल महलका, ज्ञानचंद भुत, रवि कामदार, भरत सांवरिया, बद्री सिंघानिया, टिंकू शंघाई, अलका सिंघानिया, लवली मोदी, मधु गर्ग, गुड्डी पोद्दार, नीतू केजरीवाल, रंजीता केडिया थे।



## आरोपित पति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्वजनों-ग्रामीणा ने किया थाने के समक्ष प्रदर्शन



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के जुझार सिकनी गांव की विवाहित बेटी पिंकी की हत्या के नियत से मार कर फेंकने के आरोपित पति सूरज पासवान को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग को लेकर महिला संगठन एपवा के नेतृत्व में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने हुसैनाबाद थाना के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में कई नारों से संबंधित तख्तियां ले रखी थीं। इसमें सूरज पासवान को पुलिस संरक्षण देने का आरोप लगाया गया है। साथ ही प्रदर्शनकारी सूरज को गिरफ्तार करने एवं पिंकी को न्याय देने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के शिवा बिगहा निवासी सूरज पासवान अपनी पत्नी पिंकी कुमारी को इलाज के बहाने वाराणसी ले गया था, जहां कथित रूप से उसे जान मारने की नियत से मारकर फेंक दिया था। लेकिन वह बच गयी। कुछ चरवाहों की सूचना पर झाड़ी से ले जाकर यूपी पुलिस ने उसका इलाज बीएचयू में कराया। बाद में पिंकी के भाई अजय पासवान ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर सरयू पासवान, प्रभा कुंवर, सुनीता देवी, अजय पासवान, संगीता देवी, ममता देवी, देवनंदन पासवान आदि के विरुद्ध नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज कराई। लेकिन इस मामले में हुसैनाबाद पुलिस ने अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। तब हुसैनाबाद पुलिस की कार्यशैली से गुस्साए पिंकी के मायके वालों ने एपवा के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया।इसके माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने पिंकी के साथ न्याय की गुहार लगाई है।

## राकेश तिवारी ने दिल्ली में जाकर थामा आप का दामन

**मुख्यमंत्री केजरीवाल के जन्मदिन पर बदला पाला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पूर्व विधायक प्रत्याशी राकेश तिवारी बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। राकेश ने कहा आज खास दिन है। अरविंद केजरीवाल जी का जन्मदिन है इसे यादगार पल के रूप में हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शिक्षा, स्वास्थ्य नीति से प्रभावित होकर आप में शामिल हुए हैं।इससे अच्छा दिन हो ही नही सकता जॉइन करने का। हालांकि बिना तैयारी के जॉइन कर गए इसका अपसोस रहेगा। अपने शुभचिंतको,मित्रों में से किसी के पास समय नहीं रहा जानकारी देने का। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरह झारखण्ड खासकर पलामू में शिक्षा और स्वास्थ्य की बहुत जरूरत है। झारखंड में भी केजरीवाल मॉडल की जरूरत है। लोगों का अब विश्वास सिर्फ और सिर्फ केजरीवाल जी पर है। इसका जीता जागता उदहारण पंजाब है। अब तैयारी गुजरात और हिमाचल प्रदेश की है। अब ईमानदार राजनीत की जरूरत झारखंड को है। इसकी शुरूआत हो चुकी है।



## सीआरपीएफ जवान की 100 वर्षीय मां ने किया झंडोत्तोलन




हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। काश्मीर के पुलवामा में पदस्थापित सीआरपीएफ जवान सुरेंद्र सिंह ने अपने पैतृक गांव पीपरा प्रखंड क्षेत्र के अखाड़ा पिपरा में अपने 100 वर्षीय मां धनराज कुंवर के हाथों आजादी के 75वे वर्षगांठ पर झंडोत्तोलन कराया। एचसी/जीडी सुरेंद्र सिंह पिता स्व० जगदीश सिंह जो इस समय पुलवामा कश्मीर में पदस्थापित हैं। उनकी इच्छा थी कि उनके जन्म भूमि अखाड़ा पिपरा में ही इस बार अपनी जननी के हाथों झंडोत्तोलन कराऊं। इसी सोच के साथ उन्होंने अपनी मां के हांथों झंडोत्तोलन करा कर मिशाल कायम किए। इस अवसर पर इनके उत्साहवर्धन के लिए पूरे गांव की जनता के साथ ही पिपरा थाना प्रभारी सूरज चैल अपने दलबल के साथ उपस्थित थे। वहीं मनकु सिंह ने कहा कि इस उम्र में शायद ही किसी महिला ने झंडोत्तोलन किया होगा। यह ऐतिहासिक पल हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। इस मौके पर अमरनाथ सिंह ,सुनील सिंह ,जितेंद्र सिंह, तेजनसिंह, राधेश्याम सिंह, वीरेंद्र प्रजापति, उपेंद्र राम, छोटन सिंह आदि थे।

## आजादी का सम्मान करें : अविनाश देव



मेदिनीनगर/हरिहरगंज (आजाद सिपाही)। संपूर्ण भारत वर्ष आजादी के 75 साल पूरा होने पर अमृत महोत्सव मना रहा है। बड़े ही मश्क्कत व शहादत के लम्बे अर्से बाद स्वाधीनता के रूप में बसंत का बज्रनाद हुआ था। झारखण्ड माटीकला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय मेदिनीनगर में तिरंगा फहराया गया। डीएसपी सुरजीत कुमार और सदर थानेदार कमलेश कुमार ने रेड रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर सुरजीत कुमार ने कहा कि दुनियां भौतिक रूप से आगे बढ़ा है लेकिन हमारा देश आत्मिक तरक्की कर रहा है। इस दौरान आजादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि यह आजादी हमें मुफ़्त में नहीं मिली है इसके लिये अनगिनत देश प्रेमियों ने अपनी शहादत दी है। आजादी के अमृत महोत्सव में हम सभी भारतीयों को संकल्प लेना है कि भारत को अब गुलाम नहीं होने देंगे। इस मौके पर शहर थाना टीओपी 2 के प्रभारी रुद्रानंद सरस, यातायात प्रभारी रामजीत सिंह, जटाधारी गुरूजी, अनूप प्रजापत्ति, पप्पू, विनोद प्रजापत्ति, शोभा प्रजापत्ति आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह स्थित नेशनल आईटीआई सह नेशनल पब्लिक स्कूल प्रांगण में आजादी के 75वां स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन कर आईटीआई के चेयरमैन सत्येंद्र मेहता तिरंगे झण्डे की सलामी दी। मौके पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा की आज हम आजादी के 75 वां स्वतंत्रता दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। यह तिरंगा हमारा आन बान शान है, इसके लिए अनेकों महापुरूषों ने अपना प्राण गवां कर देश की आजादी दिलाई। इस दौरान कुंदन कुमार, अरविंद सिंह, राहुल ठाकुर, प्रशांत कुमार, रवि रंजन वर्मा, सूर्यदेव प्रसाद मेहता, उपेंद्र मेहता, गोपाल प्रसाद, आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



आइसीसी ने साल 2023 से 2027 तक के फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम जारी कर दिया है। इन पांच सालों में आइसीसी के सभी 12 सदस्य कुल 777 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलेंगें।

### आइसीसी ने जारी किया एफटीपी : 30 साल बाद भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में होंगे पांच टेस्ट

# 5 साल में होंगे 777 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच, आइपीएल विंडो को भी मिला ग्रीन सिग्नल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में टी-20 लीग के बढ़ते दबदबे के बावजूद इंटरनेशनल मैचों की संख्या में इजाफा होने जा रहा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने साल 2023 से 2027 तक के लिए फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) जारी कर दिया है। इन पांच सालों में आइसीसी के 12 फुल मेंबर्स कुल 777 इंटरनेशनल मैच खेलेंगे। इनमें 173 टेस्ट, 281 वनडे और 323 टी-20 इंटरनेशनल मैच शामिल हैं। 2019-2023 के पिछले एफटीपी में कुल 694 मैच शामिल थे। यानी इस बार 81 मैच ज्यादा होंगे। हर साल अप्रैल और मई में बीसीसीआइ को आइपीएल का विंडो मिला है। इन दिनों इंटरनेशनल मैच न के बराबर होंगे। टीम इंडिया इस बीच 141 इंटरनेशनल मैच खेलेगी। इसमें 42 वनडे 38 टेस्ट और 61 टी-20 मुकाबले शामिल हैं।

### त्रिकोणीय सीरीज की होगी वापसी

ह्वाइट बॉल क्रिकेट में त्रिकोणीय सीरीज की वापसी हो रही है। फरवरी 2025 में पाकिस्तान की टीम अपनी मेजबानी में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के साथ वनडे ट्राई सीरीज खेलेगी। वहीं, जुलाई 2025 में जिम्बाब्वे, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच जिम्बाब्वे में टी-20 ट्राई सीरीज होगी। पाकिस्तान इसके बाद अक्टूबर-नवंबर 2026 में इंग्लैंड और श्रीलंका के साथ अपने घर में त्रिकोणीय वनडे सीरीज खेलेगा।



### बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में अब 5 टेस्ट

नए एफटीपी की सबसे खास बात भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के मैचों में इजाफा है। अब इस सीरीज में 5 टेस्ट खेले जाएंगे। 1992 के बाद यह पहली बार होगा जब बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 5 टेस्ट खेले जाएंगे। पिछले कुछ सालों से इस सीरीज में 4 टेस्ट मैच ही होते थे। 2023-2027 के बीच ड्डारत और ऑस्ट्रेलिया 5 टेस्ट मैचों की 2 सीरीज खेलेंगे। एक सीरीज ऑस्ट्रेलिया व एक भारत में होगी।

### 40 वनडे ज्यादा खेले जायेंगे

पिछली एफटीपी की तुलना में अगली बार 22 टेस्ट, 40 वनडे और 25 टी-20 मैच ज्यादा खेले जाएंगे। आइसीसी के इस कदम से यह बात भी निराधार साबित हो गई कि वह वनडे क्रिकेट पर ध्यान नहीं दे रही है। कई एक्सपर्ट वनडे क्रिकेट की घटती संख्या पर चिंता जता रहे थे।

### अगली दो डब्ल्यूटीसी के फेस-टु-फेस भी जारी

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले दो राउंड में कौन सी टीम किससे मुकाबला करेगी यह जानकारी भी सामने आ गई है। 2023-2025 डब्ल्यूटीसी में टीम इंडिया न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश की मेजबानी करेगी और ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के दौरे पर जाएगी। 2025-2027 डब्ल्यूटीसी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका की मेजबानी करेगी और न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका के दौरे पर जाएगी।

### आइसीसी इवेंट्स पहले तय शेड्यूल पर होंगे

2023 से 2027 के बीच होने वाले आइसीसी के तमाम ग्लोबल इवेंट्स पहले से तय शेड्यूल पर होंगे। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप ड्डारत में होगा। 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होंगे। 2025 में वनडे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान में खेले जाएंगे। ड्डारत और श्रीलंका मिलकर 2026 टी-20 वर्ल्ड कप होस्ट करेंगे। 2027 में वनडे वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होगा।

# विद्युत विभाग के मानव दिवस कर्मी व ऊर्जा मित्र रांची जिला संघ का गठन

**सर्वसम्मति से रुस्तम अंसारी को अध्यक्ष तथा सचिन कुमार राय को उपाध्यक्ष चुना गया**

**कमेटी के गठन के बाद 12 सूत्री मांगों को लेकर रणनीति बनायी गयी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

लापुंग। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल मानव दिवस कर्मी और ऊर्जा मित्र रांची जिला संघ का गठन केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया सिंह की देखरेख में किया गया।

सर्वसम्मति से लापुंग प्रखंड के ककरिया निवासी रुस्तम अंसारी को अध्यक्ष चुना गया वहीं लापुंग प्रखंड के रायटोली निवासी और ऊर्जा मित्र सचिन कुमार राय को उपाध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं विवेक द्विवेदी को सचिव, सुभाष लकड़ा तथा राहुल कौशिक को सह सचिव, मो. शाहिद को कोषाध्यक्ष तथा विशाल श्रीवास्तव को सह कोषाध्यक्ष चुना लिया गया।

वहीं कमेटी के कार्यसमिति सदस्य के रूप में अनमोल बरला, लाल विश्वनाथ शाहदेव, मिथुन कुमार सिंह, अविनाश सिंह, अभिषेक कुमार, मंदीप राम, रवि कुमार साहु आफताब अंसारी, शकील अंसारी, सफरूद्दीन अंसारी, गुफरान अंसारी, अमीन अंसारी, इश्तेखार अंसारी, दानिश अंसारी तथा आफताब अंसारी सहित शमशेर आलम को कार्यकारिणी समिति का सदस्य चुन लिया गया।

बैठक के दौरान केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया सिंह महामंत्री रामायण तिवारी, राजू चक्रवर्ती ने नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई दी और आंदोलन की रणनीति बनाई।

वहीं मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रुस्तम अंसारी ने कहा कि मानव दिवस कर्मी और ऊर्जा मित्र का स्थायी समायोजन सरकार को करना होगा। इसके लिए व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा।

वहीं बैठक के दौरान नव निर्वाचित उपाध्यक्ष सचिन कुमार राय ने कहा कि संगठन के माध्यम से आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी और अपने हक और अधिकार के लिए आवाज बुलंद करना होगा।

इस मौके पर सतानंद नायक, सारु उरांव, माघेया उरांव, जतरु मुंडा, एतवा बरला, संतोष तिर्की, सलीम मियां, शिशिर तिर्की, अर्जुन कुमार नायक, अशोक कुमार राम, सारु उरांव सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## सिल्ली में सुदेश महतो ने मुरी टुंगरी में 75 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुरी टुंगरी पार्क में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर 75 फीट ऊंचा तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया। सुदेश महतो ने कहा कि आजादी में अमर शहीदों के बलिदान की स्मृति में यह ऊंचा तिरंगा सभी के लिए प्रेरणादायी है। समारोह में झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय राहें, कस्तूरबा बालिका विद्यालय सिल्ली एवं सिल्ली कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने पैरेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने किया। समारोह में प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, बीडीओ पावन आशीष लकड़ा, जयपाल सिंह, डॉ रमनेश प्रसाद, सिल्ली थाना प्रभारी अजय सिंह, संजय सिद्धार्थ, सुशील महतो, लक्ष्मण महतो, महिला समूह की दीदी एवं काफी संख्या में स्कूली बच्चे एवं स्थानीय लोग शामिल हुए।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दिपक कुजूर
उपप्रमुख रायडीह, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमित कुमार मिश्रा
प्रखंड विकास पदाधिकारी रायडीह, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ममता सोरेंग
प्रमुख रायडीह प्रखंड गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

चुंया कुजूर
मुखिया कुड़ोक्षत्रपुर पंचायत रायडीह, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुखिया संघ
रायडीह, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमित कुमार
थाना प्रभारी रायडीह थाना गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संजय ओहदार
प्रखंड समन्वयक पंचायती राज रायडीह गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंचायत सचिव संघ
रायडीह, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कलाम आजाद
रांची जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी नवासराय (नगड़ी प्रखंड)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विनोद राम
नगड़ी थाना प्रभारी नगड़ी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मधु कच्छप
प्रखंड प्रमुख नगड़ी प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोजगार सेवक संघ
रायडीह, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिता देवी
पंचायत समिति सदस्य नारो पंचायत( नगड़ी प्रखंड)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बालमुनी उरांव
उपमुखिया नारो पंचायत नगड़ी प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपक केसरी
घर संसार होम डेकोर पिस्कानगड़ी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मनीष कुमार केशरी
केसरवानी तरूण सभा झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष सह भाजपा नेता

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिवार बिशुनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेंद्र तिर्की
बीटीएम, आत्मा बिशुनपुर प्रखंड बिशुनपुर, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कुंदन कुमार
थाना प्रभारी गुरदरी थाना बिशुनपुर, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार भगत
कर्मचारी बिशुनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डीलर संघ
बिशुनपुर, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गोपाल शर्मा
बी आर सी बिशुनपुर, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पवन उरांव
सदस्य जिला परिषद बिशुनपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सदानंद सिंह
थाना प्रभारी बिशुनपुर थाना गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मंजू लिंडा
मुखिया कुदलौंग पंचायत (नगड़ी प्रखंड)

# झारखंड ऊर्जा विकास समिति संघ ने मुख्यालय में किया विरोध-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास समिति संघ की ओर से बुधवार को दोपहर से झारखंड ऊर्जा विकास निगम मुख्यालय धुर्वा के समक्ष अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान लगभग 3000 कर्मी हाथो में बैनर,प्ले कार्ड लिए धुर्वा गोल चक्कर मैदान से जुलूस के रूप में निकल पूरे रास्ते नारेबाजी करते हुए निगम मुख्यालय पहुंचे। निगम मुख्यालय में शाम 5:00 बजे तक धरना प्रदर्शन चलता रहा। अजय राय ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के तहत 10 वर्ष पूरा कर रहे कर्मियों की नियमित नियुक्ति हो, आगामी नियुक्ति में आउटसोर्सिंग में काम कर रहे कर्मियों के साथ कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राइवर, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के लिए प्राथमिकता तय हो, आउटसोर्स खत्म कर पहले की व्यवस्था लागू हो सहित अन्य मांगों को लेकर पूरे राज्य से हजारों कामगार घेराव प्रदर्शन में भाग ले रहे है। इस मौके पर बाल गोविंद महतो, कुणाल सिंह, दिलीप शर्मा, उदय यादव, विजय महतो, सुजीत कुमार, यूनुस खान, वरुण कुमार, मनीष शर्मा, संजीव पांडेय, रितेश सिंह, राजेश मेहता, शिवकुमार साहू सहित अन्य मौजूद थे।






चंदन कुमार रिपोर्टर
छतरपुर पलामू

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
किरण कुमारी
वार्डन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वस्ति कुमारी
प्राचार्य गुलाबचंद प्रसाद इंटर कॉलेज छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार
प्राचार्य गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कॉलेज छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पुष्पा देवी
विधायक छतरपुर-पाटन
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पूजा कुमारी
मुखिया पंचायत - बगईया, प्रखंड- छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

होली ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल छतरपुर
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त छतरपुर नगर वासियों को हार्दिक बधाई
अंजना मिश्रा
संस्थापक
पंकज कुमार मिश्रा
प्रधानाध्यापक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास चंद्र गुप्ता
सहायक शिक्षक, अध्यक्ष अपना विचार अपना अधिकार मिशन टीम छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मार्तण्ड कुमार
प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहराही छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज कुमार सिंह
मुखिया पंचायत- कौवल प्रखंड छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश कुमार यादव
मुखिया पंचायत - सिलदाग प्रखंड छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीता देवी
मुखिया पंचायत- कलापहाड़ प्रखंड छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरस्वती देवी
मुखिया पंचायत - कंचनपुर , प्रखंड छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास कुमार यादव
उप मुखिया पंचायत - बगईया प्रखंड छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील कुमार यादव
वार्ड पार्षद नगर पंचायत छतरपुर वार्ड नं 14
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश कुमार यादव
समाजसेवी छतरपुर नगर पंचायत वार्ड नंबर 16
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीता देवी
वार्ड पार्षद नगर पंचायत छतरपुर मुकेश कुमार समाजसेवी नगर पंचायत छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद मोदस्सर नजर मंसूरी
सीओ छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेंद्र गुप्ता
अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेश कुमार
सिटी मैनेजर नगर पंचायत छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजनीश कुमार चंद्रवंशी
वार्ड पार्षद नगर पंचायत छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र कुमार मंडल
बीडीओ प्रखंड नौडीहा बाजार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
निर्मल सिंह
एडीएसओ छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शेखर कुमार
थाना प्रभारी छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रंजीत कुमार यादव
थाना प्रभारी नौडीहा बाजार
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चंद्रभूषण
छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामचंद्र राम
प्रखंड - नौडीहा बाजार
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंजनी कुमार सिंह
छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश कुमार सिंह
छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश कुमार सिंह
छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार सिंह
वार्ड सदस्य सह समाजसेवी पंचायत - डागरा प्रखंड नौडीहा बाजार
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनय कुमार (टिंकू गुप्ता)
छतरपुर
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. रामरेश यादव
लठेया, छतरपुर (पलामू)
निदेशक - शशि स्वास्थ्य संस्थान
HAPPY INDEPENDENCE DAY 15TH AUGUST

## झरिया में दो पड़ोसियों के बीच मारपीट, दो घायल



झरिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोयरिबांध में दो पड़ोसियों के बीच दुकान लगाने को लेकर जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में फूलचंद खटीक और उसका बेटा जितेंद्र कुमार घायल हो गया। दोनों का सिर फट गया है। इस बाबत घायल फूलचंद ने झरिया पुलिस को लिखित शिकायत दी है। जिसमें आरोप लगाया कि सूरज साहू, जितेंद्र साव, पार्वती देवी और बॉबी कुमारी आदि ने धारदार हथियार से उनपर हमला किया है। बीच-बचाव को आए बेटे पर भी हमला कर घायल कर दिया गया। मारपीट के दौरान पार्वती ने दुकान से पांच हजार रुपये भी निकाल लिये हैं।

## बरवाअड्डा पुलिस ने बालू लदे पांच वाहनों को किया जब्त

धनबाद (आजाद सिपाही). बरवाअड्डा पुलिस ने मंगलवार की देर रात लोहारबरवा के समीप छापामारी कर बालू लदे चार ट्रैक्टर एवं एक ट्रक को जब्त किया। पुलिस ने इन वाहनों को जब्त कर थाने ले आई और खनन विभाग को सौंप दिया। हालांकि पांचों वाहनों के चालक भागने में सफल रहे। बताया जाता है कि गिरिडीह जिले के पीरटांड़ के बराकर नदी से प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टरों में बालू लेकर कर धनबाद पहुंचाया जाता है। वहीं विभाग वाहनों के मालिकों का पता लगाकर प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

### हमला : जान बचाने के लिए सीआइएसएफ जवान ने की हवाई फायरिंग

# बेनीडीह मेन साइडिंग में सीआइएसएफ के दो जवान पर हमला, पिस्टल छीनने की कोशिश


## 50 की संख्या में आये कोयला चोरों ने बाधा पहुंचाने पर जवानों पर किया हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक-2 स्थित बेनीडीह मेन रेल्वे साइडिंग में कोयला चोरी करने 40 से 50 की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने ड्यूटी पर तैनात सीआइएसएफ के हेड कांस्टेबल एमके चौहान और सीएस मंडल पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों जवानों को बंधक बनाकर साइडिंग से कुछ दूर ले गये और जमीन पर पटक कर बुरी तरह पिटाई की। जिससे हेड कांस्टेबल बुरी तरह घायल हो गया। सभी अपराधी घातक हथियार से लैस थे। अपराधियों ने जवानों की पिस्टल भी छिनने की कोशिश की। यही नहीं, विरोध करने पर अपराधियों ने दोनों जवानों की मोबाइल फोन भी छीन कर ले गये। हालांकि बाद में अपनी जान बचाने के लिए जवान ने हवाई फायरिंग की, जिसके बाद अपराधी वहां से भाग खड़े हुए।







### हमलावर बरोरा थाना क्षेत्र के रहनेवाले

जानकारी के मुताबिक पत्थर से हमला करने के दौरान हेड कांस्टेबल एमके चौहान जमीन पर गिर गये। आत्मरक्षा के लिए उन्होंने जमीन पर लेटे ही एक राउंड हवाई फायरिंग की। इस बीच पकड़े जाने के डर से अपराधियों का दल चार बोरा कोयला, डंटा एवं चप्पल छोड़ कर साइडिंग के बगल के जंगल की ओर भाग गये। भागने के दौरान एक अपराधी का मोबाइल फोन घटनास्थल पर ही गिर गया। जिसे जवानों ने जब्त कर लिया। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर पता चला है कि सभी अपराधी बरोरा थाना क्षेत्र के मंदरा, गणेशपुर एवं आशाकोठी के रहने वाले हैं।

### आत्मरक्षा के लिए जवान ने की फायरिंग : कमांडेंट

सीआइएसएफ कमांडेंट शेखर रमोला ने पत्रकारों को बताया कि कोयला चोरी रोकने पर अपराधियों ने दो जवानों पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह पीटा है। पिस्टल छिनने का भी प्रयास किया गया। आत्मरक्षा के लिए हेड कांस्टेबल ने एक राउंड हवाई फायरिंग की। कहा कि अगर फायरिंग नहीं करता, तो अपराधी दोनों जवानों को जान से मार देता। दोनों जवान जान बचाने के लिए काफी संघर्ष किये। अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जायेगा। बतातें चलें कि गत एक मार्च 2022 को रात नदखुरकी कोल डंप में कोयला चोरों ने ड्यूटी पर तैनात उक्त्र्न जवान जीडीपी रणवीर कुमार को लाठी एवं तलवार से बुरी तरह पीटा था. पत्थर से कुचल कर उसे अधमरा कर दिया था।

### खंगाला जा रहा सीसीटीवी फुटेज

सूचना मिलने पर तुरंत सीआइएसएफ इंस्पेक्टर एसके तिवारी और बीके शर्मा क्यूआरटी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल हेड कांस्टेबल एमके चौहान को इलाज के लिए डुमरा रीजनल अस्पताल भिजवाया। वहीं, छानबीन के दौरान इंस्पेक्टर ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। वहीं, बाघमारा पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन एवं जवानों से पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस और सीआइएसएफ जवानों की टीम अपराधियों द्वारा भागे गये रास्ते में काफी देर तक खोजबीन की। इस बीच किसी तरह का कोई हथियार नहीं मिला। दूसरी ओर, खबर पाकर ब्लॉक दो जीएम चितरंजन कुमार, एजीएम एसबी कुमार, प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग मैनेजर टीएस चौहान घटनास्थल पहुंचे, वहीं घायल जवानों का हालचाल लिया। अधिकारियों ने साइडिंग में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल की।


### सीआइएसएफ के कमांडेंट भी घटनास्थल पर पहुंचे

उधर, सूचना पाकर धनबाद कोयला नगर मुख्यालय से सीआइएसएफ कमांडेंट शेखर रमोला, कमांडेंट विशाल शर्मा, एरिया कमांडेंट (क्राइम) एल गौथम जवानों की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुचं गए।

घायल जवानों से पूछताछ कर घटनास्थल की छानबीन की। इस दौरान कमांडेंट शेखर रमोला ने इस तरह की घटना से बचने एवं ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतने के लिए जवानों को कई दिशा-निर्देश दिए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कतरास पुलिस ने अवैध खदान का मुहाना खोलते जेसीबी मशीन की जब्त, तीन लोग हुए गिरफ्तार



कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला निकासी के लिए खदान का मुंह खोलते जेसीबी मशीन को जब्त करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन पर मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र के आकाश किनारी (भट्टमुंडना) कोलयरी के समीप मंगलवार की रात अवैध कोयला निकासी के लिए जेसीबी मशीन से मुहाने की खुदाई की जा रही थी. तभी गुप्त सूचना के आधार पर कतरास पुलिस की रात्रि गस्ती दल में शामिल दरोगा संतोष कुमार सदल बल पहुंच गए और जेसीबी मशीन को जब्च कर लिया। साथ ही जितेन्द्र चौधरी, राजेश ठाकुर और विशाल कुमार नामक आरोपितों को गिरफ्तार कर कतरास थाने में माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। उनके बयान पर तीन अन्य के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

### इएसएल में मनाया गया 76वां स्वतंत्रा दिवस




बोकारो (आजाद सिपाही)। वेदांता समूह की कंपनी और प्रमुख राष्ट्रीय स्टील उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड में 76वां स्वतंत्रा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक प्रमुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के सभी कर्मचारी मौजूद थे। यह आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव पर आधारिक रहा एवं इससे 12 तारीख से ही मनाया जा रहा था। ईएसएल सीएसआर टीम ने बोकारो में डीसी कार्यालय में 25 हजार झंडे दिए एवं 10 हजार झंडे सीएसआर के ऑपरेशनल एरिया में बाटे गए। इसके अलावा ईएसएल के अधिकारियो ने समुदाय के नेताओ के साथ आठ किलोमीटर रैली में भी भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस के समारोह की शुरूआत परेड के साथ हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि, ईएसएल के सीईओ एनएल वट्टे ने तिरंगा फहराया। साथ ही उन सुरक्षा गार्डो को सम्मानित किया गया जिन्होंने पूर्ण ईमानदारी एवं बहादुरी के साथ काम किया। इस अवसर पर ईएसएल के सीईओ एनएल वट्टे ने स्वतंत्रा योद्धाओ के बलिदान को याद करते हुए कहा कि इंएसएल ने हमेशा से ही अपने समुहाय के विकास पर ध्यान देता आया है, ताकि उनका विकास हर क्षेत्र में हो सके जिससे की झारखण्ड का विकास और तेजी से हो सकेगा। हमारी सीएसआर की योजनाओ के सहयोग से हम समाज काफी सकारात्मक परिवर्तन ला चुके है जो की स्पष्ट रूप के देखा जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी कर्मचारियों से आग्रह किया की वे पूरी निष्ठा से काम करें, ताकि कंपनी के विकास के साथ देश के विकास में भी सयोग कर सकें।

### जन्माष्टमी पर 20 अगस्त को सर्वश्रेष्ठ कृष्ण राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन



धनबाद (आजाद सिपाही)। आईसीएआई मारवाड़ी युवा मंच, द रिदम के संयुक्त तत्वधान में धनबाद के सर्वश्रेस्थ कृष्णा और राधा की बेस्ट सज्जा प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए पुराना बाजार स्थित शंभु धर्मशाला में संवाददाता सम्मेलन कर आइसीएआई के सचिव राहुल सुरेका ने बताया कि 20 अगस्त को शंभु धर्मशाला पुराना बाजार में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ कृष्ण राधा सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें तीन वर्ग है। 0 से 10, 10 से 20, 20 से ऊपर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। बताया कि प्रतिभागी ऑनलाइन और ऑफ लाइन अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। प्रेस वार्ता में राधावल्लभ सत्संग समिति सेक्रेटरी राम अवतार गोयल, मारवाड़ी युवा मंच के कोषाध्यक्ष हेमंत सुरेका, द रिदम के अध्यक्ष सुमित कुमार, आरवीएसएस के अध्यक्ष बजराज लाल सोनी, कोषाध्यक्ष पप्पू बगरिया, बजराज लाल रिटोलिया आदि मौजूद थे।

### स्व शोभाराम मांझी ने किया था जल-जंगल-जमीन को बचाने के लिए आंदोलन : दिनेश



ललपनिया (आजाद सिपाही)। गोमिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम अईयर में बुधवार को श्राद्धाजंलि सभा आयोजित कर धान काटनी आंदोलनकारी सह गांव के पौराणिक बाबा स्व. शोभाराम मांझी की पुण्यतिथि मनायी गई। मौके पर मौजूद लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि आदिवासी- मूलवासी अधिकार मंच बोकारो जिला ईकाई अध्यक्ष दिनेश कुमार मुर्मू ने कहा कि स्व. शोभाराम मांझी एक समाजिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने धान काटनी आंदोलन में लालू सोरेन, रामजी बोन पावारिया, रामदास सोरेन, दुलार चंद नायक, धानीराम मांझी, पुलिस राम मांझी, रुपलाल मांझी,पैयरो मांझीयान के साथ मिलकर आंदोलन किया था। अइयर, टीकाहारा, कसियाडीह, हरलाडीह, केरी, फुटकाडीह के आदिवासीयों की जमीन को महाजनों से बचाने के लिए अपनी जान को दांव पर लगा कर दिन-रात संघर्ष किया। वहीं वीर शिबू सोरेन के अलग राज्य के आंदोलन में बड़े-बडे.रैलियों में जनताओं के गुड़, चूड़ा खा, खाकर भाग लिए थे। शोभाराम मांझी गांव में ईमानदारी से संतालसमाज के एक पराणीक बाबा पद पर 2004 से 2021 तक रहे थे। दुलारचंद नायक ने बताया कि स्व.शोभाराम मांझी हमारे एक सच्चे मित्र थे। महा जनी आंदोलन में हम दोनों एक साथ आंदोलन किए थे। शोभाराम मांझी एक बार मुखिया चुनाव भी लड़े, हालांकि वो तब हार गए थे। शोभाराम मांझी गरीबी को झेलते हुए पेटरवार आदिवासी आवासीय विद्यालय से मैट्रिक पास किए थे। पर गरीबी के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर सके। गांव में आदिवासी समाज को हमेशा संगठित रखने का प्रयास किया और गांव के जंगल पर्यावरण को बचाने लिए हमेशा लोगों के बीच अभियान चलाया करते थे। इस मौके पर पंसस शांति हांसदा, उप मुखिया याकुब अंसारी, समाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार हांसदा, राजेश कुमार मुर्मू आदि मौजूद थे।

## नियोजन की मांग को लेकर झामुमो ने ठप करायी ट्रांसपोर्टिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** स्थानीय बेरोजगार को नियोजन देने की मांग को लेकर बुधवार को झामुमो समर्थकों ने जय मां चंडी ट्रांसपोर्टिंग और काबरा ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का ट्रांसपोर्टिंग अनिश्चितकालिन के लिए बंद कर दिया। गौरतलब है कि नियोजन को लेकर बासदेवपुर कोलियरी कार्यालय के समक्ष झामुमो सर्मथको ने एक दिवसीय धरना भी दिया था। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मोर्चा नेता रॉकी चौरसिया ने कहा कि 30 जुलाई को एक दिवसीय धरना प्रर्दशन किया गया था। तब प्रबंधन ने 10 दिन का समय लिया था। समय बितने के बाद बंदी का नोटिस दिया गया था।

इसे लेकर मंगलवार को प्रबंधन के साथ हुई वार्ता भी विफल हो गई थी। रॉकी ने कहा कि जबतक स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन नहीं मिलता ट्रांसपोर्टिंग बंद रहेगा। इस मौके पर अंतोष कुमार, सोनू खान, रविंद्र चौहान, आर्यन कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सूरज पासवान, अभय कुमार, कृष्णा भुईयां, चंदन कुमार और विरेंद्र भुइयां आदि मौजूद थे।

## कर्मियों को बंधक बनाकर 50 हजार के सामान की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** सेंद्रा स्थित कनकनी कोलियरी के कर्मशाला में शस्त्र अपराधियों ने मंगलवार की रात धावा बोलकर सुरक्षा कर्मी दामोदर सिंह चौधरी और रामचंद्र महतो को रिवाल्वर की नोक पर कब्जे में लेकर वहां से करीब 50 हजार रुपये मूल्य का मोटर का स्टार्टर लूट कर भाग गए। लूटेरों के जाने के बाद सूचना पाकर लोयाबाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच की। कोलियरी



प्रबंधन ने प्राथमिक दर्ज करने के लिए थाने में लिखित शिकायत की है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है। उधर, सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि वे लोग कर्मशाला के बाहरी दरवाजे पर ताला लगाकर अंदर थे। देररात करीब तीन बजे 7-8 की संख्या में लूटेरों का दल ताला तोड़ कर अंदर घुस आया। बंदूक का भय दिखा कर उनलोगों को कब्जे में कर सामान लूट कर चले गए। लूटेरों ने स्टोर का भी ताला तोड़ा था, लेकिन वहां से कुछ ले नहीं गए। वहीं, प्रबंधक गोपाल ने बताया कि अपराधियों द्वारा जिस मोटर के स्टार्टर को लूटा गया है उसका इस्तेमाल माइंस से पानी निकालने में किया जाता है। मोटर जल जाने के बाद उसकी मरम्मती करा कर उसे हीट किया जा रहा था। दूसरी ओर, थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने बताया कि सुरक्षा कर्मी कर्मशाला में ड्यूटी करने के बजाय रात में कार्यालय के अंदर सोते रहते हैं । यदि बीसीसीएल के सुरक्षा कर्मी जिम्मेदारी से ड्यूटी करें तो कभी भी अपराधिक घटनाएं नहीं घटेगी। मामले की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक ने किया विद्युत सबस्टेशन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के 33/11 केवी के ललपनिया विद्युत शक्ति उपकेंद्र सबस्टेशन का उद्घाटन गोमिया विधायक लंबोदर महतो व जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जीप सदस्य अरविंद करमाली, गोमिया के पूर्व प्रमुख गुलाब चंद हासदा भी उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि सबस्टेशन का उद्घाटन होने से अब गांवों में आसानी से बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक नंबर फिडर से ललपनिया, खिराबेडा, बड़कीपुन्नु, केरी, टिकाहरा, कसियाडीह, रोहिडीह, हरलाडीह, गांगपुर, कुंदा, छोटकीपुन्नु,



महुआटांड, धर्मपुर एवं 2 नंबर फिडर से चोर गांवा, मुरपा, खखण्डा, लावालोंग, बारीडारी, नारंग, तिरला, कंडेर,धवैया आदि पंचायतों में बिजली बहाल होगी। क्योंकि पहले लंबे लिड होने की वजह से खराब होने पर एक सप्ताह तक फॉल्ड का पता नहीं चल पाता था। लेकिन अब तुरंत फॉल्ड मिलने पर कार्य किया जा सकेगा। इस मौके पर समाजसेवी चितरंजन साव, बिपिन कुमार, अशोक हेम्ब्रम, विक्रम साव, पंचदेव महतो, गौतम महतो, नवीन महतो, दीपक ठाकुर, अजय महतो, कुलदीप प्रजापति, अजय महतो, इंद्रनाथ महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### लोयाबाद सार्वजनिक दुगार्पूजा कमेटी की बैठक

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। लोयाबाद सार्वजनिक दुगार्पूजा कमेटी की बैठक बुधवारको कोलियरी प्रांगण में हुई। जिसमें उपस्थित लोगों ने समस्या व उसके सामाधान पर अपने-अपने सुझाव दिए। पूजा कमेटी के सचिव विजेंद्र पासवान द्वारा पिछले वर्ष का आय व्यय का व्यौरा पेश किया गया। अंत में सभी ने धूमधाम से पूजा करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता कोलियरी के पीओ अवधेश कुमार व संचालन बिनोद पासवान ने की। बैठक में कोलियरी प्रबंधक संतोष चौधरी, मुस्लिम कमेटी अध्यक्ष इम्तियाज अहमद,मंटू महतो, एसएस प्रसाद,सुनील पांडेय,सोमेन घोष,राजीव रंजन प्रसाद,राजेन्द्र पासवान आदि थे।

## जोड़ापोखर के कई स्थानों में रही मनसा पूजा की धूम



आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर बुधवार को सर्पो की देवी मां मनसा की पूजा की गई। इस अवसर पर डिगवाडीह घटवार बस्ती के महिला व पुरुष भक्तों ने उपवास रखा। स्थानीय तालाब में स्नान कर मां मनसा का आह्वान कर मंदिर पहुंचे। उन्हें अपने मंदिर में विराजने की प्रार्थना किया। इस दौरान हवन पूजन एवं रात्रि में बलि प्रदान किया गया। बुधवार को भक्तों ने उपवास रखने के बाद पूजा की। गुरुवार की सुबह भक्तगण पुनः मां मनसा को तालाब में पहुंचाएंगे। वहीं डिगवाडीह बाजार में भी मां मनसा की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही महिलाओं की काफी संख्या में भीड़ देखी गई। जोड़ापोखर थाना के सामने मां मनसा की पूजा की गई। ढोल नगाड़ों से पूरे क्षेत्र में भक्ति की बयार बहती रही। इस मौके पर बलाई सिंह, तुलसी सिंह, निवारण प्रमाणिक, संतोष प्रमाणिक,दुर्गा दास, मनोज दास, श्याम सुंदर दास आदि मौजूद थे।

### सोनू सूद ने ट्वीट कर कहा-कभी हमें भी अपनी साइकिल में घुमा देना दोस्त

## सोनू सूद ने स्कूल जाने के लिए अमित को दी साइकिल

- घर से पांच किलोमीटर दूर पैदल जाना पड़ता था स्कूल
- सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता ने किया था पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता की पहल पर चांडिल सरायकेला खरसावां निवासी अमित प्रमाणिक को अभिनेता सोनू सूद ने स्कूल आने जाने के लिए साइकिल गिफ्ट की है। अमित के घर से स्कूल की दूरी पांच किलोमीटर थी, जहां उसे पैदल ही जाना पड़ता था। अमित ने अपने गांव के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता मंटू प्रमाणिक को बताया कि उसे प्रतिदिन पैदल स्कूल आने जाने में काफी परेशानी होती है। मंटू प्रमाणिक ने सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता को अमित की गरीबी व बेबसी से अवगत करवाया था। बताया कि अमित को एक साइकिल की जरूरत है। विकास ने मामले को सोनू सूद की टीम विशाल लांबा को इस बच्चे की जानकारी दिया। जिसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अमित के गांव में ही एक साइकिल दुकान से साइकिल दिलवा दी गई।



### साइकिल पाकर खिला अमित का चेहरा

अमित प्रमाणिक सातवीं कक्षा का छात्र है। वह पढ़ने में काफी अच्छा है। अमित साइकिल पाकर कारी खुश नजर आ रहा है। उसका कहना है कि अब साइकिल से रोज स्कूल जाऊंगा। सोनू सूद सर को धन्यवाद देना चाहता हूं। जिन्होंने मेरी परेशानी को समझा। उसने विशाल लांबा, विकास कुमार गुप्ता और मंटू प्रमाणिक को भी धन्यवाद दिया है।

### चंदवा में डीएमएफटी फंड घोटाले में शामिल जेई मनीष कुमार और एग्जीक्यूटिव दीपक कुमार की एक और घटना

# बिना तालाब निर्माण किये ही डकार लिये 10 लाखों रुपये : रवि

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के मालहन पंचायत में डीएमएफटी फंड की अनियमितता, लूट एवं बंदरबांट की एक और बड़ी घटना सामने आई है। विदित हो की मालहन पंचायत में डीएमएफटी फंड की राशि से 7 तालाब निर्माण की योजनाएं ली गई थी। इन योजनाओं में भोले-भाले ग्रामीणों को बेवकूफ बनाकर योजना में लूट तथा बंदरबांट करने का पूर्व एवं उच्चस्तरीय षड्यंत्र प्रतीत होता है, क्योंकि जहां डीएमएफटी फंड से संचालित सभी योजनाओं का टेंडर करवाया गया वही इन सातों तालाब निर्माण की योजनाओं को एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार के नाम से इकरारनामा किया गया। दीपक कुमार ने इन योजनाओं का इकरारनामा अपने विभाग के जूनियर इंजीनियर के नाम कर ऊंची पैरवी तथा पहुंच रखने वाले कल्याण विभाग के चर्चित कनीय अभियंता मनीष कुमार के नाम से किया।

यहां से लूट का खेल चालू हुआ अब कनीय अभियंता मनीष कुमार इन योजनाओं के स्वयं अभिकर्ता भी हो गए और इंजीनियर भी इसके बाद इस अभियंता ने यहां के भोले- भाले एवं सीधे-साधे ग्रामीणों को अपने खास बिचौलियों के माध्यम से बेवकूफ बनवा कर इस पंचायत के अत्यंत सुदूरवर्ती जगहों में योजनाओं का निर्माण करवाने की खानापूर्ति शुरू की। इन 7 तालाबों में 5 तालाबों की तो जैसे - तैसे कर खुदाई शुरू की गई परंतु छठा एवं सातवां तालाब अब तक नहीं मिला है। इसका मतलब इन दोनों तालाब निर्माण योजनाओं में बिना 1 इंच भी मिट्टी कोड़े लाखों रुपए निकालकर बंदरबांट कर लिए गए। डीएमएफटी फंड से ली गई योजनाओं में योजना संख्या 167/21-22 ' सलैयाडीह में तालाब निर्माण' एवं योजना संख्या 168/ 21- 22 'ग्राम गनियारी तालाब निर्माण'योजना जिसकी प्राक्कलित राशि 19 लाख 61हजार 7 सौ रुपए है का अब तक पता नहीं चला है।अब तक इन तालाबों का निर्माण निर्धारित स्थल तथा गांव में नहीं किया गया है, जबकि विगत 30 मार्च 2022 को जिले में आयोजित निगरानी एवं पर्यवेक्षन समिति (ऊकर.ल़.अ) की बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त को जो रिपोर्ट सौंपी गई है उसमें इन दोनों योजनाओं में भी कार्य प्रगति पर बतलाते हुए योजना की आधी राशि 9 लाख 80 हजार 8 सौ 50 रुपए की निकासी की जा चुकी है। वही अब बाजार में चर्चा है। कि लगातार आजाद सिपाही के द्वारा तलाब घोटाले की खबर छापे जाने पर मनीष कुमार जेई चंदवा छोड़ कहि और चले गए है। और कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार लातेहार से अपना तबादला कराने में पूरी ताकत लगा रहे हैं।

### पुलिस ने अवैध हथियार के साथ युवक को किया गिरफ्तार

# देशी रिवॉल्वर, मोजर पिस्टल, देशी कट्टा, लोडेड पिस्टल, मैग्जीन व कारतूस बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कुडू थाना की पुलिस ने एक अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधी की पहचान अमित कुमार गिरी उर्फ विक्की पिता सीताराम गिरी, सा०-ककरगढ़ थाना-कुडू, जिला लोहरदगा के रूप में किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर एक आठ चक्रीय देशी रिवॉल्वर, एक मोजर (देशी सिंगल बैरल हथियार), लोहे का देशी कट्टा (सिंगल बैरल), एक लोडेड पिस्टल तथा दो मैग्जीन जिसमें एक मैग्जीन में पाँच राउण्ड गोली , एक .315 बोर का 8 एम. एम. का सात जिन्दा गोली , राउण्ड जिन्दा गोली, .325 बोर का 23 जिन्दा गोली, एक 7.35 बोर का एक मिस फायर गोली बरामद किया गया है।

इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने पत्रकारों को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके लिए एक छापामारी टीम का गठन किया गया था। टीम ने 16/17 अगस्त को रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर कुडू थाना पुलिस द्वारा अमित कुमार गिरी उर्फ विक्की के घर पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में अमित कुमार गिरी के कमरे मे बने छज्जा पर रखे टिन के बक्सा में एक लोडेड पिस्टल, एक खाली मैग्जीन एवं एक मैग्जीन में पाँच राउण्ड गोली बरामद किया गया। प्रारम्भिक पुछ-ताछ में अमित कुमार गिरी उर्फ विक्की के द्वारा बतलाया गया कि यह अवैध आग्नेयास्त्र राम रतन सिंह, पिता-भूषण सिंह, ग्राम-ककरगढ़, थाना- कुडू से एक महीना पहले पैंतीस हजार रूपया में अवैध रूप से खरीदा हुँ। पुछ-ताछ के क्रम में उनके द्वारा यह भी बतलाया गया कि चन्द्र देव सिंह उर्फ सी डी सिंह, सा०-ककरगढ़ के पास और हथियार एवं गोली छुपा कर रखा है जो उनके घर से बरामद किया जा सकता है। तत्पश्चात कुडू पुलिस के द्वारा 03:30 बजे सुबह सी०. डी. सिंह के घर पर छापामारी किया गया के सी. डी. सिंह अंधेरा का फायदा उठा कर भागने में सफल हो गये। तत्पश्चात उनके घर का विधिवत तलाशी ली गयी तो सी.डी. सिंह के बेडरूम में लगे खटिया के सिराहने के नीचे बैग में एक मोजर (देशी सिंगल बैरल हथियार) एवं एक आठ राउण्ड का रिवॉल्वर, एक लोहे का देशी कट्टा (सिंगल बैरल ) एवं 31 पीस जीवित गोली (कारतूस) बरामद किया गया। सी.डी. सिंह की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। इस संबंध में कुडू थाना काण्ड सं0-131/22, दिनांक-17.08.2022, धारा-25(1-बी) ए/26/ 35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।

# डीडीसी ने मनरेगा, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा की

### आम बागवानी योजनाओं में पिट फिलिंग कार्य 03 दिनों के अंदर पूर्ण करने का निदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा/भंडरा।** उप विकास आयुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा, गरिमा सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, भंडरा के सभाकक्ष में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजना से संबंधित समीक्षा की गयी। समीक्षा में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजनाओं में गड्ढों की भराई (पिट फिलिंग) का कार्य 03 दिनों के अन्दर पूर्ण करने का निदेश दिया गया। साथ ही, मनरेगा श्रमिकों को आधार प्रविष्टि एवं जॉब कार्ड सत्यापन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने, सबसे कम प्रगति वाले पंचायत उदरंगी, आकाशी, भीठा के ग्राम रोजगार सेवक से कारण पूछते हुए दो दिनों के अंदर शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। अगले 02 दिनों में जिन पाँच पंचायतों का प्रगति कम पाया जाता है, उन्हें डीआरडीए कार्यालय में प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने का भी निर्देश दिया गया। समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के जिला समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी सुदर्शन, प्रखण्ड समन्वयक पीएमएवाई-जी, बीपीएम, जेएसएलपीएस, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी जनसेवक, सभी पंचायत सचिव एंव सभी ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित थे।


























JAGANNATH JAIN COLLEGE
(ACONSTITUENT UNIT OF VINOBA BHAVE UNIVERSITY)
NAAC ACCREDITED'B'
Jhumritelaiya - 825409, Dist. : Koderma (Jharkhad) I Ph : (06534) 222540 (O) 224871 (R)
website : www. jjcollege.edu.in, Email-principal@jjcollege.edu.cin

15 अगस्त 2022, स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी, छात्र-छात्राओं एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। महाविद्यालय वर्ष 1960 से आप तक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रसर है। इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर, बी.एड., बी.सी.ए.बी.बी.ए., बी. लिब, इग्नू एवं नालंदा खुला विश्वविद्यालय के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के लिए पठन-पाठन की सुविधा उपलब्ध है।

प्राचार्य




Jharkhand Educational & Cultural Development Society. Jhumri-Telaiva. Koderma

के ओर से 75वीं स्वतंत्रता दिवस की वर्षगंठ के शभ अवसर पर देशवासियों/झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनायें ।

1. झारखंड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, तिलैया बस्ती झमरी तिलैया, कोडरमा

- D.EL.Ed Course में JAC के माध्यम से 2021-23 सत्र का नामांकन रिक्त एवं आरक्षित सीटों पर जारी है।
- वर्ग नियमित रुप से संचालित है 75% उपस्थिति आवश्यक है।

Walk-in Interview

- Application are invited for the following posts of D.El.Ed Course having qualifications as per NCTE/UGC state Govt.norms H.O.D-01, Foundation03,(Social Sci/Sociology/phsychology/History/civics) Padagogy-09 Asstt.Prof. Sci- 02, Social Sci-02, Geo/Math- 02,Language-03) Performing Art-01, Visual Art-01, Physical Education-01 Application applied for dtd. 15/09/2022 & Interview dtd. - 24/09/2022. (College Campus)

Secretary
Mo-9431224775, 7766077346

2. झारखंड संध्याकालीन (डिग्री) महाविद्यालय, आश्रम रोड झमरी तिलैया, कोडरमा

- नामांकन नियमानुसार B.A, B.Com (Hons& Pass course) Chancellor Portal के माध्यम से जारी है।

3. झारखण्ड विधि (लॉ) महाविद्यालय, झमरी तिलैया, कोडरमा

Principal
Mo-8825318149, 9934421032, 6203037810

- LL.B (3years) एवं B.A,LL.B (5 years) सत्र 2022-23 में नामांकन जारी है, No, Age BAR V.B. University.letter No.VBU/ULL/R/1918/2022. dtd. 19/07/2022.बस सेवा उपलब्ध है।
- Free Wi-Fi Campus.
- वर्ग नियमित रूप से संचालित है 75% उपस्थिति आवश्यक है।

Principal
Mo-9199029156, 6299926454

President
J.E. Chairman


















# गढ़वा में ट्रक में लदा पीडीएस का 420 बोरी चावल जब्त

**चावल बंशीधर नगर से कालाबाजारी के लिए पड़ोसी राज्य बिहार के औरंगाबाद ले जाया जा रहा था : बीडीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में गरीब मजदूरों के निवालों पर दलाल बिचौलिया सहित अधिकारियों की बुरी नजर पड़ी हुई है। यही कारण है कि हर महीनों का 50 से 100 टन एफसीआई का चावल और गेहूं का कालाबाजारी धड़ल्ले से हो रहा है। एफसीआई गोदाम से राशन वितरण करने के लिए डीलर को जब राशन का वजन कम मिलता है तो डीलर द्वारा भी उस गरीब मजदूर परिवार के सदस्यों की मात्रा में से ही कटौती की जाती है। बताते चलें कि जिला मुख्यालय में बीते दिन एक ट्रक पर एफसीआई के चावल को दलाल बिचौलियों के द्वारा भारी मात्रा में जिला मुख्यालय के बंशीधर नगर से पड़ोसी राज्य बिहार के औरंगाबाद में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना जिला मुख्यालय के पदाधिकारियों को मिलने के बाद उसे एनएच 75 मार्ग चिरौंजीया मोड़ से वाहन तलाशी के क्रम में जब्त कर लिया गया। शहर थाना में पूछताछ के क्रम में ट्रक चालक के बताये अनुसार ट्रक नम्बर सीजी15एसीआइ 6900 के मालिक पलामू जिले के रेहला थाना डंडिला गांव निवासी मूंगा राम के पुत्र संतोष राम तथा इसमें संलिप्त लोगों पर सीओ सह बीडीओ मयंक भूषण द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

घटना के संबंध में सीओ सह बीडीओ मयंक भूषण ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-75 पर वाहन तलाशी के दौरान एक ट्रक को जब्त किया गया था। जिसमें एफसीआई का चावल 420 बोरा लदा हुआ था। जांच पड़ताल के बाद पता चला कि उसे कालाबाजारी के लिए पड़ोसी राज्य बिहार के औरंगाबाद में बंशीधर नगर से ले जाया जा रहा था। जिसे लेकर इसमें शामिल लोगों पर एफआईआर दर्ज हो गई है और ट्रक चालक से पूछताछ के क्रम में चालक ने बताया कि श्री बंशीधर नगर स्थित थाना के नजदीक से मेसर्स बालाजी ट्रेडर्स के मालिक देव कुमार गुप्ता के गोदाम से एफसीआई का चावल 420 बोरा बिहार के औरंगाबाद हरिओम राइस मिल ले जाया जा रहा था। वाहन चालक द्वारा वाहन से पूछताछ के क्रम में यह भी बताया गया कि कमल ट्रांसपोर्ट गढ़वा के कहने पर श्री बंशीधर नगर से चावल लोड करने गया था।

वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन चालक संतोष राम रेहला थाना क्षेत्र के डंडिला गांव निवासी तथा इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है।

## रामसागर महतो बने मुखिया संघ के अध्यक्ष



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी नवनिर्वाचित मुखिया की बैठक मेराल पश्चिमी पंचायत सचिवालय में बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता मेराल प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद ने की। करीब एक घंटे तक चली बैठक में गहन विचार विमर्श के बाद मुखिया संघ का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मेराल पूर्वी पंचायत के मुखिया रामसागर महतो को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं चामा पंचायत की मुखिया प्रतिमा देवी पति शंभू राम को उपाध्यक्ष, बाना पंचायत की मुखिया गौरी देवी को सचिव तथा संगवरिया पंचायत के मुखिया संजय राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में करकोमा के मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, मनदीप सिंह, आशीष महतो, अनिल चौधरी, सुरेश राम, रामप्रताप साव, विमला देवी, मनीषा देवी, मनरावती देवी, जितनी देवी, मेनू देवी, मुन्ना राम, सुरेंद्र गोस्वामी, हरेंद्र चौधरी, अजीज अंसारी आदि शामिल थे।

**कार्यक्रम : झामुमो के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे मंत्री मिथिलेश, कहा**

# बंद की गयी गैरमजरूआ जमीन की रसीद फिर से कटेगी, सरकार जल्द लेगी फैसला

**एक सप्ताह के अंदर दुलदुलवा में नवनिर्मित अस्पताल को चालू कराने, पेसका हाई स्कूल को प्लस टू में अपग्रेड कराने का दिया आश्वासन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा प्रखंड के पेशका हाई स्कूल के मैदान में मंगलवार को तीन पंचायत के कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का स्वागत कार्यकर्ताओं ने फूल माला तथा बुके देकर तथा स्वागत गान से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को इंगित करते हुए कहा कि क्षेत्र के चौमुखी विकास की जवाबदेही चुने गए जनप्रतिनिधियों की होती है। जब सही जनप्रतिनिधि लोग चुनते हैं तो गांव, पंचायत व जिला तथा राज्य का चौमुखी विकास होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में 90 प्रतिशत झामुमो समर्थित उम्मीदवार जीत कर आये हैं। सभी मिलकर जिले के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर एक सप्ताह के अंदर दुलदुलवा में बंद पड़े नवनिर्मित अस्पताल को चालू कराने, पेसका हाई स्कूल को प्लस टू में अपग्रेड कराने तथा बलाही डैम का सर्वे कराकर उड़ाही कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी भू-स्वामी किसान को सूखा राहत योजना का लाभ दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार के द्वारा गैरमजरूआ जमीन की रसीद पर लगाई गई रोक पर वर्तमान सरकार जल्द फैसला लेगी।

कार्यक्रम को 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, ज़िला परिषद अध्यक्षा शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, जिप सदस्य रोशन प्रवीण, प्रमुख दीप माला कुमारी, सचिव मनोज कुमार ठाकुर, स्वास्थ्य प्रतिनिधि कंचन साहू, पंचायती राज प्रतिनिधि भीखम चंद्रवंशी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन करीब अंसारी तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चामा, दुलदुलवा और तीसरतेटुका पंचायत के बड़ी संख्या में झामुमो नेता कार्यकर्ता व ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद के साथ थाना प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद दल बल के साथ मौजूद रहे।

# गुमला के लायंस का कार्य सराहनीय : विवेक

**आठवीं बार सचिव बनाये गये अशोक जायसवाल**

**लायंस क्लब गुमला का पदस्थापना समारोह भव्य तरीके से मनाया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला का पदस्थापना समारोह भव्य तरीके से मनाया गया। स्थानीय लायंस भवन में इस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लाइंस विवेक चौधरी, पदस्थापना पदाधिकारी फस्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राहुल वर्मा मौजूद थे। वही बतौर विशिष्ट अतिथि प्रकाश सिंह ,लायंस क्लब रांची ग्रेटर के डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन धर्मेंद्र सिंह और राकेश चौधरी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विवेक चौधरी ने कहा कि गुमला के लायंस क्लब से उनका आत्मीय जुड़ाव है। वह क्लब की हर योजना को मूर्त रूप देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने क्लब के सदस्यों के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। हेमंत प्रसाद गुप्ता को लायंस क्लब की सदस्यता दिलाई गई। लायंस क्लब के बेहतर प्रदर्शन के लिए एकजुट होकर नए अध्यक्ष की अगुवाई में कार्य करने का संकल्प लिया गया। सत्र 2022-23 के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता को बनाया गया। वहीं सचिव एक बार फिर अशोक कुमार जायसवाल बने। कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद, प्रथम उपाध्यक्ष शंकरलाल जाजोदिया, पी आर ओ मुरली मनोहर प्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी बनवारी लाल अग्रवाल, मेंबरशिप चेयर पर्सन पवन कुमार अग्रवाल, क्लब सर्विस विशाल कुमार बिट्टू व मनमोहन केसरी, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर संजीव उर्वशी, शशी किरण जयसवाल, सरस्वती प्रसाद, विजयलक्ष्मी, किरण केसरी, सत्यभामा अग्रवाल को बनाया गया।

नयी समिति के गठन के बाद नवनिर्वाचित सचिव अशोक जायसवाल ने कहा कि लायंस क्लब गुमला की पहचान पूरे जिले में एक स्थान रखती है। गुमला के लोगों को क्लब से काफी उम्मीदें होती हैं। क्लब अच्छे कार्य को अंजाम देकर गुमला में अपनी पहचान बना चुका है । उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि क्लब के नाम को और रोशन करने के लिए हमेशा अच्छे कार्य करते रहें और एक साथ मिलकर एक नया आयाम स्थापित करें। मौके पर पवन कुमार अग्रवाल, अशोकानंद, पंकज कुमार गुप्ता, कुमार अग्रवाल, विशाल कुमार बिट्टू, दामोदर कसेरा, बृज किशोर अग्रवाल, मनमोहन केसरी, अंबिका लाल साहू, जगजीत सिंह, ओम प्रकाश साहू, पदम साबू, संतोष झा, शशी किरण जयसवाल, मनोरमा प्रसाद, सत्यभामा अग्रवाल, सरस्वती प्रसाद, रिचा गुप्ता, किरण केसरी , राजलक्ष्मी आनंद, सुषमा साहू, संगीता देवी, अनुराधा प्रसाद, राजलक्ष्मी लकड़ा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गुमला पुलिस ने रांची रेलवे स्टेशन से किया मानव तस्कर को गिरफ्तार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मानव तस्करी करने वाले एक शातिर अपराधी रोहित खेरवार को गुमला पुलिस ने रांची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। इस पर दर्जनों बच्चों को दिल्ली में बेचने का आरोप है। मानव तस्करी के खिलाफ गुमला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ और टीटीई के सहयोग से बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन में छापेमारी की। जिस में इस अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शातिर अपराधी रोहित खेरवार खूंटी जिला के खूंटी टोली गांव का रहने वाला है। गुमला थाना के अहातु थाना प्रभारी आकाश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि गुमला सिमडेगा और खूंटी जिला में दर्जनों बच्चों को बहला-फुसलाकर दिल्ली में बेचने का यह आरोपी है, और लंबे समय से पुलिस को इसकी तलाश थी। लेकिन लगातार यह अपना ठिकाना बदल रहा थ। बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर इस शातिर अपराधी को दबोच लिया गया। इसके खिलाफ गुमला खूंटी और दिल्ली में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## असंगठित कामगार के जिला अध्यक्ष ने श्रम मंत्री के समक्ष रखी मजदूरों की समस्याएं



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता से असंगठित कामगार कांग्रेस गुमला जिलाध्यक्ष मुख्तार आलम ने मुलाकात कर जिले के मजदूरों की कई अहम समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उनके साथ गुमला सेवादल महिला अध्यक्ष जसमनी लुगुन मौजूद थीं। इस मुलाकात का उद्देश्य मजदूरों, असहाय व्यक्तियों एवं संगठन की मजबूती के लिए विचार विमर्श करना था। मंत्री श्री भोक्ता ने कहा कि मजदूरों को होने वाली समस्याओं का जल्द से जल्द निदान किया जाएगा। उनका निबंधन प्रत्येक प्रखंड एवं पंचायत में कैंप लगाकर कराना है। मजदूरों का निबंधन होने से मजदूरों को मिलने वाला लाभ उन्हें मिल सकेगा।असंगठित कामगार के जिलाध्यक्ष मुख्तार आलम ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता को गुमला जिला में आने का आग्रह भी किया। मुख्तार आलम ने बताया कि कांग्रेस असंगठित कामगार के तहत मजदूरों की समस्याओं का निदान करना और पार्टी को मजबूत करने के लिए मंत्री श्री भोक्ता ने आश्वासन देते हुए कहा है कि झारखंड में असंगठित कामगार को मजबूत करने के लिए कमर कस कर मैदान में आएंगे। साथ ही सरकार द्वारा दी जाने वाली मजदूरों की सुविधा बहाल करने के लिए असंगठित कामगार हर स्तर पर काम कर रहा है।






















# किसानों को तोहफा: अल्पकालिक कृषि ऋण पर ब्याज में 1.5% की छूट



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए बड़ा एलान किया है। कैबिनेट की बैठक के बाद आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना परिव्यय को 50,000 करोड़ रुपये बढ़ाकर 5 लाख करोड़ रुपये किया। इस बात की जानकारी केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने तीन लाख रुपये तक के अल्पकालिक कृषि ऋण पर 1.5 प्रतिशत की ब्याज छूट को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम किसानों को पहले दिन से प्राथमिकता दे रहे हैं। किसानों को क्रेडिट कार्ड पर छोटी अवधि के लिए तीन लाख रुपये का कर्ज मिलता है। इस पर सात फीसदी की दर से ब्याज चुकाना होता है। अगर किसान सही समय पर इसका भुगतान करते हैं तो उन्हें तीन फीसदी की छूट मिलती है। यानी किसानों को मात्र चार फीसदी की दर से ही ब्याज देना होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छोटी-बड़ी और क्षेत्रीय-ग्रामीण जैसी अलग-अलग बैंकों की तरफ से किसानों को यह सुविधा मिलती है। मई 2020 में बैंकों को सरकार की ओर से दो फीसदी छूट की मदद मिलना बंद कर दी गई थी क्योंकि तब ब्याज दरें कम थीं। अब आरबीआई ने दो बार रेपो रेट में बढ़ोतरी की है। किसानों पर ब्याज दर का ज्यादा बोझ न पड़े या फिर जो बैंक किसानों को सात फीसदी की ब्याज दर से कर्ज देते हैं, उन पर बोझ न पड़े, इसके लिए सरकार ने यह फैसला किया है कि वह ब्याज दर में डेढ़ फीसदी की सहायता करेगी। यह मदद वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक रहेगी। किसानों को पहले की तरह सात फीसदी की दर से कर्ज मिलता रहेगा।

# भाजपा ने संसदीय बोर्ड से गडकरी और शिवराज को हटाया

**येदियुरप्पा, सोनोवाल को जगह, 15 सदस्यीय चुनाव समिति की भी घोषणा**

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भाजपा ने बुधवार को नये संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति का एलान किया है। 11 सदस्यों वाली संसदीय बोर्ड से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को हटा दिया गया है। शिवराज सिंह चौहान को 2013 में बोर्ड में शामिल किया गया था। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने 11 सदस्यों वाली संसदीय बोर्ड और 15 सदस्यों वाली केंद्रीय चुनाव समिति की सूची जारी की है। नये संसदीय बोर्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह के अलावा सवार्नंद सोनोवाल, बीएस येदियुरप्पा, के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और पार्टी सचिव बीएल संतोष को जगह मिली है। संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति में एक ड्टी मुख्यमंत्री को ड्टी जगह नहीं मिली है।

**15 सदस्यों की केंद्रीय चुनाव समिति:** इसके साथ ही भाजपा ने 15 सदस्यों की केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया है। इसमें पीएम मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह के अलावा बीएस येदियुरप्पा, के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, ड्टूपेंद्र यादव, देवेंद्र फडणवीस, ओम माथुर, बीएल संतोष और वनथी श्रीनिवास को जगह दी गयी है।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**